Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

## फरवरी - 2025

CURRENT AFFAIRS (February-2025)
PUBLISHER
MAHECHA PUBLICATION
PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026
E-mail: thenoteshub@gmail.com , Website: www.thenoteshub.com

The Notes Hub
+91 7300134518, +91 7610010054

MAHECHA
PUBLICATION

# विषय–सूची


| विषय वस्तु | पेज नं. |
|---|---|
| राजस्थान बजट | 3 – 10 |
| राजस्थान परिदृश्य | 11 – 25 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य | 26 – 37 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 38 – 50 |
| विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 51 – 55 |
| खेल | 56 – 60 |
| महत्वपूर्ण दिवस | 61 – 62 |
| टॉपर्स टॉक | 63 – 64 |


मूल्य : 30/- रुपये


© *All Rights Reserved By Publisher*

*नोटः–इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनःप्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम–से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान बजट

## राजस्थान ग्रीन बजट 2025-2026

- **वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट अनुमानों का संक्षिप्त विवरण -**
  - वर्ष 2030 तक 350 बिलियन $ राजस्थान की अर्थव्यवस्था हासिल करने का लक्ष्य।
  - राजस्व प्राप्तियाँ = रु. 294536 करोड़
  - राजस्व व्यय = रु. 325545 करोड़
  - राजस्व घाटा = रु. 31009 करोड़
  - राजकोषीय घाटा = रु. 84643 करोड़

### राजस्थान बजट 2025-26 के क्षेत्र

1. कृषि क्षेत्र
2. उद्योग क्षेत्र
3. सामाजिक सुरक्षा
4. सुशासन क्षेत्र
5. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
6. युवा विकास एवं कल्याण
7. पर्यटन, कला एवं संस्कृति
8. ऊर्जा क्षेत्र
9. नियोजित विकास एवं नागरिक सुविधाएँ
10. कानून व्यवस्था
11. सड़क सुरक्षा क्षेत्र
12. पशुपालन क्षेत्र
13. ग्रीन बजट विशेष

**नोटः-**

- आर्थिक विकास व पर्यावरण संरक्षण दोनों को संतुलित रखने के लिए फिनलैंड, नार्वे, जर्मनी, यू.के. ग्रीन बजट पेश करते है।
- यूरोपियन यूनियन ने ''ग्रीन डील'' और 2020 से ''ग्रीन टैक्सोनोमी रेगुलेशन'' लागु किया है।
- राज्य सरकार द्वारा प्रथम ग्रीन बजट 2025-26 जारी किया गया।
- GREEN का पूरा नाम -
  - ✓ G - गति
  - ✓ R - रूरल डवलपमेंट
  - ✓ E - एन्टरप्रयोंरशिप
  - ✓ E - एनर्जी
  - ✓ N - न्यू डाइमेंसन्स




### कृषि क्षेत्र

- ERCP कॉरपोरेशन की जगह ''राजस्थान वाटर ग्रिड कॉरपोरेशन'' की स्थापना की जाएगी।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि रु. 1000 की वृद्धि करके अब प्रतिवर्ष रु. 9000 की गई।
- गेहूँ के लिए "MSP" (न्यूनतम समर्थन मूल्य) से ऊपर प्रति क्विंटल 150 रु. बोनस।
- एग्रोफूड पार्क - सांचौर, जालौर
- मिनी एग्रो पार्क - अनुपगढ़, श्री गंगानगर
  - ✓ लहसून CoE (उत्कृष्टता केन्द्र) - बारां
  - ✓ शहद/मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र - भरतपुर
  - ✓ मक्का CoE (उत्कृष्टता केन्द्र) - बांसवाड़ा
- Nano यूरिया/Nano DAP के लिए रु. 2500 प्रति हेक्टेयर सब्सिडी।
- Global Rajasthan Agri-Tech मीट (GRAM) का आयोजन किया जाएगा।
- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 2 लाख 50 हजार पशुपालकों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।
- 10 लाख भूमिहीन कृषको को रु. 5000 कृषि यंत्र व उपकरण खरीद हेतु दिये जाएँगे।
- क्रय विक्रय सहकारी संघों की 8 नए जिलों में स्थापना की जाएगी।

## उद्योग क्षेत्र

- Single-One Stop Window Shop (SWOSS) - 149 Online अनुमति सुविधा।
- निवेशको को लुभाने हेतु छोटी खदान लाइसेंस फीस 5000 से घटाकर 3000 रूपये कर दी गई है।
- राजस्थान लॉजिस्टिक्स नीति, 2025 के तहत् ''वेयरहाऊस को उद्योग का दर्जा'' दिये जाने की घोषणा की गई।
- वैश्विक क्षमता केन्द्र नीति के तहत् (GCC) सेवा क्षेत्र, निवेश, रोजगार सृजन में वृद्धि होगी।
- **सिरेमिक पार्क** – सोनियाणा (चितौड़गढ़)
- **खिलौना पार्क** – कोटा
- **स्टोनपार्क** – निंबाहेड़ा (चितौड़गढ), बूंदी
- **फार्मापार्क** – DMIC (दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) के तहत् स्थापित किये जाने की घोषणा की गई।
- सांगानेर, जयपुर – ''ब्लॉक प्रिंटिग जोन''
- फ्लैटेड फेक्टरी व्यवस्था लागू (बिचून, जयपुर, भिवाड़ी, खैरथल-तिजारा)- निवेशको को संस्थान स्थापित करने में सहयोग देने हेतु।

## सामाजिक सुरक्षा

- सभी श्रेणियों में सामान्य सुरक्षा पेंशन योजना की राशि रु. 1250 की घोषणा की गई।
- उचित मूल्य की दूकानों पर 5000 अन्नपूर्णा भण्डार स्थापित किये जाने की घोषणा की गई।
- **स्वयं सिद्धा आश्रम** - 10 जिलों में 50 बेड की क्षमता
- दादू दयाल घुमंतु सशक्तीकरण योजना, घुमंतु समुदायों के सशक्तीकरण हेतु रु. 60 करोड़ व्यय किये जाएँगे।
- माटी कला के 2000 कलाकारों को इलेक्ट्रीक चाक व मशीनें प्रदान की जाएगी।
- गिग और असंगठित श्रमिक विकास निधि हेतु रु. 350 करोड़ व्यय किये जाएँगे।
- 4 देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय तथा 16 सोनिया बाई फूले छात्रावास स्थापित किए जाएँगे।
- संभाग मुख्यालयों पर 50 बेडयुक्त **''सरस्वती हाफ वे होम''** स्थापित किए जाएँगे।
- 10 जिला मुख्यालयों पर ''गर्ल्स चाइल्ड केयर संस्थानों'' की स्थापना की जाएगी।
- 20 लाख लखपति दीदी को लाभान्वित किया जाएगा।
- राजस्थान महिला निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड को ''गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान'' बनाया जाएगा।
- **मुख्यमंत्री अमृता आहार योजना** के तहत् अब बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर दूध 3 दिन की बजाय 5 दिन उपलब्ध करवाये जाने की घोषणा की गई।

## सुशासन

- ''अटल ज्ञान केन्द्र'' की स्थापना प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर की जाएगी जिनकी आबादी 3000 से अधिक हो।
- अंबेडकर संवैधानिक अध्ययन एवं शोध संस्थान की स्थाना जयपुर में की जाएगी।
- न्यायिक दृष्टिकोण के विस्तार हेतु लोक-विश्वास अधि नियम लाया जाएगा।
- विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाओं का ऑनलाइन माध्यम से निर्बाध उपलब्धीकरण हेतु **''आपदा रिकवरी डाटा सेंटर''** की स्थापना जोधपुर में की जाएगी।
- सीमांत प्रौद्योगिकियों से संबंधित शोध एवं विकास हेतु ''ब्रह्मगुप्त सीमांत प्रौद्योगिकी केन्द्र'' स्थापना की जाएगी।
- **''लघु सचिवालय''** कोटा में स्थापित किया जाएगा।
- MLA LAD योजना के तहत् विधायक जनसुनवाई केन्द्रों की स्थापना हेतु रु. 10 लाख का प्रावधान किया गया है।
- अग्निवीरों के लिए राज्य सरकार ने निम्न भर्ती सेवाओं में आरक्षण प्रदान किये जाने की घोषणा की है।
  - राजस्थान पुलिस
  - जेल विभाग
  - वनरक्षक
  - अग्निशमन भर्ती सेवाएं

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

- MAA कोष (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना)
  - 3500 करोड़
  - MAA योजना के तहत् अंतरराज्यीय पोर्टेबिलिटी जेरिएट्रिक केयर, ओरल कैंसर, आयुष पैकेज, विशेष रूप से सक्षम लोगों के लिए पैकेज।
  - अंतर्राष्ट्रीय पोर्टेबिलिटि लागू करके प्रदेश के बाहर भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।
  - आयु - 70 वर्ष से अधिक वाले वृद्धजन को भी शामिल किया जायेगा।
- MAA नेत्र वाउचर योजना (NVY) के तहत् 75 करोड़ रुपये के व्यय से ''ट्रक ड्राइवरों एवं कामगार वर्गों की नि:शुल्क नेत्र जांच करके चश्में उपलब्ध करवाए जाएगे।
- संभागीय मुख्यालयों में जिला अस्पतालों पर ''अल्ट्रा एडवांस बर्न केयर सेंटर'' स्थापित किए जाएँगे।
- RIMS, जयपुर के अंतर्गत ''जेरिएट्रिक हेल्थकेयर रिसोर्स एण्ड ट्रेनिंग सेंटर'' की स्थापना की जाएगी।

- संभागीय मुख्यालयों पर जिला अस्पतालों में समर्पित जेरिएट्रिक सेंटर (रामाश्रय) जराचिकित्सा या बुजुर्गों के लिए चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी।
- 'फिट इंडिया' की तर्ज पर 'फिट राजस्थान अभियान' की शुरूआत की जाएगी (50 करोड़ रुपये)।
- पूर्णत: निरोगी गाँवों को **आयुष्मान आदर्श ग्राम** का दर्जा दिए जाने की घोषणा की गई।
- **खाद्य प्रयोगशालाएँ** – हनुमानगढ़, सवाई माधोपुर, जैसलमेर, पाली, सिरोही, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर।

## युवा विकास एवं कल्याण

- राजस्थान रोजगार नीति – 2025 के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विवेकानंद रोजगार सहायता कोष (रु. 500 करोड़) की घोषणा की गई।
- संभाग मुख्यालय पर उन्नत कौशल एवं कैरियर परामर्श केंद्र स्थापित किए जाएँगे।
- विश्वकर्मा कौशल संस्थान की स्थापना कोटा में की जाएगी।
- बालिका सैनिक स्कूलों की स्थापना अलवर, बीकानेर, जयपुर, जैसेलमेर एवं कोटा में की जाएगी।
- 1500 स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब खोले जाएँगे।
- **डिजिटल प्लेनेटेरियम** – अलवर, अजमेर और बीकानेर।
- भरतपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर के विज्ञान केंद्रों में इनोवेशन हब।
- 5000 से अधिक आबादी वाली 3500 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम और खेल मैदानों की स्थापना की जाएगी।
- कोटा, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर और अजमेर संभागों में पैरा स्पोर्ट्स के लिए विशेष खेल परिसर।
- SMS स्टेडियम, **जयपुर में "बैडमिंटन अकादमी"**, एवं **उदयपुर में "लैक्रोस अकादमी"** की स्थापना की जाएगी।
- जयपुर में अवासीय सुविधा के साथ शूटिंग रेंज की स्थापना की जाएगी।
- चित्रकूट, विद्याद्यर नगर स्टेडियम-जयपुर, हनुमानगढ़, नागौर, नीम का थाना में सिंथेटिक ट्रैक और 5 जिलों में बॉक्सिंग रिंग।
- **युवा साथी केंद्रों** की स्थापना कोटा, जोधपुर, जयपुर और सीकर में की जाएगी। जिनका उद्देश्य युवाओं को आत्महत्या की बजाय समस्या समाधान हेतु परामर्श दिए जाएँगे।

## पर्यटन, कला एवं संस्कृति

- हेरिटेज पर्यटन हेतु 10 प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों का विकास किया जायेगा।
- शेखावाटी क्षेत्र में शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना की घोषणा की गई।
- बीकानेर में लोक कलाकारो के उन्नयन हेतु **'गवरी देवी कला केंद्र'** स्थापित किया जायेगा।
- **'ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट'** की स्थापना की जाएगी जिसमें त्रिपुरा सुंदरी, बेणेश्वर धाम, सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, मानगढ़, गोतमेश्वर, मातृकुंडिया।
- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत् 50,000 तीर्थयात्रियों के लिए AC ट्रेन की सुविधा की जाएगी।
- गोविंददेव जी कला महोत्सव, जयपुर स्थापना की 300वीं वर्षगाँठ के अवसर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
- कोटा हवाई अड्डे के पास एयरो सिटी स्थापित की जाएगी।
- **उड़ान प्रशिक्षण संगठन** – प्रतापगढ़, झालावाड़, झुंझुनू में।
- जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बस सेवा।

## सड़क सुरक्षा

- 25 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की घोषणा की गई।
- राज्य में **'जीरो एक्सीडेंट जोन'** का विकास निम्न हाइवे पर किया जायेगा।
  1. दिल्ली-जयपुर, 2. जयपुर-आगरा 3. जयपुर-कोटा
- जयपुर शहर में BRTS (बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को हटाया जाएगा।
- सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र से अंबाबाड़ी ओर विद्याधर नगर (टोडी मोड़) तक 12000 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर मेट्रो का कार्य, जगतपुरा और वैशाली नगर क्षेत्र के लिए डीपीआर।
- मंडल मुख्यालयों के लिए व्यापक गतिशीलता योजना।
- जीसीसी मॉडल पर रोडवेज के लिए 500 बसें एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 500 बसों की व्यवस्था की जाएगी।

## ऊर्जा

- वर्ष 2025-26 में 6400 मेगावाट का अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा।
- निजी क्षेत्र के माध्यम से 10 गीगावाट ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा।

- सौर संयंत्र स्थापित करने हेतु 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान।
- निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए सामुदायिक सौर संयंत्र स्थापित किए जाएँगे।

## नियोजित विकास और नागरिक सुविधाएँ

- डांग, मगरा, मेवात और बृज क्षेत्र विकास योजना रु. 100-100 करोड़ का व्यय किया जाएगा।
- **मुख्यमंत्री थार क्षेत्र सीमा विकास कार्यक्रम** के तहत् अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे परिवारों के लिए रु. 150 करोड़ की राशि से आधारभूत सुविधाएँ विकसित की जाएगी।
- गुरु गोवलवकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत् 35 नए ब्लॉक स्थापित किए जाएँगे।
- 500 नये पिंक टॉयलेट स्थापित किए जाएँगे।

## कानून व्यवस्था

- सरदार पटेल साइबर नियंत्रण एवं युद्ध कक्ष केंद्र की स्थापना हेतु 350 करोड़ रुपये का व्यय किया जाएगा।
- 7 केंद्रीय कारागारों में T-HCBS (टावर ऑफ हार्मोनी कॉल ब्लॉकिंग सिस्टम) प्रणाली अवैध कॉल को रोकने के लिए स्थापित की जाएगी।
- शाहपुरा-जयपुर और रींगस-सीकर में अतिरिक्त एसपी कार्यालय खोले जाएगे।
- रायपुर-ब्यावर, खाटूश्यामजी-सीकर में डिप्टी एसपी कार्यालय खोले जाएगे।
- 8 नए साइबर पुलिस स्टेशन खोले जाएँगे।

## पशुपालन

- मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में बीमित पशुपालको की संख्या दोगुनी की जाएगी।
- पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के तहत् दवाओं और टीकाकरण की संख्या में 200 तक की वृद्धि की जाएगी।
- **नवीन दुग्ध संयंत्र** अलवर, उदयपुर, बांसवाड़ा, भरतपुर, सवाई माधोपुर में स्थापित किए जाएँगे।
- **'पशु कृत्रिम अंग केंद्र' की** स्थापना सांगानेर, जयपुर में की जाएगी।
- गोशालाओं व नंदीशालाओं में प्रति पशु अनुदान 50 रुपये प्रतिदिन किया गया है।
- बस्सी, जयपुर में **सेक्स सॉर्टेड सीमन लैब** की स्थापना की जाएगी।

## प्रथम ग्रीन बजट विशेष

- जलवायु परिवर्तन के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत 10 करोड़ पौधे लगाए जाएँगे।
- वन के बाहर वृक्ष (ToFR) नीति और कृषि वानिकी नीति के तहत् 10 करोड़ वृक्षारोपण किया जाएगा।
- पालीघाट (सवाई माधोपुर) में घड़ियाल रियरिंग सेंटर खोला जाएगा।
- अमरख महादेव-उदयपुर, गंगा भैरव घाटी-अजमेर में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व तथा बीड़ पापड़ क्षेत्र (नाहरगढ़ जयपुर) में लेपर्ड सफारी शुरू की जाएगी।
- विकसित राजस्थान @2047 जीआईएस आधारित हरित भूमि उपयोग परिप्रेक्ष्य योजना की शुरूआत की जायेगी।
- राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी प्रोत्साहन योजना-2025
  - Recycling/Reuse के क्षेत्र R&D के लिए 2 करोड़ रुपये तक अनुदान दिया जायेगा।
  - सर्कुलर इकोनॉमी के क्षेत्र में MSMEs तथा स्टार्टअप को विभिन्न योजनाओं में दिये जा रहे ऋण अनुदान में 0.5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जायेगी।
- ग्राम पंचायतों में स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाने के लिए **'बर्तन बैंक'** की स्थापना की जाएगी जिसका मुख्य उद्देश्य गाँवों में प्लास्टिक के उपयोग को रोकना है।
- स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी विकास केंद्र की स्थापना हेतु रु. 250 करोड़ व्यय किए जाएँगे।
- विभिन्न शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ और हरित-इको सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा, रु. 900 करोड़।
- हरित लेखा परीक्षा का प्रावधान एवं सतत विकास लक्ष्य समन्वय एवं त्वरण केन्द्र स्थापित किए जाएगे।
- ग्रीन बजट 2025-26 में निम्नलिखित 10 बिन्दुओं पर विशेष फोकस किया गया है।
  1. जलवायु परिवर्तन अनुकूलन
  2. वन और पर्यावरण - जैव विविधता/पारिस्थितिकी
  3. सतत् कृषि, जल संचयन/पुनर्भरण
  4. सतत् भूमि उपयोग
  5. हरित ऊर्जा
  6. पुनर्चक्रण और अपशिष्ट निपटान - सर्कुलर इकोनॉमी
  7. स्वच्छ प्रौद्योगिकी विकास
  8. ग्रीन ऑडिट
  9. क्षमता निर्माण - शिक्षा, कौशल
  10. ग्रीन फंडिंग

# अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न राजस्थान बजट 2025-26

**1. बजट घोषणा 2025-26 में राज्य की अनुमानित GSDP कितनी रह सकती है?**

[a] 18 लाख 89 हजार करोड़

**[b] 19 लाख 89 हजार करोड़**

[c] 20 लाख 89 हजार करोड़

[d] 21 लाख 89 हजार करोड़

**2. बजट 2025-26 में ''जल जीवन योजना'' की समयावधि कब तक बढ़ाए जाने की घोषणा की गई है?**

[a] 2027 **[b] 2028**

[c] 2029 [d] 2030

**3. Rising Rajasthan Global Investment Summit के संदर्भ में सत्य कथनों की पहचान कीजिए?**

[A] विदेशी निवेशकों ने राजस्थान सरकार के साथ 35 लाख करोड़ के MoU किए हैं।

[B] सर्वाधिक MoU सड़क परिवहन क्षेत्र में हुए है।

[a] दोनों कथन सत्य है।

[b] केवल कथन B सत्य है।

**[c] केवल कथन A सत्य है।**

[d] इनमें से कोई नहीं।

**4. मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को सोलर प्लांट लगाते हुए अब कितने यूनिट्स मुफ्त बिजली की बजट (2025-26) में घोषणा की गई है?**

[a] 100 यूनिट **[b] 150 यूनिट**

[c] 170 यूनिट [d] 200 यूनिट

**5. बजट घोषणा 2025-26 में ''ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट'' (100 करोड़ रूपये) विकसित करने की घोषणा निम्न में से किन-किन स्थानों पर हुई हैं?**

**[a] त्रिपूरा सुंदरी, मानगढ़धाम, बेणेश्वरधाम**

[b] ऋषभदेव, मांउट आबू, मातृकूण्डिया

[c] मानगढ़ धााम, सीतामाता अभयारण्य, माउंट आबू

[d] बेणेश्वर धाम, त्रिपुरा सुंदरी, माउंट आबू

**6. बजट 2025-26 में लोकगायकों एवं संगीतकारो हेतु किस जिले में ''गवरी देवी कला केन्द्र'' की स्थापना की जाएगी?**

[a] उदयपुर [b] पाली

**[c] बीकानेर** [d] जैसलमेर

**7. बजट 2025-26 में लोकदेवता हड़बूजी का पैनोरमा कहाँ बनाए जाने की घोषणा की गयी है?**

[a] बेंगटी, जोधपुर **[b] बेंगटी, फलौदी**

[c] मालाजाल, जोधपुर [d] रामड़ावास, जोधपुर

**8. बजट 2025-26 में राजस्थान रोजगार नीति, 2025 के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु ''विवेकानन्द रोजगार सहायता कोष'' हेतु कितनी राशि की घोषणा की गई है?**

**[a] 500 करोड़**

[b] 1000 करोड़

[c] 750 करोड़

[d] 1500 करोड़

**9. बजट घोषणा 2025-26 में निम्नलिखित में से किन जिलों में ''बालिका सैनिक स्कूल'' की स्थापना की जाएगी?**

[a] अलवर, भरतपुर, बूंदी

**[b] जयपुर, जैसलमेर, बीकानेर**

[c] कोटा, भरतपुर, बीकानेर

[d] बूंदी, कोटा, अलवर

**10. बजट घोषणा 2025-26 में गठित MAA (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना) कोष (3500 करोड़) का मुख्य उद्देश्य है?**

[a] गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क वित्तीय सहायता।

[b] आंगनवाड़ी केन्द्रों पर दूध व पोषाहार व्यवस्था करना।

**[c] आमजन की नि:शुल्क जाँच एवं दवा हेतु।**

[d] माताओं के सम्मान व गरिमामयी जीवन हेतु।

**11. बजट घोषणा 2025-26 में (MAA-NVY) ''माँ नेत्र वाउचर योजना'' का सम्बन्ध किससे है?**

[a] 75 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की आँखों की जाँच।

[b] मातृत्व लाभ हेतु नेत्र उपचार करना।

**[c] ट्रक/ड्राइवरों, कामगार वर्गो की आँखो की जाँच करके नि:शुल्क चश्में उपलब्ध करवाना।**

[d] गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क नेत्र जाँच करना।

**12. बजट घोषणा 2025-26 में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतु समुदायों के सशक्तीकरण हेतु निम्न में से कौनसी योजना की घोषणा की गई है?**

[a] दीनदयाल उपाध्याय घुमंतु सशक्तीकरण योजना

**[b] दादूदयाल घुमंतु सशक्तीकरण योजना**

[c] बंजारा घुमंतु सशक्तीकरण योजना

[d] माणिक्य लाल वर्मा घुमंतु सशक्तीकरण योजना

**13. बजट घोषणा 2025-26 में कानून व्यवस्था के सुदृढीकरण हेतु ''SMART पुलिसिंग'' का उल्लेख हुआ जिसका अर्थ है?**

**[a] Strategic Meticulous Adaptable Reliable Transparent**

[b] Strategic Model Application Responce Trainning

[c] Strategic Man Applied Realibility Task

[d] Strategic Making Adopted Rain Tour

**14. ''मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना'' के तहत् आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सप्ताह में कितने दिन दूध उपलब्ध करवाये जाने की घोषणा की गई है?**

[a] 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को 3 दिन

[b] 4-6 वर्ष तक के बच्चों को 5 दिन

**[c] 3-6 वर्ष तक के बच्चों को 5 दिन**

[d] 4-6 वर्ष तक के बच्चों को 4 दिन

**15. सरदार पटेल "Centre For Cyber Control and War-Room" की स्थापना हेतु कितना व्यय किया जाएगा?**

[a] 250 करोड़ **[b] 350 करोड़**

[c] 450 करोड़ [d] 500 करोड़

**16. विभिन्न विभागों की सेवाओं के Online माध्यम से निर्बाध उपलब्धीकरण हेतु ''डिजास्टर रिकवरी डेटा सेन्टर'' कहाँ स्थापित किया जाएगा?**

[a] जयपुर [b] उदयपुर

**[c] जोधपुर** [d] बीकानेर

**17. अग्निवीरों को निम्नलिखित में से किस विभाग की सेवाओं में आरक्षण दिए जाने की व्यवस्था की जायेगी?**

[a] वन विभाग [b] पुलिस, जेल विभाग

[c] अग्निशमन सेवाएँ **[d] उपर्युक्त सभी**

**18. सुशासन में पंचायतीराज एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में कितने प्रतिशत वृद्धि की जाएगी?**

[a] 15% **[b] 10%**

[c] 20% [d] 25%

**19. बजट घोषणा 2025-26 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि में वृद्धि पश्चात् अब कितनी राशि प्रतिवर्ष मिलेगी?**

[a] 8,000 रु. प्रतिवर्ष [b] 6,000 रु. प्रतिवर्ष

**[c] 9,000 रु. प्रतिवर्ष** [d] 1,000 रु. प्रतिवर्ष

**20. बजट 2025-26 जो कि राज्य सरकार का प्रथम GREEN बजट है जिसमें 'R' का क्या अर्थ है?**

**[a] रूरल डवलपमेंट** [b] रिएलाइजिंग

[c] रूट [d] रीडिंग

**21. निम्नलिखित कथनों में से सत्य कथन की पहचान कीजिए?**

A. शहद उत्कृष्टता केन्द्र 1. धौलपुर

B. लहसून उत्कृष्टता केन्द्र 2. भरतपुर

**C. मक्का उत्कृष्टता केन्द्र 3. झालावाड़**

D. आम उत्कृष्टता केन्द्र 4. बारां

**22. बजट घोषणा 2025-26 में ''अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ कॉन्सटीटयूशनल स्टडीज एंड रिसर्च'' की स्थापना कहाँ की जाएगी?**

**[a] जयपुर** [b] जोधपुर

[c] उदयपुर [d] जयपुर, जोधपुर

**23. बजट 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक उपयोग से निजात हेतु किस नवाचारी पहल की घोषणा की गई है?**

[a] प्लास्टिक प्रतिबंधित कार्यक्रम

[b] बर्तन बनाकर बेचना

**[c] बर्तन बैंक बनाना**

[d] कपड़े के बैग का उपयोग

**24. बजट 2025-26 में ''विश्वकर्मा कौशल संस्थान'' कहाँ स्थापित किया जाना प्रस्तावित है?**

[a] बाड़मेर [b] जोधपुर

[c] जयपुर **[d] कोटा**

**25. बजट घोषणा 2025-26 में अनुसार निम्नलिखित कथनों को सुमेलित कीजिए?**

A. स्टोन-पार्क 1. कोटा
B. सिरेमिक पार्क 2. बूंदी
C. ब्लॉक प्रिंटिंग जोन 3. चित्तौड़गढ़
D. खिलौना पार्क 4. जयपुर
उत्तर - (A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 1

**26. बजट 2025-26 में क्रमशः बैडमिंटन एवं लैक्रोस अकादमी कहाँ बनाये जाने की घोषणा की गई है?**
[a] उदयपुर, जयपुर **[b] जयपुर, उदयपुर**
[c] जोधपुर, जयपुर [d] उदयपुर, जोधपुर

**27. बजट 2025-26 में कितने मेगावाट की अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन की घोषणा की गई है?**
**[a] 6,400 MW** [b] 7,500 MW
[c] 5,000 MW [d] 6,600 MW

**28. बजट 2025-26 में निम्न में से किन जिलों में ''युवा साथी केन्द्र'' खोले जाने की घोषणा की गई है?**
[a] कोटा, जोधपुर, सीकर, उदयपुर
**[b] जयपुर, जोधपुर, सीकर, कोटा**
[c] उदयपुर, सीकर, कोटा, बाड़मेर
[d] बाड़मेर, कोटा, सीकर, जयपुर

**29. बजट 2025-26 में ''मुख्यमंत्री थार क्षेत्र सीमा विकास कार्यक्रम'' में कितनी राशि का परिव्यय किये जाने की घोषणा की गई?**
[a] 200 करोड़ **[b] 150 करोड़**
[c] 250 करोड [d] 300 करोड़

**30. बजट 2025-26 में ''सेक्स सॉर्टेड सीमन लैब'' को कहाँ बनाए जाने की घोषणा की गई है।**
[a] हरमाड़ा, जयपुर [b] कालवाड़, जयपुर
[c] सांगानेर, जयपुर **[d] बस्सी, जयपुर**

**31. बजट 2025-26 में ''बीड़ पापड़ क्षेत्र'' में लेपर्ड सफारी की घोषणा की गई। यह क्षेत्र किस जिले में स्थित है?**
[a] झुंझुनू [b] अजमेर
[c] उदयपुर **[d] जयपुर**

**32. बजट 2025-26 जो कि प्रथम ग्रीन बजट है जिसमें निम्न में से किन-किन क्षेत्रों पर फोक्स किया जाएगा?**
[a] हरित ऊर्जा [b] ग्रीन फंडिंग
[c] स्वच्छ प्रौद्योगिकी विकास **[d] उपर्युक्त सभी**

**33. बजट 2025-26 में वार्षिक वित्तीय ''राजस्व व राजकोषीय घाटा क्रमशः कितना रहने का अनुमान है?**
**[a] रु. 31009 करोड़, रु. 84643 करोड़**
[b] रु. 31008 करोड़, रु. 84644 करोड़
[c] रु. 38000 करोड़, रु. 88644 करोड़
[d] रु. 38009 करोड़, रु. 88009 करोड़

**34. बजट 2025-26 में कारागृहों पर नियंत्रण हेतु कोनसा सिस्टम लगाए जाने की घोषणा की गई?**
**[a] T-HCBS** [b] T-HCCB
[c] T-HBCS [d] T-HCBC

**35. बजट 2025-26 में ''सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइनस एण्ड मिनरल्स'' कहाँ स्थापित किये जाने की घोषणा की गई है?**
[a] उदयपुर [b] जोधपुर
**[c] जयपुर** [d] भरतपुर

**36. बजट 2025-26 में ''घड़ियाल संरक्षण की दृष्टि से'' किस जिले में ''रियरिंग सेंटर'' स्थापित किये जाने की घोषणा की गई है?**
[a] खेमरी, धौलपुर
[b] रामगंज, कोटा
**[c] पालीघाट, सवाई माधोपुर**
[d] अमरख, उदयपुर

**37. बजट घोषणा 2025-26 में ''मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत् प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुपालकों की संख्या कितनी की जाएगी?**
[a] तीनगुना **[b] दोगुना**
[c] चारगुना [d] उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38. बजट 2025-26 में निम्न में से किन जिलों में ''वैदिक गुरूकुल एवं वैदिक पर्यटन केन्द्रों'' की स्थापना की जाएगी?**
[a] भरतपुर, जयपुर, सीकर
[b] बाड़मेर, जैसलमेर, जयपुर
[c] सीकर, झुंझुनू, चूरू
**[d] जयपुर, जोधपुर, उदयपुर**

**39. बजट 2025-26 के अनुसार राजस्थान बाजरा (श्री अन्न) के उत्पादन में देशभर में कोनसे स्थान पर है?**

[a] द्वितीय **[b] प्रथम**
[c] चतुर्थ [d] तृतीय

**40. बजट 2025-26 में ''राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी इनिशिएटिव नीति-2025'' के तहत् असत्य कथनों का चुनाव करे?**
[A] रिसाइकिल के क्षेत्र में रिसर्च एण्ड डवलपमेंट के लिए 3 करोड़ रूपये तक का अनुदान दिया जायेगा।
[B] सर्कुलर इकोनॉमी के क्षेत्र में कार्यरत MSMEs तथा स्टार्टअप को विभिन्न योजनाओं में दिए जा रहे ऋण अनुदान में 0.5% की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी।
**[a] केवल A असत्य है।**
[b] केवल B असत्य है।
[c] A व B दोनों असत्य है।
[d] इनमें से कोई नही।

**41. बजट 2025-26 में किस पॉलिसी के तहत् ''वेयरहाऊस को उद्योग का दर्जा'' दिये जाने की घोषणा की गई है?**
[a] राजस्थान इनवेसटमेंट पॉलिसी, 2022
**[b] राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी, 2025**
[c] राजस्थान रोजगार नीति, 2025
[d] राजस्थान लघु उद्योग प्रोत्साहन नीति, 2024

**42. बजट 2025-26 में ''सेन्टर फॉर एडवांस्ड स्कीलिंग एण्ड केरियर काउंसलिंग'' की स्थापना की घोषणा की गई है?**
[a] प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर
[b] प्रत्येक जिला स्तर पर
**[c] प्रत्येक संभाग स्तर पर**
[d] प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर

**43. बजट 2025-26 में ''महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना'' में विवाह सहायता राशि बढ़ाकर कितनी किए जाने की घोषणा हुई है?**
[a] रु. 50,000 **[b] रु. 75,000**
[c] रु. 80,000 [d] रु. 60,000

**44. बजट 2025-26 में ''रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रों'' की स्थापना की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य क्या है?**
[a] रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर चर्चा करना।
[b] आंगनवाड़ी केन्द्रों का उन्नयन करना।
[c] बालिकाओं को विशेष तकनीकी शिक्षा प्रदान करना।
**[d] छात्राओं में आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं स्वाभिमान जागृत करना।**

**45. बजट 2025-26 में ''कालीबाई योजना' के अंतर्गत कितनी स्कूटी वितरण की घोषणा की गई है?**
[a] 21,000 [b] 31,000
**[c] 35,000** [d] 33,000

**46. बजट 2025-26 में अटल ज्ञान केन्द्रों की स्थापना करने की घोषणा की गई है?**
[a] प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर
[b] प्रत्येक जिला मुख्यालय पर
[c] प्रत्येक संभाग स्तर पर
**[d] प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर**

**47. बजट 2025-26 में ''माॅ-बाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनी, शिशु पालन गृह कार्यकर्ताओं के मानदेय में कितनी वृद्धि की घोषणा की गई है?**
[a] 5% **[b] 10%**
[c] 15% [d] 20%

**48. बजट 2025-26 में कितने जिलों में ''क्रय-विक्रय सहकारी संघो'' की स्थापना की जानी प्रस्तावित है?**
[a] 6 जिलों में **[b] 8 जिलों में**
[c] 9 जिलों में [d] 10 जिलों में

**49. बजट 2025-26 में उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ वेटेनरी साइंसेज'' किसे विकसित किये जाने की घोषणा की गई है।**
[a] पॉलीक्लिनिक, हरमाड़ा-जयपुर
[b] पॉलीक्लिनिक, बोरनाडा-जोधपुर
**[c] पॉलीक्लिनिक, पाँचबत्ती-जयपुर**
[d] पॉलीक्लिनिक, मेनार-उदयपुर

**50. बजट 2025-26 में ''मातृ शिशु स्वास्थ्य विंग'' की स्थापना किये जाने की घोषणा कहाँ की गई है?**
[a] जयपुर [b] जोधपुर
**[c] भरतपुर** [d] सीकर

# 02 राजस्थान परिदृश्य

## चर्चित व्यक्तित्व

### द्रौपदी मीणा

- निवासी – दौसा
- "लाख कला" में उत्कृष्ट योगदान हेतु "इण्डिया वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस" में नाम दर्ज।
- वेस्ट मैटेरियल से लाख की चूड़ियाँ एवं पेंटिंग्स बनाई।
- भूपेन हजारिका अवॉर्ड (2024) – विजेता

### आचार्य श्री विद्यासागर महाराज

- केन्द्र सरकार द्वारा प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर 100 रुपये का सिक्का जारी किया गया।



- **जन्मस्थान** – कर्नाटक
- **दीक्षास्थली – अजमेर**
- **पैनोरमा** – अजमेर

### आरना साहनी

- इंदौर में आयोजित 86वीं जूनियर और कैडेट नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में U-11 गर्ल्स कैटेगरी में रजत पदक जीतने वाली राजस्थान की प्रथम महिला।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय

- 57वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का अयोजन जयपुर में।
- **पैनोरमा** – धानक्या गाँव, जयपुर

### श्री देवनारायण जी

- 4 फरवरी 2025 को "1113वीं जयंती" मनाई गई।
- भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं।
- इस दिन सभी राजकीय विद्यालयों में अवकाश रहा।
- जन्म – मालासेरी (आसींद, भीलवाड़ा)

### विजयसिंह पथिक

- हाल ही में 27 फरवरी को पथिक की 144वीं जयंती मनाई गयी। (जन्म – 27 फरवरी 1882)
- बिजौलिया किसान आन्दोलन के नायक रहे।




- वास्तविक नाम – भूपसिंह
- पथिक मूल रूप से बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश थे।

### डॉ. अरूण कुमार

- स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति।
- "लाइफ एचीवमेंट अवॉर्ड" से नवाजा गया।
- यह अवॉर्ड केरल के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने बिहार स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रदान किया।

### हरखचंद नाहटा

- 25वीं पुण्यतिथि की स्मृति में 25 रुपये का शुद्ध चाँदी का सिक्का जारी किया गया। (मुम्बई टकसाल द्वारा)
- बीकानेर के किसी व्यक्ति की याद में पहली बार सिक्का जारी किया गया।
- ख्यातिनाम समाजसेवी एवं उद्योगपति थे।
- 1990 से अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे।

### डूंगरसिंह सोढ़ा

- **निवासी** – बाड़मेर
- दुनिया की सबसे छोटी पवन चक्की की खोज एवं पैटेंट करवाया।
- सस्टेनेबल ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचारी कदम।
- पोर्टेबल पवन चक्की एक दिन में 10–12 यूनिट बिजली उत्पादन कर सकती है।

### गुलाब कोठारी

- राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक।
- नई दिल्ली में आयोजित "विश्व पुस्तक मेले" में इनकी दो पुस्तकों का विमोचन किया गया।
  1. स्त्री देह से आगे 2. बॉडी माइंड इंटोलेक्ट

### डॉ. एस. कपूर

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कपूर को ''दक्षिण एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री'' के रूप में नामित किया है।
- डॉ. कपूर ने निर्वाण विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित ''भारत- यूएसए न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण'' में भी भाग लिया था।

### जगदीप धनखड़

- भारत के 14वें उपराष्ट्रपति धनखड़ 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती कार्यक्रम राजभवन, जयपुर में सम्मिलित हुए।

### भगवान सुपार्श्वनाथ

- हाल ही में जयपुर में 'मोक्ष कल्याण समारोह' मनाया गया।

- *जैन धर्म के 7वें तीर्थंकर थे।*
- *जन्म – वाराणसी*
- *वंश – इक्ष्वाकु*
- *माता – पृथ्वी देवी*
- *पिता – प्रतिष्ठ*
- *निर्वाण – सम्मेद शिखर पर्वत*



### अनिका भार्गव

- **निवासी** – जयपुर
- 16 वर्षीय अनिका 'इंसान एवं एनीमल्स' को उनका हक दिलवाने के लिए क्रमश: 'अधिकार' और 'पेक्रे' (पेट एनीमल का सम्मानजनक अंतिम संस्कार) मुहिम चलाई।
- टोंक में चार आंगनवाड़ी केन्द्र गोद लिए जिसमें स्कूल एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का विस्तार करेगी।
- **अभियान** – ''स्टुडेंट्स फॉर ग्रास रूट एज्युकेशन डवलपमेंट'' भी चलाया।

### शंकरराम देवासी

- निवासी – बिलाड़ा (जोधपुर) हाल ही में निधन।
- नाडी, तालाबों की खुदाई व सफाई अभियानों हेतु स्वयं का जीवन समर्पित किया।
- 'जल संरक्षण' पर विशेष जोर दिया था।

### डॉ. महेन्द्र भानावत

- प्रख्यात लोककला विज्ञ भानावत का हाल ही में निधन हो गया है।
- भारतीय लोककला मंडल, उदयपुर के पूर्व निदेशक रहे।
- डॉ. भानावत कोमल कोठारी पुरस्कार विजेता भी थे।

***भारतीय लोककला मंडल***

- *स्थापना – 22 फरवरी 1952, देवीलाल सामर द्वारा।*
- *कार्य – यह एक सांस्कृतिक संस्था है जो राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश आदि की लोक कलाओं (विशेषत: कठपूतली), संस्कृति, गीतों, त्योहारों का अध्ययन करने तथा लोक कलाओं को बढ़ावा देते हैं।*

### देवर्षि कलानाथ शास्त्री

- संस्कृत साहित्य के शिखर पुरुष शास्त्री का हाल ही में निधन हो गया है।
- जन्म – 1936, जयपुर

***उपलब्धियाँ*** –

- वर्ष 1998 में संस्कृत साहित्य में उत्कृष्ट योगदान हेतु राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित।
- राज्य सरकार द्वारा ''संस्कृत साधना शिखर सम्मान'' से नवाजा गया।
- राजस्थान संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष रहे।
- राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में आधुनिक पीठ के अध्यक्ष रहे।
- मासिक संस्कृत पत्रिका ''भारती'' का संपादन किया।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल नीति, 2025

- **मंजूरी** – 5 फरवरी, 2025
- **उद्देश्य** – राजस्थान को परिधान के क्षेत्र में ''ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब'' बनाना।
- **लाभ** –
  - ✓ टैक्सटाइल क्षेत्र में सतत् एवं समग्र विकास।
  - ✓ रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार, निर्यात को प्रोत्साहन।

- ✓ वैश्विक स्तर पर स्थानीय वस्त्र उत्पादकों की दक्षता में सुधार।
- ✓ लगभग 40 हजार करोड़ के संभावित निवेश।

## राजस्थान डेटा सेंटर नीति, 2025

- **मंजूरी** – 5 फरवरी, 2025
- **उद्देश्य** – एक विश्व स्तरीय डेटा सेंटर का इको-सिस्टम विकसित करना।
- **प्रावधान** –
  - ✓ ब्याज अनुदान, भूमि संबंधी, फ्लेक्सिबल भुगतान सुविधा।
  - ✓ स्टाम्प ड्यूटी, भू-रूपांतरण, विद्युत शुल्क में छूट।
  - ✓ लगभग 20 हजार करोड़ के संभावित निवेश।

## राजस्थान लॉजिस्टिक नीति, 2025

- **मंजूरी** – 5 फरवरी, 2025
- **उद्देश्य** – औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ ''अबाध कनेक्टिविटी व लॉजिस्टिक लागत को कम करना।
- **प्रावधान** –
  - ✓ वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज आदि का निर्माण करना।
  - ✓ RIICO को आगामी क्षेत्रों में अधिकतम 10 एकड़ अथवा 10% आवंटन योग्य भूमि लॉजिस्टिक सुविधा हेतु आरक्षित की जाएगी।

## नई युवा नीति, 2025

- **मंजूरी** – 5 फरवरी, 2025
- **उद्देश्य** – युवाओं में गुणवतायुक्त शिक्षा कौशल संवर्द्धन विकसित करना।
- **विशेषता** – उभरती युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना।
- प्रथम युवा नीति, 2013 को जारी की गई थी।

## द राजस्थान युनिवर्सिटिज लॉज (संशोधन) बिल, 2025

- बजट 2024-25 में राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को अब 'कुलगुरु' कहा जाएगा।
- प्रतिकुलपतियों को अब 'प्रतिकुलगुरु' कहा जाएगा।

## किसान रजिस्ट्री शिविर

- **आयोजन** – 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक।
- **किसान रजिस्ट्री शिविर**
  - ✓ ग्राम पंचायत स्तर पर तीन दिवसीय शिविर का आयोजन।
  - ✓ किसानों को 11 अंकों की फॉर्मर यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी।
- **'एग्री स्टैक योजना' के तहत् किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।**
  - ✓ केन्द्र प्रायोजित योजना
  - ✓ एकीकृत किसान सेवा इंटरफेस
  - ✓ केन्द्र सरकार का माइक्रोसाफ्ट के साथ समझौता।
  - ✓ **उद्देश्य** – एग्रीकल्चर क्षेत्र को डिजिटल बनाना तथा सभी योजनाओं का लाभ डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से दिलवाना।

## ऑपरेशन साइबर (शील्ड)

- **संचालन** – राजस्थान पुलिस
- **उद्देश्य** – साइबर अपराधों पर अंकुश लगाना।
- **अवधि** – 2 से 31 जनवरी
- **फोकस बिन्दु** –
  - ✓ नवीनतम साइबर अपराधों का रिकॉर्ड एवं अपग्रेडेशन।
  - ✓ वांछित साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी करना।
  - ✓ साइबर पुलिस थाना 'चित्तौड़गढ़' में खोला जाएगा।
  - ✓ सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल एण्ड वॉर रूम – जयपुर
  - ✓ साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता।

## मरू महोत्सव, जैसलमेर

- **आयोजक** – पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, जैसलमेर
- **अवधि** – 9 से 12 फरवरी
- **सौंदर्य प्रतियोगिता**–
  - ✓ मिस मूमल 2025 – कोमल सिद्ध
  - ✓ मिस्टर पोकरण – गोपालसिंह भाटी
  - ✓ मूंछ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान – नरसिंह चौहान

## बेणेश्वर मेला, डूंगरपुर

- **आयोजक** – पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन
- **अवधि** – 8 से 12 फरवरी
- **तिथि** – माघ पूर्णिमा को

- सोम, माही, जाखम के त्रिवेणी संगम पर मेला भरता है जिसे **"आदिवासियों का महाकुंभ"** भी कहते हैं।
- **नोट :** 14 फरवरी 2024 को राष्ट्रपति महोदया ने बेणेश्वर धाम की यात्रा की थी तथा उनका स्वागत आदिवासी नृत्य दांगड़ी से किया गया था।

## रामदेव पशु मेला

- **आयोजक** – पशुपालन विभाग, नागौर
- **आकर्षण केन्द्र** – घोड़ा – शुभ्रक, घोड़ी – जारा

## भीलवाड़ा महोत्सव

- **थीम** – अटूटधागे, संस्कृति के
- **विशेष** – लोकमाता आहिल्याबाई पर आधारित लोकनाट्य का मंचन किया गया।

## 11वाँ राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, RIFF-2025

- **आयोजन** – जोधपुर
- **अवधि** – 1 से 5 फरवरी
- **आयोजक** – 'रीफ फिल्म क्लब'
- **थीम** – 'Panorma of Cinema in Rajasthan'
- **अवॉर्ड**–
  - ✓ बेस्ट रीजनल फिल्म अवॉर्ड – 'चम्बल पार'
  - ✓ सर्वश्रेष्ठ राजस्थानी फिल्म – 'प्लॉट नम्बर-302'
  - ✓ सर्वश्रेष्ठ निर्देशक अवॉर्ड – धर्मेन्द्र उपाध्याय (फिल्म – म्हारी बिंदनी)
  - ✓ प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड – करणवीर बोहरा (जोधपुर)

## भारतीय पक्षी मेला

- **आयोजन** – मानसागर झील के किनारे, जयपुर
- **अवधि** – 7 से 8 फरवरी
- **आयोजक संस्था** –
  1. जयपुर चिड़ियाघर
  2. टूरिज्म एण्ड वाइल्ड लाइफ
  3. सोसायटी ऑफ इण्डिया एवं रक्षा संस्था
- **विशेष** – इंग्लैण्ड के 'मार्टिन गुडमैन' अपनी पुस्तक के बारे में बताएगें जो बिश्नोई परम्परा और प्रकृति संरक्षण पर आधारित है।

## डर्माकॉन, 2025

- **आयोजन** – JECC सीतापुरा, जयपुर
- **अवधि** – 6 से 9 फरवरी
- **आयोजक** – IADVL, राजस्थान स्टेट ब्रांच
- **थीम** – "ट्रेडिशन मीट्स टेक्नोलॉजी : द चेंजिंग फेस ऑफ द डर्माटोलॉजी"
- 53वीं डॉक्टर्स की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस थी।

## राजस्थान स्पाईस एक्सपो, 2025

- **आयोजन** – जोधपुर
- **अवधि** – 8 से 9 फरवरी 2025
- **उद्देश्य** – मारवाड़ी मसालों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलवाने हेतु।
- **राजस्थान में मसाला पार्क** –
  - ➢ रामपुरा भाटियान, जोधपुर
  - ➢ रामगंज मण्डी, कोटा

## कृत्रिम गर्भाधान

- **पशुपालन मंत्री** जोराराम कुमावत ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत् 13 जिलों में "तरल नत्रजन" भण्डारण हेतु 3000 लीटर के साइलो का उद्घाटन।
- कृत्रिम गर्भाधान में राजस्थान को देश में प्रथम बनाने का अभियान राज्य सरकार चला रही है।
- **मिशन उत्कर्ष** – जैसलमेर में कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन उत्कर्ष की शुरूआत की।

## रामजल सेतु लिंक परियोजना

- राजस्थान व मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना।
- परियोजना को मुख्यमंत्री शर्मा ने 'पूर्वी राजस्थान प्रदेश की जीवन रेखा' बताया।
- परियोजना से राजस्थान के 17 जिलों सहित 4 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचाई एवं 3 करोड़ आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी।
- राजस्थान को 4102 MCM (मिलियन क्यूबिक मीटर) पानी मिलेगा।
- मध्यप्रदेश को 3120.09 MCM पानी मिलेगा।

- कृत्रिम जलाशय –
  - ✓ अजमेर ✓ अलवर
- बाँध निर्माण –
  - ✓ ईसरदा ✓ डूंगरी
- बीसलपुर बाँध की क्षमता = 0.50 मीटर बढ़ाई जाएगी।

- राजस्थान के **"17 जिलों की 3.25 करोड़ आबादी"** पानी मिलेगा।

| | |
|---|---|
| 1. जयपुर | 2. झालावाड़ |
| 3. कोटा | 4. बारां |
| 5. बूँदी | 6. सवाई माधोपुर |
| 7. दौसा | 8. करौली |
| 9. धौलपुर | 10. भरतपुर |
| 11. डीग | 12. खैरथल-तिजारा |
| 13. अलवर | 14. कोटपूतली-बहरोड़ |
| 15. अजमेर | 16. ब्यावर |
| 17. टोंक | |

## GIVE-UP अभियान

- **संचालन** – खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एवं उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार।
- **उद्देश्य** – 28 फरवरी 2025 के बाद योजना का लाभ ले रहे अपात्र व्यक्तियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करना।
- **NFSA में ऐसे नाम हटाएँ** –
  1. जिन परिवारों में राजकीय सेवक, आयकर दाता 1 लाख से अधिक वार्षिक आय या निजी चौपहिया वाहन है वह अपात्र होंगे।
  2. वेबसाइट – www.food.rajasthan.gov.in
  3. उचित मूल्य दुकान/जिला रसद अधिकारी से संपर्क करें।
- **NFSA में ऐसे नाम जुड़वाएँ** –
  1. खाद्य सुरक्षा पोर्टल 26 जनवरी 2025 से खोला गया है।
  2. ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन सुविधा।
  3. वेबसाइट – www.food.rajasthan.gov.in

## द्वितीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वॉटर विजन-2047

- **आयोजन** – उदयपुर (प्रथम कॉन्फ्रेंस-भोपाल, मध्यप्रदेश)
- **अवधि** – 18 से 19 फरवरी
- **उद्देश्य** – जल प्रबंधन एवं संरक्षण
- **थीम** – "भारत 2047 – एक जल सुरक्षित राष्ट्र है"
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा – "पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने कहा था कि तृतीय विश्व युद्ध जल को लेकर होगा लेकिन मैं कहता हूँ कि तृतीय विश्व युद्ध हुआ भी तो उसमें भारत कहीं नहीं होगा"।
- द्वितीय राज्य जल मंत्रियों के अखिल भारतीय सम्मेलन में शामिल अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री।
  - ✓ ओडिशा – मोहनचरण मांझी
  - ✓ त्रिपुरा – माणिक साहा
  - ✓ कर्नाटक – डी.के. शिवकुमार (उप-मुख्यमंत्री)
  - ✓ हिमाचल प्रदेश – मुकेश अग्निहोत्री (उप-मुख्यमंत्री)
  - ✓ छत्तीसगढ़ – अरूण साहा (उप-मुख्यमंत्री)

## कर्मभूमि से मातृभूमि

- इस कार्यक्रम के तहत प्रवासी राजस्थानी, प्रदेश के 60 हजार गाँवों में भू-जल पुनर्भरण हेतु रिचार्ज वैल बनाने में योगदान दे रहे हैं।

## मध्य, पश्चिम एवं उत्तरी क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन

- **आयोजन** – JECC, सीतापुरा, जयपुर
- केन्द्रीय गृह विभाग, राजभाषा मंत्रालय के तहत् आयोजित सम्मेलन में कहा गया कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग हमारी एकता का सूत्रधार है।
- हिंदी राजभाषा का संवैधानिक प्रावधान।
  - ✓ भारतीय संविधान के भाग-17 तथा अनुच्छेद 343(1) में उल्लेख है।

## ऑपरेशन वज्र

- **संचालन** – राजस्थान पुलिस (ट्रैफिक) एवं RTO राजस्थान सरकार
- **उद्देश्य** – ट्रैफिक जाम सहित ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करना।

## डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन

- **उद्देश्य** – चयनित निकायों में नगरपालिका की सम्पूर्ण भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण द्वारा डिजिटल मैपिंग करके भूमि अधिकार अभिलेख का डिजिटलीकरण करना।
- नक्शा पायलट प्रोजेक्ट योजना के तहत् राजस्थान के 10 नगरीय निकायों का चयन किया गया है।

- 10 नगरीय निकाय (भिवाड़ी, किशनगढ़, ब्यावर, सवाई माधोपुर, जैसलमेर, पुष्कर, बगरू, बहरोड़, नवलगढ़, नाथद्वारा)

### डायमंड जुबली, जम्बूरी

- **आयोजन** – तिरूचिरापल्ली, तमिलनाडु
- **अवधि** – 28 जनवरी से 3 फरवरी 2025
- राजस्थान टीम ने डायमंड जुबली, जम्बूरी 2025 जीता।
  - ✓ नेशनल चीफ कमिश्नर अवॉर्ड
  - ✓ चीफ कमिश्नर स्काउट शील्ड

### मांड गायन कार्यशाला

- **आयोजन** – जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
- 15 दिवसीय कार्यशाला (20 फरवरी से)
- पद्म श्री उस्ताद डॉ. गनी मोहम्मद एवं डॉ. अली मोहम्मद प्रतिभागियों को मांड गायन हेतु प्रशिक्षण देंगे।

### प्रथम अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन

- **आयोजन** – वैशाली नगर, अजमेर
- **अवधि** – 16 से 26 फरवरी

***विशेष तथ्य***

- *राजस्थान की प्रथम पुलिस ट्रांसजेंडर – गंगाकुमारी (जालोर पुलिस)*
- *राजस्थान की प्रथम पासपोर्ट ट्रांसजेंडर – रोजी बारोलिया*
- *राजस्थान की प्रथम जन आधार कार्ड बनाने वाली ट्रांसजेंडर – नूर शेखावत*
- *ट्रांसजेंडर को समाज की मुख्य धारा में लाने हेतु ''ऑपरेशन स्माइल'' राजस्थान पुलिस चला रही है।*

### विश्व जल सम्मेलन

- **आयोजन** – जनार्दनरॉय नागर राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर
- **अवधि** – 25 से 26 फरवरी
- **थीम** – ''जल संकट और बाढ़ सूखे की समस्या निवारण''

***उद्घाटनकर्ता – डॉ. राजेन्द्रसिंह, अलवर***



- *उपनाम – ''जल वाले बाबा''*
- *संगठन – तरूण भारत*
- *रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता*

## पुरस्कार

### दीपिका सोढ़ा, अनुसुइया सोढ़ा

- भारतीय बाल कल्याण परिषद् नई दिल्ली द्वारा **वीरता पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।

### प्रसेन (घोड़ा)

- ऑल इण्डिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी द्वारा जोधपुर में आयोजित हॉर्स शो में 'बेस्ट एनिमल अवॉर्ड' प्रसेन (घोड़ा) को दिया गया।

### डॉ. अरविंद स्पेस

- **निवासी** – जयपुर
- धन्वंतरि अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- **उपलब्धि** – न्यूरोफिजियोथैरेपी में उत्कृष्ट योगदान हेतु।

### लक्ष्मणदान कविया

- **निवासी** – मूंडवा, नागौर
- 'दूलाभाया काग' की पुण्यतिथि पर **काग पुरस्कार** प्रदान किया गया।
- कविया डिंगल साहित्य के प्रसिद्ध लेखक हैं।

### आईफा अवॉर्ड, 2025

- **आयोजन** – JECC सीतापुरा, जयपुर
- प्रदेश में पर्यटन के नवीनतम स्थलों को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी।
- फिल्म ''लापता लेडीज'' (किरण राव) को सर्वाधिक 9 बार नॉमिनेशन मिले।
- फिल्मे सितारों को ''पैलेस ऑन व्हील्स'' शाही ट्रेन की सवारी करवाई गई।

### रामचंद्र चौधरी

- इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी को ''IDA फैलोशिप अवॉर्ड'' दिया गया।
- **उपलब्धि** – डेयरी एवं पशुपालकों हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य हेतु।

### स्कॉच अवॉर्ड–2024

- डिजिटल सखी नवाचार व महिला सशक्तीकरण प्रोजेक्ट के लिए चुरू जिले को स्कॉच अवॉर्ड 2024 प्रदान किया गया है। (जिला कलेक्टर चुरू – अभिषेक सुराणा)

### डॉ. रितु सक्सेना

- **निवासी** – जयपुर
- 'नेशनल रिसर्च अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- डॉ. रितु सक्सेना को दिल्ली विश्वविद्यालय एवं 6वें यूनिवर्सल इनोवेटर्स लीडरशिप अवॉर्ड लंदन की ओर से सम्मानित किया गया।

### भाविनी भार्गव

- जयपुर की कवयित्री।
- **प्रथम काव्य संग्रह – 'अन्हड़'** हेतु 22 पुरस्कार मिले।
- 22 पुरस्कारों में से भारतीय पुरस्कार–
  - ✓ नेक्स्ट बेस्ट रीडिंग कॉन्टेस्ट अवॉर्ड
  - ✓ सालिसमेनिया बेस्ट पोएट्री बुक अवॉर्ड, 2024
  - ✓ एस-7 पोएट्री अवॉर्ड
  - ✓ इंडियन फिल्म हाउस अवॉर्ड
- कैनेडियन बुक क्लब अवॉर्ड की फाइनालिस्ट भी रही।

### भारी पानी संयंत्र, रावताभाटा (चित्तौड़गढ़)

- 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार' हेतु चयनित किया गया है।
- भारी पानी बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश भर में सर्वेक्षण किया था।

### डॉ. शैलेन्द्र शर्मा

- IIT और AIIMS जोधपुर द्वारा संयुक्त रूप से ''मेडटेक हैकथॉन'' में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित।
- **उपलब्धि** – सक्शन टिप में कान की सर्जरी के दौरान रक्त के थकने जमने का समाधान दिखाया।

### सुल्तान सिंह राठौड़

- **निवासी** – बम्बूग्राम, चुरू
- हाल ही में राष्ट्रपति गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जो भारतीय तटरक्षक दल का हिस्सा है।
- गुजरात में 11 जुलाई 2022 को बाढ़ प्रभावित इलाकों से 16 व्यक्तियों की जान बचाने के लिए सम्मानित किया गया।

# राजस्थान खेल

### 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड




- राजस्थान दल के ध्वजवाहक – ओमप्रकाश निठारवाल
- राजस्थान की उपलब्धियाँ –
  - ➢ राजस्थान का स्थान = 15वाँ
  - ➢ कुल पदक = 43 (9 स्वर्ण, 11 रजत, 23 कांस्य)
- राजस्थान के कुल 9 स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी –

| क्र. सं. | खिलाड़ी | खेल |
|---|---|---|
| 1. | शुभम गोरा, जयपुर | वुशु, टीम राजस्थान |
| 2. | नितिका बंसल, गंगानगर | |
| 3. | नीलम चौधरी, जयपुर | |
| 4. | महक शर्मा, कोटा | |
| 5. | हरचरण सिंह, हनुमानगढ़ | वेटलिफ्टिंग |
| 6. | प्रद्युम्मनसिंह राठौड़, उदयपुर | कैनोइंग & कयाकिंग |
| 7. | रजत चौहान, जयपुर | तीरंदाजी |
| 8. | अनंतजीत सिंह नरूका | शूटिंग |
| 9. | राजस्थान कबड्डी टीम | कबड्डी |

### श्यामसुंदर स्वामी

- **निवासी** – बीकानेर
- **खेल** – तीरंदाजी
- बैंकाक (थाईलैण्ड) में आयोजित पैरा एशिया कप में स्वामी ने तीरंदाजी खेल में स्वर्ण पदक जीता।

### रितिका सिंह

- **निवासी** – मालपुरा, टोंक
- देश की प्रथम ट्रांसजेण्डर खिलाड़ी
- नेशनल विंटर आईस स्टोक्स चैंपियनशिप में कुल चार पदक जीते। (1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य)

## सौम्या चौधरी

- **निवासी** – जयपुर (टेनिस खिलाड़ी)
- ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (AITA) की ओर से जारी नई रैंकिंग में बालिका वर्ग अंडर-12 वर्ष की आयु में 'द्वितीय स्थान' प्राप्त किया है।
- स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया हेतु भी चयनित।

## यष्टिका आचार्य

- **निवासी** – बीकानेर
- **खेल** – वेटलिफ्टिंग
- गोवा में आयोजित 33वीं नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडलिस्ट रही।
- हाल ही में 270 किलोग्राम वजन उठाते समय हादसे में मौत हो गई।

## मोहित शर्मा

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – वुशु
- चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशु चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रहे राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र मोहित की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## ओमप्रकाश चौधरी

- नेशनल राइफल एसोसिएशन द्वारा भारतीय एयर पिस्टल टीम के कोच नियुक्त किए गए।
- एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडलिस्ट रहे।
- वर्तमान में राजस्थान पुलिस में सब-इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत हैं।

## करणसिंह मेघवाल

- **निवासी** – राजगढ़, चुरू
- **खेल** – डिस्कस थ्रो (पैरा खिलाड़ी)
- 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स में F-52 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता।
- **कोच** – द्रोणाचार्य अवॉर्डी वीरेन्द्र पूनिया

## देव मीणा

- **निवासी** – देवास, मध्य प्रदेश
- **खेल** – पोल वॉल्ट
- केशवानंद स्कूल, सीकर के 12वीं के छात्र देव मीणा ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में पोल वॉल्ट में 5.32 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता।
- स्वर्ण पदक के साथ ही मीणा ने शिवा सुब्रमण्यम के 5.31 मीटर के रिकॉर्ड को भी तोड़ा।

## सारिका यादव

- चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 100 मीटर वेटरन महिला रेस में रजत पदक जीता।
- इसी रेस में 2023 में कांस्य पदक जीता था।
- हीरापथ, मानसरोवर स्थित गवर्नमेंट सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत हैं।

## अवनि लेखरा

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – पैरा निशानेबाजी
- बीबीसी इंडियन "पैरा स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर, 2024" से सम्मानित किया गया।

***अवनि लेखरा की उपलब्धियाँ***

- *टोक्यो पैरा ओलम्पिक, 2020 (10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक, 50 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक)*
- *पेरिस पैरा ओलम्पिक, 2024 (10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक)*
- *शी-शक्ति अवॉर्ड*
- *मेजरध्यानचंद खेल रत्न, 2021*
- *पद्मश्री - 2022*
- *बेटी-बचाओं, बेटी-पढ़ाओ - ब्रांड एम्बेसडर*

## अनिल कुमार

- **खेल** – रेसलिंग
- पुणे में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज रेसलिंग एवं कैरम टूर्नामेंट में 125 किग्रा. वर्ग श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।
- वर्तमान में अल्पसंख्यक मामलात विभाग राजस्थान में कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत हैं।

## जूही कुमारी

- राजस्थान स्टेट कराटे चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- लगातार 7वीं बार राजस्थान स्टेट कराटा चैम्पियन रही।
- जूही कुमारी मूलत: बिहार की है।

## अंतर्राष्ट्रीय पोलो मैच

- **आयोजन** – 16 फरवरी, 2025 (पोलो ग्राउंड, जयपुर)
- भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका
  - ➢ भारतीय पोलो टीम के कप्तान सवाई पद्मनाभसिंह, जयपुर
- **परिणाम** – भारत ने 7-5 से दक्षिण अफ्रीका को पराजित किया।

## 46वीं राज्य स्तरीय सीनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

- **आयोजन** – पीरकामड़िया, हनुमानगढ़
- **अवधि** – 2 से 5 फरवरी
- **आयोजक** – जयपुर स्पोर्ट्स काउंसिल एवं हनुमानगढ़ सॉफ्टबॉल एसोसिएशन
- **विजेता** – हनुमानगढ़ पुरुष वर्ग
- **उपविजेता** – हनुमानगढ़ महिला वर्ग
- राजस्थान सॉफ्टबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष – मो. इस्लाम नकवी।

## 52वीं मिस्टर राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप

- **आयोजन** – जयपुर
- **अवधि** – 1 से 2 फरवरी
- मिस्टर राजस्थान का खिताब – प्रवीण कुमार
- फर्स्ट रनर अप – मोनू खान
- राजस्थान बॉडी बिल्डिंग संघ के वर्तमान अध्यक्ष – नवीन यादव।

## 71वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता

- **आयोजन** – मोरमाजरा, करनाल (हरियाणा)
- **अवधि** – 15 से 18 फरवरी
- राजस्थान महिला कबड्डी टीम ने नेशनल में लगातार चौथी बार कांस्य पदक जीता।
- सेमीफाइनल में रेलवे ने राजस्थान को (33-25) से पराजित किया।
- **विजेता टीम** – रेलवे (महिला वर्ग) – स्वर्ण पदक
- **उप-विजेता** – हिमाचल प्रदेश – रजत पदक
- III[rd] – राजस्थान टीम – कांस्य पदक

## 35वीं अखिल भारतीय डाक क्रिकेट प्रतियोगिता

- **आयोजन** – वड़ोदरा, गुजरात
- **विजेता** – राजस्थान टीम
- **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन** – आदर्श शर्मा (322 रन, मैन ऑफ द सीरीज) रवि शर्मा (13 विकेट)

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटीज कोर्फबॉल मिक्स्ड टूर्नामेंट

- **आयोजन** – अपेक्स यूनिवर्सिटी, अचरौल कैम्पस, जयपुर
- **अवधि** – 20 से 23 फरवरी
- **आयोजक** – एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नई दिल्ली।
- **पदक विजेता** –
  - ✓ स्वर्ण – अपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर
  - ✓ रजत – विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
  - ✓ कांस्य – लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब

## 23वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

- **आयोजन** – चेन्नई
- राजस्थान ने कुल 63 पदक जीते जिसमें (14 स्वर्ण, 23 रजत, 26 कांस्य) हैं।
- राजस्थान के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी –

| खिलाड़ी | खेल | श्रेणी |
|---|---|---|
| खुशबू गिल | शॉटपुट | F-20 |
| सीमा गुर्जर | एथलेटिक्स (100 मीटर) | T-44 |
| सौभाग्य श्री | एथलेटिक्स (100 मीटर) | T-42 |
| मनमोहनसिंह | शॉटपुट | F-20 |
| राजेश यादव | एथलेटिक्स (1500 मी.) | T-13 |
| करणसिंह मेघवाल | डिस्कस थ्रो | F-52 |

## ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन

- AITA द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में –
  1. **विवान मिर्धा** – U-14 बालक वर्ग में देशभर में प्रथम रैंक।
  2. **आराध्या मीणा** – U-14 बालिका वर्ग में देशभर में द्वितीय रैंक।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## NDMA - नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी

- NDMA ने हाल ही में **सचेत एप** की शुरूआत की।
- आपातकालीन अलर्ट की सूचनाएँ सचेत मोबाइल एप द्वारा प्रदान की जाएगी।
- **पोर्टल** – Sachet.ndma.gov.in
- अलर्ट, अवेयरनेस, एक्शन के सिद्धांत पर आधारित।

## आयुर्वेदिक कैप्सूल

- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानक विश्व विद्यालय जयपुर द्वारा आयुर्वेदिक कैप्सूल का निर्माण किया जाएगा।
- उपयोग – रोग प्रतिरोधक क्षमता, ब्लड प्रेशर नियंत्रण हेतु।

## जयगोपाल वर्मीकल्चर तकनीक

- जोधपुर कृषि विश्व विद्यालय ने 'जयगोपाल वर्मीकल्चर तकनीक' केचुओं के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, उत्तर प्रदेश के साथ समझौता किया है।
- **लाभ**–
  - ✓ जैविक खाद एवं खेती में वृद्धि।
  - ✓ जमीन की उर्वरक क्षमता में वृद्धि।
  - ✓ खेती की लागत में कमी एवं किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

## NeVA ऐप

- **पूरा नाम** – 'नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन'
- राजस्थान विधानसभा के स्पीकर वासुदेव देवनानी ने इस ऐप का शुभारंभ किया।
- ऐप के माध्यम से विधानसभा की कार्यवाहियों का लाइव प्रसारण व पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

## धारशक्ति

- **विकासकर्त्ता** – DRDO
- इसका संचालन एयरफोर्स, जोधपुर कर रही है।
- **उद्देश्य** – दुश्मन देश के RADAR व संचार प्रणाली को जाम करना।
- प्रयोग/तैनात – भारत-पाक सीमा (जोधपुर)
  भारत-चीन सीमा
- इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से लैस है।
- देश का नवीनतम 'ग्राउंड बेस्ड एंड जैमिंग सिस्टम'

## हिजामा (कपिंग थैरेपी)

- यूनानी चिकित्सालय (बग्गीखाना), टोंक द्वारा हिजामा (कपिंग थैरेपी) के लिए परामर्श शिविर का आयोजन।

*कपिंग थैरेपी – त्वचा पर कप लगाकर खिंचाव पैदा किया जाता है जिससे रक्त प्रवाह बढ़ जाता है जिससे शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।*




## जलसंरक्षण जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट

- राज्य में प्रथम प्लांट की स्थापना जयपुर डेयरी द्वारा की जाएगी।

- *राजस्थान राज्य डेयरी विकास निगम*
  - ➢ *स्थापना – 1975*
  - ➢ *मुख्यालय – जयपुर*
  - ➢ *नाम परिवर्तित – 1977 (RCDF राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन)*

### रेप ट्रॉमा सिन्ड्रोम

- जयपुर में पहली बार मेडिकल जाँच में रेप ट्रॉमा सिन्ड्रोम की पुष्टि करके एक आरोपी को पकड़ा गया है।

*रेप ट्रॉमा सिन्ड्रोम*
- *खोज – 1974 में ''नर्स एन वोल्बर्ट बर्गेस'' एवं ''समाजशास्त्री लिंडा लिटल होल्मस्ट्रॉम'' ने की थी।*
- *यह एक मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक आघात है इसमें पीड़िता शारीरिक एवं भावनात्मक रूप से आहत होती है।*

### T-HCBS सिस्टम

- पूरा नाम – टॉवर ऑफ हार्मोनी कॉल ब्लॉकिंग सिस्टम
- कॉल ब्लॉकिंग के लिए 7 केन्द्रीय कारागृहों में यह सिस्टम स्थापित किया जाएगा। (राजस्थान बजट 2025-26)
- जेलों में कैदियों पर निगरानी एवं मोबाइल इस्तेमाल रोकथाम हेतु जैमरयुक्त एंटीना जिसकी पॉवर क्षमता अधिक होती है।
- जेल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के लिए ''कारागार प्रशिक्षण संस्थान – अजमेर'' को ''राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ करेक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड रिसर्च'' के रूप में विकसित किया जाएगा।

### ट्यूरिस्ट मोबाइल ऐप

- पर्यटन विभाग द्वारा राजस्थान के पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक रूटमैप, टिकट बुकिंग की सुविधा हेतु ऐप लॉन्च किया गया।

### शैक्षिक नवाचार 🕮

- **करियर मेलें** –
  - सरकारी विद्यालयों में आयोजन।
  - शिक्षकों, उद्यमियों, नौकरशाहों, अभिभावकों द्वारा विद्यार्थियों को 12वीं पश्चात् भविष्य निर्माण हेतु मार्गदर्शन।
- **परीक्षा पे चर्चा** –
  - संस्करण – 8वाँ
  - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को तनावमुक्त परीक्षा एवं समय प्रबंधन पर बातचीत की गई।
  - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मानसरोवर, जयपुर स्थित 'महात्मा गाँधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल' में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम को वर्चुअल सुना।
- **नए शिक्षा सत्र 2025-26** से प्रथम कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष निर्धारित की गई। (आधार तिथि – 31 जुलाई)
- **नई शिक्षा नीति (NEP) के तहत** –
  - स्थानीय भाषा में पढ़ाई हेतु 12 जिलों का शब्दकोश तैयार करके बाल वाटिकाओं में पढ़ाई करवाई जाएगी।
  - राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् जयपुर द्वारा पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा।

## विविध/तथ्यात्मक जानकारी

### 'राजस्व कर बोर्ड' का विलय 'राजस्व मंडल' में

- 'राजस्व कर बोर्ड' का विलय 'राजस्व मंडल' में कर दिया गया है।
  - **कारण** – वर्ष 2017 में जीएसटी व्यवस्था के तहत् राजस्व कर बोर्ड का कार्य सीमित हो गया था।
  - **लाभ** – राजस्व एवं कर संबंधी मामलों/अपीलों के समयबद्ध निस्तारण हेतु मजबूत संस्थागत ढाँचा बनेगा।

*राजस्व मंडल –*
- *स्थापना – 12 अगस्त, 1949*
- *मुख्यालय – अजमेर*

### पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन हेतु कमेटी

- **अध्यक्ष** = मदन दिलावर
- **सदस्य** –
  - ✓ गजेन्द्रसिंह खींवसर
  - ✓ अविनाश गहलोत
  - ✓ सुमित गोदारा
  - ✓ जवाहरसिंह बेढम
- ग्राम पंचायत प्रशासनिक अधिकारी – सरपंच

## महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज, जयपुर

- **कॉन्फ्रेंस** – कैंसर रोग के इलाज हेतु कॉन्फ्रेंस का अयोजन किया गया।
- भारत सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज को प्रथम बार 'कैंसर का टीका' बनाने हेतु मंजूरी दी गई है।

## सैडल बाँध, रावतभाटा (चित्तौड़गढ़)

- राणाप्रताप सागर बाँध का अपस्ट्रीम बाँध है।
- राणा प्रतापसागर बाँध एवं ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बाँध की बनास नदी में जल अपवर्तन किया जाएगा।

## रणथम्भौर टाइगर रिजर्व

- टाइगर रिजर्व की कुण्डेरा रेंज में मादा बाघिन (RBT-103) ने हाल ही में 2 शावकों को जन्म दिया है।
- रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में अब कुल 77 बाघों का कुनबा हो गया है।

## राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े

- संरक्षण क्षमता महोत्सव (सक्षम) में भाग लिया।
  - ✓ **आयोजन** – पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा।
- राजस्थली (जयपुर, उदयपुर, दिल्ली, कलकत्ता) का नवलोकार्पण।

## कुछ स्थानों के नाम परिवर्तित

1. फॉयसागर – वरूणसागर
2. एलिवेट ब्रिज – रामसेतु
3. RTDC होटल खादिम – अजयमेरू होटल

## 8100 रुपये में जल कनेक्शन

- जलदाय विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा पूरे राज्य में जल कनेक्शन हेतु 8100 रुपये शुल्क की व्यवस्था की गई है।
- यह प्रावधान 1 मार्च 2025 से लागू होगा।
- जल कनेक्शन जारी करने के लिए एक फर्म का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।
- खराब पानी मीटर भी फर्म ही बदलेगी।

## राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन

- स्थापना – 1977, मुख्यालय – जयपुर
- RCDF **"मड रिसोर्ट कैफे"** बनायेगी जो कि पर्यटन के क्षेत्र में एक नवाचारी पहल है।
- इसमें ग्रामीण परिवेश एवं आधुनिक सुविधाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।
- पर्यटक कैफे में राजस्थानी व्यंजनों (खिचड़ा, बाजरे की रोटी, छाछ-राबड़ी) के साथ पर्यटन संस्कृति का लुफ्त उठा सकेंगे।

## प्रतापेश्वर महादेव मंदिर

- **स्थिति** – चांदनी चौक, जयपुर
- **निर्माण** – पूर्व महाराजा सवाई प्रतापसिंह
- 200 वर्ष प्राचीन भगवान शिव को समर्पित मंदिर है।
- देवस्थान विभाग, महाशिवरात्रि (26 फरवरी) के शुभ अवसर पर मंदिर की भव्य सजावट करेगा।



- मंदिर प्रांगण में महामृत्युंजय जाप के साथ शिव परिवार की प्रतिमाएँ स्थापित हैं।

## एक राज्य एक चुनाव

- प्रदेश में सभी 305 निकायों (पंचायती राज एवं नगरीय निकाय) के चुनाव एक साथ एक राज्य एक चुनाव के आधार पर करवाये जाएँगे।
- संभवत: नवम्बर माह में नए सिरे से वोटर लिस्ट जारी करके सरकार चुनाव करवाएगी।

## राज्य पक्षी, गोडावण संकटमयी स्थिति में

- अतिक्रमण और खनन से (सोंकलिया -अरवड़ क्षेत्र) उजड़ा गोडावण का जैविक-प्राकृतिक आवास।
- IUCN ने गोडावण को रेड लिस्ट में "गंभीर रूप से संकटग्रस्त" (क्रिटिकली एंडेंजर्ड) के रूप में वर्गीकृत किया है।
- अजमेर, जैसलमेर में गोडावण संरक्षण हेतु "कृत्रिम हैचरी" (अण्डे सेने वाले स्थान) बनाई गई है।

**गोडावण**

- *वैज्ञानिक नाम – आर्डियोटिस नाइग्रिसेप्स*
- *उपनाम – सोहन चिड़िया, शर्मिला पक्षी*

- *गोडावण क्षेत्र – अजमेर (सोंकलिया, अरवड़, भिनाय, गोयला, रामसर, मांगलियावास)*
  जैसलमेर – रामदेवरा, सूदासरी
- *वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत् गोडावण ''संरक्षित श्रेणी'' में आता है।*
- *गोडावण संरक्षण के प्रयास –*
  - ✓ 1981 – राज्य पक्षी घोषित
  - ✓ कृत्रिम गर्भाधान तकनीक का प्रयोग
  - ✓ रामदेवरा में प्रजनन केन्द्र
  - ✓ हैचिंग सेंटर (अंडे सेने वाला स्थान) की स्थापना
  - ✓ 2013 – प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड



- ❒ जैसलमेर के सूदासरी ''गोडावण ब्रीडिंग सेंटर'' से कृत्रिम गर्भाधान द्वारा गोडावण चूजे का जन्म हुआ है। यह दुनिया का पहला मामला है।



## सफेद मार्बल, मकराना (नागौर)

- ❒ इसे ''मकराना का सफेद सोना'' भी कहते हैं।
- ❒ कुल मार्बल खदानें = 758 (720 क्वारी लाइसेंसी एवं 38 माइनिंग लीज)
- ❒ प्रमुख मार्बल खदानें – चकडूंगरी, उलोड़ी, माताभर, कालानाडा, रेवत पहाड़ी, गुणावती, गुलाबी, भोंद, पहाड़कुँआ, कोलाडूंगरी।

## जड़फा पहाड़ी, राजसमंद

- ❒ राजसमंद जिले की जड़फा पहाड़ी से 90 किलोमीटर दूर स्थित माउंट आबू, हिल स्टेशन प्वाइंट (सिरोही) को देखा जा सकता है।
- ❒ सर्दियों के दिनों में मौसम साफ होने और सूर्योदय के समय जब सूरज की किरणें पश्चिम में तिरछी पड़ती है तब यह नजारा दिखता है।

## पशुओं का रोग प्रतिरोधक टीकाकरण

- ❒ **टैगलाइन** – 'स्वस्थ पशुधन, समृद्ध किसान'
- ❒ **विभाग** – पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार
- ❒ पशुओं में 'खुरपका – मुँहपका रोग'
  - ✓ टीका – दुधारू पशुओं को 6-6 माह के अन्तराल में वर्ष में 2 बार टीका लगवाना चाहिए।
- ❒ गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं में – ब्रूसेल्लोसिस रोग
  - ✓ टीका – ब्रूसेल्ला स्ट्रेन-19
- ❒ भेंड़ बकरियों हेतु टीकाकरण –
  - ✓ PPR (पेस्टीडेस पेट्टिज रूमिनेंट)

**नोट :** राज्य के 78% पशुओं का टीकाकरण हो चुका है साथ ही राज्य देश में अव्वल हैं।

## आर्टिजन कार्ड

- ❒ यह कार्ड राज्य के कोई भी महिला, पुरुष जो हस्तशिल्प कला के धनी हैं (हैंडीक्रॉफ्ट वर्कर) वे बनवा सकते हैं।
- ❒ **उम्र** – 18 वर्ष से अधिक हो।
- ❒ **कार्ड की वैधता** – 5 साल (रिन्यु भी करवा सकते हैं)
- ❒ **आवेदन** – नि:शुल्क, आवेदन पश्चात 3 से 4 माह में कार्ड बन जाता है।
- ❒ **वेबसाइट** – https://handicrafts.nic.in
- ❒ **कार्ड के लाभ** –
  - ➢ सरकारी योजनाओं में सब्सिडी, प्रशिक्षण का लाभ
  - ➢ उत्पाद बिक्री की प्रदर्शनी लगती है वहाँ स्टॉल फ्री, सभी सुविधाएँ (आवागमन, आवासीय रहने) सरकार देती है।

## अल्बर्ट हॉल, जयपुर

- ❒ 139वें स्थापना दिवस पर 21 फरवरी को ''अल्बर्ट हॉल-अतीत के झरोखों से'' विषय पर एग्जीविशन आयोजित हुआ।

- राजस्थान बजट 2025-26 में अल्बर्ट हॉल म्यूजियम के उन्नयन हेतु 25 करोड़ रुपये राशि की घोषणा की गई है।

- स्थापना - 21 फरवरी, 1887
- डिजाइनकर्ता - सैमुअल क्विंटन जैकब
- यह भारत-अरबी शैली से निर्मित इमारत हैं।



## चाइल्ड फ्रेंडली सिटी

- बीकानेर को 'चाइल्ड फ्रेंडली सिटी' बनाने के लिए नगर निगम ने 'वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट' के साथ समझौता किया है।

## धोद बैंड, सीकर

- लोक कलाकार **रहीस भारती** एवं उनका धोद बैंड अपनी 25वीं वर्ष गांठ वर्ल्ड टूर (शुरूआत-फ्रांस का लूमो शहर) के साथ मनायेगा।
- इटली में राजस्थान दिवस (30 मार्च) के अवसर पर प्रवासी राजस्थानियों के बीच परफार्म करेगा।
- विगत 24 वर्षों में 119 देशों में 1500 से अधिक कॉन्सर्ट कर चुका है।

# महत्वपूर्ण तथ्य

- राज्य सहकारी विकास समिति का पुनर्गठन, इसके अध्यक्ष मुख्य सचिव सुधांशु पंत को बनाया गया है।
- जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा 15 जिलों में माँ बाड़ी केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं।
- राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) की स्थापना 25 फरवरी 2005 को की गई। (मुख्यालय - जयपुर)
- **महाशिवरात्रि विशेष - (26 फरवरी 2025)**
  - ✓ एकलिंगेश्वर महादेव मंदिर - मोती डूंगरी, जयपुर
    - ➢ जयपुर के पूर्व राजपरिवार का निज मंदिर है।
    - ➢ वर्ष में केवल एक बार शिवरात्रि पर ही दर्शन के लिए खोला जाता है।
  - ✓ झारखंड महादेव मंदिर - जयपुर
  - ✓ सदाशिव ज्योर्तिलिंगेश्वर मंदिर - जयपुर
  - ✓ संघी झूंथाराम मंदिर - आमेर, जयपुर
    - ➢ मंदिर 435 साल प्राचीन है।
    - ➢ 11 रूद्र महादेव मंदिर स्थित हैं।
    - ➢ मंदिर के गर्भ ग्रह में चतुर्मुखी शिवलिंग स्थित है।
  - ✓ काला महादेव मंदिर - जल महल, जयपुर
    - ➢ जयपुर की बसावट से पहले का बना मंदिर है।
    - ➢ सवाई जयसिंह द्वितीय ने मालवा से मूर्ति लाकर स्थापित की थी।
    - ➢ भारत का एकमात्र मंदिर जहाँ पर शिवलिंग कसौटी पत्थर (सोना, चाँदी को तराशने वाला पत्थर) है।
  - ✓ घुश्मेश्वर द्वादशवां ज्योर्तिलिंग शिवालय - शिवाड़, सवाई माधोपुर
    - ➢ प्राचीन नाम - शिवालय
    - ➢ शिवलिंग 24 में से 17 घंटे जल में ही रहता है।
  - ✓ अचलेश्वर महादेव मंदिर - माउंट आबू, सिरोही
    - ➢ भगवान शिव के पैर के अंगूठे की पूजा की जाती है।
  - ✓ सारणेश्वर महादेव मंदिर - पाली
- महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के तहत् श्रमिकों की दो पुत्रियों के विवाह पर राशि में 25000 रुपये की बढ़ोत्तरी। अब 75000 सहायता राशि मिलेगी।
- PWD विभाग द्वारा हाल ही में क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति सीधे अधिकारियों तक पहुँचाने के लिए "PWD सेवा" ऐप लॉन्च किया गया।
- गुजरात में आयोजित सोमनाथ महोत्सव में "मोहन वीणा-सात्विक वीणा" में पं. विश्वमोहन भट्ट एवं सलील भट्ट ने प्रस्तुति दी।
- 69वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में अजमेर रेलवे मंडल को प्रथम स्थान मिला।
  - ➢ बहरोड़ (अलवर) के लोको पायलट बजरंग सिंह राघव को "विशिष्ट रेल सेवा सम्मान" से सम्मानित किया गया।

- अजमेर के छात्र राहुल शर्मा ने बिम्स्टैक शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली (19-24 फरवरी) में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- अखेपुरा गाँव, भीलवाड़ा से 14वीं शताब्दी की ''नायक एवं नायिका की संयुक्त मूर्ति'' मिली है।
- राजस्थान विधानसभा में ''राजस्थान विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025'' 3 फरवरी 2025 को पेश किया गया।
- जयपुर साहित्य महोत्सव में ''श्री द्वारकाप्रसाद अग्रवाल सम्मान'' स्वानंद किरकिरे को प्रदान किया गया।
- विधानसभा सचिवालय में 'मुख्य सम्पादक' के नवीन पद का सृजन किया गया।
- जयपुर में बनेगा देश का प्रथम 'अनूठा मोक्षधाम' जहाँ वाटिकाएँ, 16 संस्कार हेतु विधिगत प्रक्रियाएँ अपनाई जाएगी।
- राजस्थान सरकार द्वारा देवस्थान विभाग के अन्तर्गत अंशकालीन पुजारियों के मानदेय को 5 हजार से बढ़ाकर 7500 रुपये किया गया है।
- राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जोबनेर का प्रथम कुलपति नियुक्त - प्रो. त्रिभुवन शर्मा
- जम्मू स्थित चिड़ियाघर से हिमालय भालू का जोड़ा राज्य के नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर में लाया जाएगा और लखनऊ से बारहसिंघा तथा मैसूर से भेड़िया भी लाया जाएगा।

- इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत राजस्थान सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 200 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी।

  ***e-व्हीकल प्रमोशन फंड = 200 करोड़***

❖❖❖



# 03 राष्ट्रीय परिदृश्य

## महत्त्वपूर्ण मुद्दे

### पंचायत अंतरण सूचकांक

- भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान द्वारा जारी।
- समग्र रैंकिंग में शीर्ष स्थान - कर्नाटक
- राजस्थान का स्थान - 8वाँ

**पंचायत अंतरण सूचकांक 2024 :** भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शक्तियों और संसाधनों के हस्तांतरण का आकलन करके पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) की स्वायत्तता और सशक्तिकरण का मूल्यांकन करता है

*रिपोर्ट की मुख्य बातें क्या हैं?*

- **विकेंद्रीकरण सूचकांक:** रिपोर्ट में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को छह आयामों के आधार पर रैंक किया गया है: रूपरेखा, कार्य, वित्त, अंतरण क्षमता और जबावदेही।
  - 2013-14 और 2021-22 के बीच कुल विकेंद्रीकरण 39.9% से बढ़कर 43.9% हो गया है।
- **शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य:** विकेंद्रीकरण रैंकिंग में शीर्ष पांच राज्य कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश हैं।
- **क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे में वृद्धि:** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) ने बेहतर पंचायत बुनियादी ढांचे (कार्यालय भवन, इंटरनेट कनेक्टिविटी, आदि) के साथ-साथ क्षमता वृद्धि सूचकांक को 44% से बढ़ाकर 54.6% करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **पदाधिकारियों में उल्लेखनीय प्रगति:** पंचायतों को सौंपे गए पदाधिकारियों का प्रतिशत 39.6% से बढ़कर 50.9% हो गया, जो भर्ती और कर्मियों को मजबूत बनाने के प्रयासों को दर्शाता है।

*प्रभावी हस्तांतरण में प्रमुख चिंताएँ क्या हैं?*

- **चुनाव प्रबंधन:** राज्य चुनाव आयोग (SEC) कभी-कभी चुनाव की तारीखों पर राज्य सरकारों से परामर्श करते हैं, जिससे संभावित देरी या राजनीतिक हेरफेर हो सकता है।
- **उदाहरण:** महाराष्ट्र में, राज्य सरकार के हस्तक्षेप के कारण 2022 में पंचायत चुनाव में देरी हुई।
- **पंचायतों की गैर-केंद्रीयता:** पंचायतें ग्यारहवीं अनुसूची में उनके लिए निर्दिष्ट विषयों में काम करती हैं, लेकिन उन्हें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उनके संवैधानिक जनादेश को कमजोर करती हैं।
- **उदाहरण:** कई राज्यों में, PMGSY (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) जैसी ग्रामीण विकास योजनाओं को ग्राम पंचायतों के बजाय राज्य विभागों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
- **कार्यों, निधियों और पदाधिकारियों का अपर्याप्त हस्तांतरण:** PRI को कार्यों, निधियों और कार्यकर्ताओं का हस्तांतरण अपर्याप्त रहा है, जिससे उनकी अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने की क्षमता सीमित हो गई है।
- **उदाहरण:** झारखंड और ओडिशा में, हस्तांतरण के लिए कानूनी प्रावधान होने के बावजूद, पंचायतों का शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि योजनाओं पर सीमित नियंत्रण है।
- **वित्तीय स्वायत्तता का अभाव:** PRI के पास पर्याप्त वित्तीय स्वतंत्रता नहीं है क्योंकि वे ज्यादातर राज्य सरकारों से अनियमित और अपर्याप्त अनुदान पर निर्भर हैं।
- **उदाहरण:** उत्तर प्रदेश में, ग्राम पंचायतें स्थानीय परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए राज्य अनुदान पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

- **सहायक कर्मचारियों की कमी:** पंचायतों में सचिवों, जूनियर इंजीनियरों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और डेटा एंट्री ऑपरेटरों जैसे सहायक कर्मचारियों और कर्मियों की भारी कमी है, जो उनके कामकाज और उनके द्वारा सेवाओं के वितरण को प्रभावित करती है।
- **उदाहरण:** बिहार में, कई ग्राम पंचायतें सिर्फ एक पंचायत सचिव के भरोसे चल रही हैं, जो कई गांवों का प्रबंधन कर रहा है।

***रिपोर्ट में क्या सिफारिशें की गई हैं?***

- **व्यापक पाठ्यक्रम विकास:** स्थानीय लोक सेवा प्रबंधन में दो वर्षीय पाठ्यक्रम लागू करना, जिसमें पंचायत पदाधिकारियों के लिए सार्वजनिक प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, कानून और ई-गवर्नेंस जैसे आवश्यक क्षेत्र शामिल हों
- **क्षमता निर्माण और डिजिटल शासन को बढ़ावा देना:** डिजिटल बुनियादी ढांचे, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और डेटा-संचालित शासन को बेहतर बनाना। उदाहरण: क्षमता वृद्धि में तेलंगाना की सफलता प्रभावी शासन के लिए संस्थागत सुदृढ़ीकरण के महत्व को उजागर करती है।
- **अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना:** वास्तविक समय की वित्तीय निगरानी, सामाजिक लेखा परीक्षा और शिकायत निवारण प्रणाली को लागू करना। उदाहरण: उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में उछाल का श्रेय भ्रष्टाचार विरोधी उपायों और एक मजबूत पारदर्शिता ढांचे को जाता है।

## 38वाँ सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025

- **आयोजन** – 7 से 23 फरवरी तक हरियाणा के फरीदाबाद जिले के सूरजकुंड में।
- **आयोजक** – सूरजकुंड मेला प्राधिकरण, हरियाणा पर्यटन विभाग, केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय और विदेश मंत्रालय।
- **भागीदार राष्ट्र** – बिम्सटेक राष्ट्र।
- **थीम राज्य** – ओडिशा और मध्य प्रदेश।
- हरियाणा सरकार द्वारा 38वें सूरजकुंड महोत्सव में कमल किशोर सोनी को 'कलामणि अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- **उपलब्धि** – ऊँट की हड्डी पर डिजाइन हेतु।





- इसमें **'नारंगी अर्थव्यवस्था'** को बढ़ावा दिया गया।
- **नारंगी अर्थव्यवस्था** का संबंध रचनात्मक और सांस्कृतिक उद्योगों से है जो आर्थिक विकास में योगदान करते हैं।

## भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता की उपलब्धि हासिल की

- 31 जनवरी, 2025 तक भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता – 100.33 गीगावाट (वर्ष 2014 में 2.82 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में 100 गीगावाट, एक दशक में 3450% की वृद्धि)।
- सौर ऊर्जा भारत की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा का 47% है।
- शीर्ष राज्य – राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु।

***पंचामृत (CoP 26): भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत की कार्रवाई के निम्नलिखित पाँच अमृत तत्व (पंचामृत) प्रस्तुत किए हैं:***

- *2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता तक पहुँचना।*
- *2030 तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करना।*
- *अभी से 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में 1 बिलियन टन की कमी लाना।*
- *2005 के स्तर की तुलना में 2030 तक अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45% की कमी लाना।*
- *2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना।*

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन

- मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से राज्य में राष्ट्रपति शासन (दो अन्य नाम- राज्य आपातकाल अथवा संवैधानिक आपातकाल) लागू।

- **कारण** – मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय (अनुसूचित जनजाति) के बीच मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति के दर्जे की माँग के कारण हुई हिंसा।
- **आधार** – संविधान के भाग-18 के अन्तर्गत अनुच्छेद 356 के प्रावधानों के अनुसार।

*अनुच्छेद 356*

- *अनुच्छेद 356 राष्ट्रपति को घोषणा जारी करने का अधिकार देता है, यदि वह आश्वस्त है कि वह स्थिति आ गई है कि राज्य सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुरूप नहीं चल सकती है। राष्ट्रपति, राज्य के राज्यपाल (रिपोर्ट) के आधार पर या दूसरे ढंग से (राज्यपाल के विवरण के बिना) भी प्रतिक्रिया कर सकता है।*
- *सर्वाधिक बार राष्ट्रपति शासन – मणिपुर (11)।*
- *सर्वाधिक समय तक राष्ट्रपति शासन – जम्मू और कश्मीर (12 वर्ष से ज्यादा)*

## भारत में चार नए रामसर स्थलों की घोषणा

(i) उधवा झील, झारखंड (राज्य का पहला)
(ii) तीर्थंगल (तमिलनाडु)
(iii) सक्करकोट्टई (तमिलनाडु)
(iv) खेचोपलरी – सिक्किम (राज्य का पहला)

- भारत में कुल रामसर स्थल – 89 (सर्वाधिक – तमिलनाडु 20)
- एशिया में सर्वाधिक रामसर स्थल – भारत।

*राजस्थान में रामसर स्थल –*

(i) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर
(ii) सांभर झील, जयपुर

## एयरो इंडिया 2025

- **संस्करण** – 15वाँ।
- **आयोजन** – 10 से 14 फरवरी तक येलहंका बेंगलुरू एयरफोर्स स्टेशन।
- विश्व के दो सबसे उन्नत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान SU-57 (रूस) और F-35 लाइटनिंग II (अमेरिका) की भागीदारी।
- **आयोजक** – भारत सरकार का रक्षा मंत्रालय।

## सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन पर पहली क्षेत्रीय वार्ता

- **आयोजन** – 24 से 25 फरवरी तक नई दिल्ली में।
- आयोजक भारत सरकार का श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और भारतीय उद्योग परिसंघ तथा भारतीय नियोक्ता संघ।
- सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन को वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रारंभ किया गया था।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025

- कुल सीटें – 70
- परिणाम – भारतीय जनता पार्टी – 48, आम आदमी पार्टी – 22
- मुख्यमंत्री – रेखा गुप्ता (बीजेपी) 9वीं मुख्यमंत्री, चौथी महिला मुख्यमंत्री।
- दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 वोट शेयर – बीजेपी-45.56%, आप-43.57%, कांग्रेस-6.34%

## उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम, 1950) संशोधन विधेयक, 2025

- 21 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा द्वारा पारित।
- राज्य के 13 में से 11 जिलों में (हरिद्वार और उधमसिंह नगर को छोड़कर) राज्य के बाहर के लोगों के कृषि और बागवानी भूमि खरीदने पर प्रतिबंध।
- आवासीय उपयोग के लिए बिना अनुमति के 250 वर्गमीटर भूमि खरीदने की छूट।

## भारतीय संविधान का ब्रेल संस्करण

- संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शंकर आई हॉस्पिटल बेंगलुरू ने CII यंग इंडियंस के साथ मिलकर भारतीय संविधान का ब्रेल संस्करण पेश किया है।

## RuTAGe स्मार्ट विलेज सेंटर

- ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्य समूह (RuTAGe) स्मार्ट विलेज सेंटर (RSVC)।
- **उद्घाटन** – भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय सूद द्वारा हरियाणा के मंडौरा गाँव में।
- **उद्देश्य** – ग्रामीण नवाचार और टिकाऊ समाधान को बढ़ावा देना तथा गांवों की तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता प्रदान करना।

- RuTAGe भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय की एक पहल है।

## संकटग्रस्त पौधों की प्रजातियों के संरक्षण के लिए क्रायोजेनिक सीड वॉल्ट

- तमिलनाडु सरकार द्वारा तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर में स्थापित।
- इस सीड वॉल्ट में IUCN रेड लिस्ट में सूचीबद्ध दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त पौधों की 140 प्रजातियाँ, 50 घास प्रजातियाँ और 25 ऑर्किड प्रजातियों को संरक्षित किया जायेगा।

## ऐली (Ellie)

- एशिया का पहला आदमकद एनिमेट्रोनिक हाथी।
- **आवाज** – अभिनेत्री दिया मिर्जा।
- पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया द्वारा बेंगलुरू के सेंट जोसेफ स्कूल में अनावरण।
- **उद्देश्य** – छात्रो को पशु कल्याण के प्रति जागरूक करना।

## विजय दुर्ग

- कोलकाता में सेना की पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम का नाम बदलकर 'विजय दुर्ग' कर दिया गया है।
- फोर्ट विलियम के अंदर किचनर हाउस का नाम मानेकशॉ हाउस और दक्षिण द्वार सेंट जॉर्ज गेट का नाम शिवाजी गेट कर दिया गया है।
- **फोर्ट विलियम का निर्माण** – 1781 में अंग्रजों द्वारा।
- **नामकरण** – इंग्लैण्ड के राजा विलियम तृतीय के नाम पर।
- विजय दुर्ग, महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग तट पर स्थित छत्रपति शिवाजी के नौसैनिक अड्डे का नाम था।

## भारत का पहला ओपन-एयर आर्ट वॉल म्यूजियम

- **उद्घाटन** – केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा मौसम भवन, नई दिल्ली में।
- इसमें भारत मौसम विज्ञान विभाग की 150 वर्षों की यात्रा को 38 भित्ति चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है।
- दिल्ली स्ट्रीट आर्ट के सहयोग से विकसित।

## भारत का पहला व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर

- केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) ने मध्य प्रदेश के रीवा जिले में सफेद बाघ प्रजनन केन्द्र को अनुमति प्रदान की है।

## भारत का पहला अंडरवाटर म्यूजियम

- भारतीय नौसेना के लैंडिंग शिप टैंक आईएनएस गुलदार में महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम द्वारा स्थापित किया जाएगा।

## भारत की पहली समर्पित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) पॉलिसी

- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ।
- **उद्देश्य** – राज्य और टियर-2 शहरों को नवाचार और उत्कृष्टता के वैश्विक केन्द्रों में बदलना।
- **लक्ष्य** – 50 से अधिक GCC को आकर्षित करना और 37000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करना।

## जोगीघोपा अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल

- असम के जोगीघोपा में ब्रह्मपुत्र नदी (NW2) पर।
- भारत, भूटान और बांग्लादेश के बीच त्रिपक्षीय व्यापार के लिए महत्वपूर्ण।

## इनोवेट विद GoIStats

- भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा MyGov के सहयोग से 25 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित।
- **थीम** – 'विकसित भारत के लिए डेटा संचालित अंतर्दृष्टि'

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025

- 24 फरवरी से 28 फरवरी तक।
- लोगों के बीच वित्तीय जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक पहल।
- **थीम** – 'वित्तीय समझदारी – समृद्ध नारी' (Financial Literacy-Women's Prosperity)।

## बीमा ट्रिनिटी पहल

- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा 9वीं बीमा मंथन बैठक के दौरान घोषित पहल।
- **तीन घटक** – बीमा सुगम, बीमा विस्तार और बीमा वाहक।
  1. बीमा सुगम – एकीकृत डिजिटल मार्केट प्लेस
  2. बीमा विस्तार – समग्र बीमा उत्पाद (दुर्घटना, स्वास्थ्य, संपत्ति बीमा इत्यादि)।
  3. बीमा वाहक – बीमा उत्पादों के स्थानीय वितरकों के रूप में महिलाओं को शामिल करके बीमा पैठ बढ़ाना।

### बिसलेरी तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के मध्य समझौता

- एडॉप्ट ए हेरिटेज 2.0 कार्यक्रम तथा बिसलेरी की CSR पहल 'नयी उम्मीद' के तहत हेरिटेज जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए।
- प्रारंभ में बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चार ऐतिहासिक जल निकायों को गोद लिया जाएगा।
  1. आभानेरी में चाँद बावड़ी, राजस्थान
  2. नीमराणा में बावड़ी, राजस्थान
  3. रणथम्भौर किले में पद्मा और रानी तालाब, राजस्थान
  4. कालिंजर किले में बूढ़ा बूढ़ी तालाब, उत्तर प्रदेश

### भारत कैंसर जीनोम एटलस

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (IIT-M) द्वारा विकसित।
- **उद्देश्य** – भारत में प्रचलित कैंसर के जीनोमिक परिदृश्य को डिकोड करना।

### SwaRail

- रेल मंत्रालय का सुपर ऐप।
- व्यापक रेलवे सेवाएँ प्रदान करने वाला वन स्टॉप समाधान।
- रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (CRIS) द्वारा विकसित।

### MITRA पोर्टल

- सेबी द्वारा निवेशकों को निष्क्रिय या बिना दावे वाले म्यूचुअल फंड फोलियों को ट्रैक करने और पुन: प्राप्त में सहायता करने के लिए लॉन्च।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यकाल में वृद्धि

- केन्द्र सरकार द्वारा कार्यकाल में तीन वर्ष की वृद्धि (31.03.2028 तक)।
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग एक गैर-सांविधिक आयोग है।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित शहरी आवास भूमि सर्वेक्षण (NAKSHA)

- **पायलट परियोजना का शुभारंभ** – 18 फरवरी को केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्य प्रदेश के रायसेन से।
- भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने **डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP)** के तहत् इस पायलट परियोजना की शुरूआत की है।
- नक्शा के अन्तर्गत 26 राज्यों और 3 केन्द्रशासित प्रदेशों में 152 शहरी स्थानीय निकाय शामिल।
- **उद्देश्य** – शहरी भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण करना तथा संपत्ति के स्वामित्व एवं लेन-देन में पारदर्शिता बढ़ाना।

### कौशल भारत कार्यक्रम

- केन्द्र सरकार ने वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए 8800 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ केन्द्रीय क्षेत्र योजना कौशल भारत कार्यक्रम (SIP) के पुनर्गठन तथा वर्ष 2026 तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है।
- **कौशल भारत कार्यक्रम के तीन घटक**–
  (i) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (लाभार्थी 15 से 59 वर्ष आयु)
  (ii) प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्द्धन योजना (लाभार्थी 14 से 35 वर्ष आयु)
  (iii) जन शिक्षण संस्थान योजना (लाभार्थी 15 से 45 वर्ष आयु)
- कौशल भारत कार्यक्रम, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत वर्ष 2015 में प्रारंभ किया गया था।

### प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)

- भारत सरकार ने एकीकृत प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना को **15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान 2025-26 तक** जारी रखने को मंजूरी दी है।
- **प्रारंभ** – सितम्बर 2018
- यह एक अम्ब्रेला योजना हैं।
- उद्देश्य – किसानों के उपज के लिए लाभकारी मूल्य की गारंटी।
  - किसानों की आय दुगुनी करना।
- यह योजना दलहन, तिलहन व खोपरा पर लागू है।

- **क्रियान्वयन** – भारतीय खाद्य निगम (FCI) तथा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED)
- **पुराने घटक** – मूल्य समर्थन योजना, मूल्य न्यूनता भुगतान योजना तथा निजी खरीद और स्टॉकिस्ट योजना।
- **नए घटक – PM आशा योजना के 4 घटक हैं।**
  1. **मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस):**– फसल खरीद पर होने वाले व्यय और नुकसान की भरपाई केन्द्र द्वारा (दलहन, तिलहन व खोपरा)।
  2. **मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ):** दालों और प्याज सहित आवश्यक कृषि-बागवानी वस्तुओं में मूल्य अस्थिरता से उपभोक्ताओं को बचाने तथा जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए रणनीतिक बफर स्टॉक बनाने हेतु।
  3. **मूल्य घाटा भुगतान योजना (पीओपीएस):**– फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य के अंतर का भुगतान (तिलहन)।
  4. **बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस):** उपज की खरीद के बजाय किसानों के खाते में सीधे अंतर संबंधी भुगतान हेतु।
- भारत दाल, भारत आटा और भारत चावल की सब्सिडी वाली खुदरा बिक्री मूल्य स्थिरीकरण कोष घटक में शामिल हैं।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

- योजना के तहत 27 जनवरी 2025 तक लाभान्वित होने वाले शीर्ष 5 राज्य–

  (i) गुजरात (ii) महाराष्ट्र
  (iii) उत्तर प्रदेश (iv) केरल
  (v) राजस्थान

- *13 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ।*
- *लक्ष्य – मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करना।*

## उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) 5.5

- केन्द्र सरकार ने उड़ान योजना के अगले चरण उड़ान 5.5 की शुरूआत की है।
- **उद्देश्य** – दूरदराज के क्षेत्रों, पहाड़ी क्षेत्रों और द्वीप क्षेत्रों में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना।
- **फोकस** – ऐसे मार्ग जहाँ केवल समुद्री विमानों, हेलीकॉप्टरों और 20 से कम यात्रियों की बैठने की क्षमता वाले विमानों का उपयोग किया जाएगा।
- दो श्रेणियों में विमान संचालकों को भागीदारी की अनुमति–
  - श्रेणी 1ए – 9 से कम यात्री
  - श्रेणी 1 – 20 से कम यात्री

### *उड़ान योजना*

- *क्षेत्रीय हवाई अड्डे के विकास और क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ।*
- ***उद्देश्य** – टियर-2 और टियर-3 शहरों में उड़ाने सस्ती और सुलभ बनाना।*

## G-SAFAL पहल

- Gujarat Scheme for Antyodaya Families for Augmenting Livelihoods.
- गुजरात सरकार की योजना
- **उद्देश्य** – अंत्योदय परिवारों की आजीविका को मजबूत करना, महिलाओं को सशक्त बनाना और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना।
- **कार्यान्वयन** – गुजरात आजीविका संवर्द्धन कंपनी लिमिटेड।
- **लक्ष्य** – अगले 5 वर्षों में गुजरात के 10 जिलों के 25 तालुकों में 50,000 अंत्योदय अन्य योजना कार्डधारक परिवारों को लाभान्वित करना।

## राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) इंटरनेशनल अकादमी

- **ग्रेटर नोएडा** में एनएसडीसी इंटरनेशनल अकादमी, भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की एक प्रमुख पहल है, जो विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके भारत के कार्यबल को बदलने के लिए समर्पित है।
- प्रतिवर्ष 1000 से ज्यादा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य।

- विदेशी भाषाओं, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार कौशल और विमानन सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष पाठ्यक्रम।
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने हाल ही में भारत भर में अपने कौशल विस्तार और उन्नत कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत 50 नए भावी कौशल केन्द्रों और 10 अंतर्राष्ट्रीय अकादमियों की घोषणा की है।
- चिप डिजाइन में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान का उत्कृष्टता केन्द्र उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्थापित।

***प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना***

- यह योजना युवाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में शुरू की गई थी।
- यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) का प्रमुख कार्यक्रम है और इसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

## स्वावलंबिनी

- भारत सरकार के कौशल विकास ओर उद्यमिता मंत्रालय द्वारा नीति आयोग के सहयोग से प्रारंभ एक महिला उद्यमिता कार्यक्रम।
- **उद्देश्य** – चुनिंदा उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्राओं को जरूरी उद्यमी माइंड सेट, संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना।

## वाटरशेड यात्रा

- केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा शुभारंभ।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (WDC-PMKSY 2.0) के वाटरशेड विकास घटक के अंतर्गत किए गए वाटरशेड विकास गतिविधियों के बारे में लोगों की भागीदारी बढ़ाने और जागरूकता (भूमि और जल संरक्षण) पैदा करने के लिए हाइब्रिड मोड में राष्ट्रीय स्तर का जनसंपर्क अभियान।
- **थीम** – 'जल लाए धन धान्य'।
- वाटरशेड यात्रा के दौरान 26 राज्यों और 2 केन्द्रशासित प्रदेशों में 6673 ग्राम पंचायतों की 805 परियोजनाएँ को कवर किया जायेगा।




## गैर-संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग अभियान

- 20 फरवरी से 31 मार्च तक केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा।
- **उद्देश्य** – मधुमेह, उच्च रक्तचाप और तीन आम कैंसर-ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल सहित प्रचलित गैर संचारी रोगों (NCD) के लिए 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की 100% स्क्रीनिंग करना।

## भारत टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम

- केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ साझेदारी में इंटरएक्टिव एंटरटेनमेंट एंड इनोवेशन काउंसिल द्वारा प्रारंभ।
- **उद्देश्य** – अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत के गेमिंग टैलेंट को पहचानना और प्रदर्शित करना।

## एनप्राउड (nPROUD)

- केरल के औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा सीधे घरों से अप्रयुक्त या एक्सपायर हो चुकी दवाओं को इकट्ठा करने और उनके सुरक्षित निपटान के लिए प्रारंभ की गई पायलट परियोजना।

# चर्चित व्यक्तित्व

## ज्ञानेश कुमार

- भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त। (राजीव कुमार का स्थान लिया)।
- **कार्यकाल** – 26 जनवरी 2029 तक
- विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है।
- ज्ञानेश कुमार का चयन मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें ओर पदावधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के अन्तर्गत मुख्य चुनाव आयुक्त की पहली नियुक्ति है।



**चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया में दो चरण शामिल हैं:**

- **खोज समिति** (कानून मंत्री की अध्यक्षता में) पाँच नामों को शॉर्टलिस्ट करती है।
- **चयन समिति** (प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (प्रधानमंत्री द्वारा नामित)) अंतिम उम्मीदवार का चयन करती है।
- राष्ट्रपति आधिकारिक तौर पर इस सिफारिश के आधार पर सीईसी की नियुक्ति करते हैं।

**नए कानून के तहत पात्रता और कार्यकाल:**

- उम्मीदवारों को भारत सरकार के सचिव के पद पर होना चाहिए।
- चुनाव प्रबंधन में ईमानदारी और अनुभव होना चाहिए।

***सेवा की शर्तें:***

- सीईसी और ईसी पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं।
- कुल कार्यकाल छह साल से अधिक नहीं हो सकता (ईसी और सीईसी के रूप में सेवा सहित)

## वी. अनंथा नागेश्वरन

- भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार।
- सरकार ने नागेश्वरन का कार्यकाल 31 मार्च 2027 तक दो साल के लिए बढ़ा दिया है।

## शक्तिकांत दास

- पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगी।

- फिलहाल पी.के. मिश्रा प्रधानमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी-1 हैं।

## पूर्णिमा देवी बर्मन



- भारतीय जीवविज्ञानी पूर्णिमा देवी बर्मन टाइम मैगजीन की वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ महिलाओं की सूची में शामिल (सूची में शामिल एकमात्र भारतीय महिला)।
- असम में ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क (हरगिला) के संरक्षण के लिए हरगिला आर्मी का गठन किया।
- पूर्णिमा देवी बर्मन के प्रयासों से ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क को वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की 'लुप्तप्राय (इंडेंजर्ड)' से 'नियर थ्रेटन्ड' सूची में शामिल किया गया।
- वर्ष 2024 में व्हिटली गोल्ड अवॉर्ड (ग्रीन ऑस्कर), वर्ष 2022 में चैम्पियन्स ऑफ द अर्थ अवॉर्ड तथा वर्ष 2017 में नारी शक्ति पुरस्कार विजेता।

## सुनील मित्तल

- भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को ब्रिटिश सरकार द्वारा वर्ष 2024 के लिए नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सेलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) की मानद उपाधि प्रदान की गई है।
- मानद नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय नागरिक।

# पुरस्कार

## वर्ष 2024 का डोगरी भाषा का साहित्य अकादमी पुरस्कार

- चमन अरोड़ा की पुस्तक इक होर अश्वत्थामा (लघु कथाएँ) को डोगरी भाषा का वर्ष 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनिबिलिटी अवॉर्ड 2025

- एनटीपीसी लिमिटेड को वाटर रीजिलिएंस श्रेणी में अवॉर्ड दिया गया।
- यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया द्वारा।

- यह अवॉर्ड भारत में उन संगठनों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र सतत विकास, लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए संधारणीयता और कार्पोरेट जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### नागालैण्ड वन प्रबंधन परियोजना को स्कॉच (SKOCH) पुरस्कार 2024

- संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के नेतृत्व में आवश्यकता आधारित और ग्राम विशिष्ट हस्तक्षेपों के माध्यम से लक्षित गांवों में टिकाऊ वन और पर्यावरण संरक्षण और आजीविका में सुधार के लिए।
- नागालैण्ड वन प्रबंधन परियोजना को जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (JICA) की सहायता से नागालैण्ड के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा क्रियान्वित किया गया है।

## सम्मेलन/बैठक

### इंडियन आर्ट हिस्ट्री कांग्रेस का 32वां सत्र

- **आयोजन** – 8 से 10 फरवरी तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज, नोएडा में।
- **थीम** – कला और संस्कृति में भारतीय महाकाव्यों का प्रतिपादन।
- भारतीय कला इतिहास कांग्रेस भारतीय कला विरासत का अध्ययन करने वाली अखिल भारतीय संस्था है।
- **मुख्यालय** – गुवाहाटी, असम।

### उद्योग गुणवत्ता आश्वासन सम्मेलन

- **आयोजन** – 7 फरवरी को नई दिल्ली में।
- **थीम** – सहयोगात्मक गुणवत्ता आश्वासन उद्योग और रक्षा के बीच की खाई को पाटना।

### इंडिया एनर्जी वीक 2025

- **संस्करण** – तीसरा
- **आयोजन** – 11 से 14 फरवरी तक यशोभूमि, नई दिल्ली में।
- विश्व का दूसरा सबसे बड़ा ऊर्जा सम्मेलन।

### भारतीय नौसेना प्रमुखों का सम्मेलन

- **आयोजन** – 8 से 9 फरवरी तक नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली में।
- आठ पूर्व नौसेना प्रमुख और वर्तमान नौसेना प्रमुख की भागीदारी।
- **''लीगेसी ऑफ लीडरशिप : नेवल चीफ्स थ्रू टाइम''** नामक पुस्तक का विमोचन।
  - ➢ **वर्तमान नौसेना प्रमुख** – दिनेश कुमार त्रिपाठी।

### 14वां एशियाई मत्स्य पालन और जलीय कृषि मंच (AFAF)

- **आयोजन** – 12 से 15 फरवरी तक नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – एशियाई मत्स्य पालन सोसायटी (प्रत्येक 3 साल में आयोजित)
- **थीम** – एशिया-प्रशांत में ब्लू ग्रोथ को हरित बनाना।

### भारतटेक्स 2025

- **आयोजन** – 14 से 17 फरवरी तक ग्रेटर नोएडा में।
- **आयोजक** – भारत सरकार का वस्त्र मंत्रालय तथा भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन।

### ग्रीन मेट्रो सिस्टम पर 5वाँ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन** – 18 फरवरी को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, आई-मेट्रो, भारतीय उद्योग परिसंघ तथा भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल।
- सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल ने ओखला विहार मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो वायडक्ट पर भारत के पहले वर्टिकल बाइ-फेसियल सोलर प्लांट का उद्घाटन किया।

### काशी तमिल संगमम 3.0

- **उद्घाटन** – 15 फरवरी को वाराणसी में।
- **आयोजन** – 15 से 24 फरवरी तक।
- **उद्देश्य** – देश के दो सबसे महत्वपूर्ण और प्राचीन शिक्षण केन्द्र तमिलनाडु तथा काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों को मजबूत करना।
- **मुख्य विषय** – सिद्ध चिकित्सा पद्धति, शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डालना।
- कार्यक्रम की थीम 4S पर आधारित है- Saint tradition, Scientists, Social Reformer and Students.

### प्रथम मुख्य सूचना अधिकारी सम्मेलन 2025

- **आयोजन** – 18 फरवरी को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार।

### स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (SOUL) कान्क्लेव 2025

- **आयोजन** – 21 से 22 फरवरी तक नई दिल्ली में।
- **उद्घाटन** – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।
- स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की आधारशिला गांधीनगर, गुजरात में रखी गई है।
- **उद्देश्य** – औपचारिक प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में राजनीतिक परिदृश्य को व्यापक बनाना और सार्वजनिक सेवा के लिए योग्य, प्रतिबद्ध और जुनूनी लोगों को आगे बढ़ाना।

### 98वाँ अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में उद्घाटन।

### पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद् की 27वीं बैठक

- **आयोजन** – 22 फरवरी को पुणे, महाराष्ट्र में।
- **आयोजक** – केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत अंतर-राज्य परिषद् सचिवालय तथा महाराष्ट्र सरकार।
- पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद् में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र और केन्द्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव शामिल हैं।

- *वर्ष 1957 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा 15-22 के अंतर्गत 5 क्षेत्रीय परिषदों (उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद्) की स्थापना की गई थी।*
- *इनके अध्यक्ष केन्द्रीय गृहमंत्री होते हैं, जबकि संबंधित क्षेत्रीय परिषद् में शामिल राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासक/उप-राज्यपाल इसके सदस्य होते हैं।*
- *क्षेत्रीय परिषद् में शामिल राज्यों के मुख्यमंत्री बारी-बारी से इसके उपाध्यक्ष बनते हैं।*
- *राज्यपाल द्वारा परिषद् के सदस्य के रूप में प्रत्येक राज्य से दो ओर मंत्रियों को नामित किया जाता है।*
- *प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद् ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है।*

### आस्था और जलवायु परिवर्तन विषय पर जलवायु सम्मेलन

- **आयोजन** – 16 फरवरी को प्रयागराज में।
- **आयोजक** – उत्तरप्रदेश सरकार तथा इंटरनेशनल फोरम फॉर एन्वायरनमेंट, सस्टेनिबिलिटी एंड टेक्नोलॉजी (iFOREST)
- **थीम** – कुम्भ की आस्था एवं जलवायु परिवर्तन।

### महिला शांति सैनिकों के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन** – 24-25 फरवरी को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – भारत सरकार का विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केन्द्र (CUNPK)।

## युद्धाभ्यास

### ट्रॉपेक्स, 2025

- थियेटर लेवल ऑपरेशनल रेडीनेस एक्सरसाइज (TROPEX)।
- **आयोजन** – जनवरी से मार्च 2025 तक हिंद महासागर क्षेत्र में (दो साल में एक बार आयोजित)।
- भारतीय सेना, वायुसेना तथा नौसेना की भागीदारी।

### साइक्लोन 2025

- भारत-मिस्त्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास।
- **संस्करण** – तीसरा।
- **आयोजन** – 10 से 23 फरवरी तक महाजन फील्ड फायरिंग रेंज बीकानेर, राजस्थान।
- **अभ्यास साइक्लोन 2025 का आदर्श वाक्य:** टूगेदर वि ट्रेन टूगेदर वि एक्सेल।

### एक्सरसाइज विंग्ड रेडर्स (Exercise Winged Raiders)

- भारतीय सेना तथा वायुसेना का संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास।
- भारतीय सेना के पूर्वी थियेटर में आयोजित।

### जल-थल-रक्षा 2025 सैन्य अभ्यास

- भारतीय सेना द्वारा बेट द्वारका, गुजरात में आयोजित।
- द्वीपों की सुरक्षा और अवैध अतिक्रमण से निपटने के लिए।
- भारतीय सेना, कोस्ट गार्ड और मरीन पुलिस की भागीदारी।

# उत्सव/महोत्सव

## आदि महोत्सव 2025

- **उद्घाटन** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा।
- **आयोजन** – 16 से 24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – भारतीय जनजाति सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)।

**ट्राइफेड**

- *ट्राइफेड भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत एक संगठन है, जो जनजातीय उत्पादों के विपणन विकास के माध्यम से जनजातीय समुदायों के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए समर्पित है।*
- *ट्राइफेड ने जनजातीय समुदाय की आजीविका सृजन को बढ़ावा देने के लिए मीशो, भारतीय पाक कला संघो के महासंघ (IFCA) और महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिकीकरण संस्थान (MGIRI) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।*

## 51वाँ खजुराहो नृत्य महोत्सव

- **आयोजन** – 20 से 26 फरवरी तक खजुराहो, मध्य प्रदेश में।
- महोत्सव में 139 कलाकारों ने 24 घंटे, 9 मिनट और 26 सेकेण्ड तक लगातार नृत्य कर सर्वाधिक समय तक क्लासिकल डांस मैराथन का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया।

## अंतर्राष्ट्रीय पक्षी महोत्सव 2025

- **आयोजन** – 16 से 18 फरवरी तक प्रयागराज में।

## अली ऐ लिगांग उत्सव

- असम की मिशिंग जनजाति का बसंत त्योहार
- प्रतिवर्ष गिन्मुर पोलो (फरवरी-मार्च) महीने के पहले बुध वार को मनाया जाता है।
- अली का अर्थ है जड़/बीज, ऐ-फल और लिगांग का अर्थ है- बोना। इसलिए इस दिन धान की औपचारिक बुवाई शुरू होती है।

# चर्चित पुस्तक

- **आई एम?** – गोपीचंद पी. हिंदुजा की पुस्तक।
- **द न्यू आॅइकन : सावरकर एंड द फैक्ट्स** – अरूण शौरी की पुस्तक।
- **लाइफ ऑन मार्स : कलेक्टेड स्टोरीज** – नमिता गोखले की पुस्तक।

# निधन

- **आचार्य सत्येन्द्र दास** – राम मन्दिर, अयोध्या के मुख्य पुजारी।
- **आरएस वेंकटरमन** – तमिल श्रोताओं के लिए भारत की स्वतंत्रता की घोषणा करने वाले ऑल इंडिया रेडियो के न्यूज रीडर।
- **नवीन चावला** – पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त।
- **सुकरी बोम्मागौड़ा** – कर्नाटक की लोक कलाकार (हलक्की लोकगीत) और पद्मश्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता।
- **मायाधर राउत** – प्रसिद्ध ओडिशी नृतक।
- **विमला बहुगुणा** –
  - चिपको आन्दोलन की प्रतीक और कार्यकर्ता।
  - 1953-55 में बिहार में भूदान आंदोलन में भाग लिया।
  - प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा की पत्नी।

# अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- **पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल)**– भारत नागरिक विमानन में इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस शुरू करने वाला विश्व का दूसरा देश बन गया है।
- **पहला सचल आयकर सेवा केन्द्र** – केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा नेवी नगर कोलाबा, मुम्बई में उद्घाटन।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान और अर्घ्यम (Arghyam) के मध्य WASH (Water, Sanitation and Hygiene) क्षेत्र के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

- केन्द्रीय खान मंत्रालय ने बैराइट्स फेल्सपार, अभ्रक और क्वार्ट्ज को गौण खनिजों की श्रेणी से प्रमुख खनिजों की श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया है।
- उत्तर प्रदेश विधानसभा अनुवादक की सुविधा वाली देश की पहली विधानसभा बनी है।
- मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट गोवा ने सर्विस सेक्टर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार जीता है।
- भारत सरकार ने मोहम्मद रफी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया है।
- **सिक्किम का पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल नामची पूर्वोत्तर का एकमात्र ग्रीन रेटेड स्कूल बना** – 4 फरवरी को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित ग्रीन कार्निवल और ग्रीन स्कूल्स अवार्ड समारोह में सेंटर ऑफ साइंस एंड एनवायरमेंट द्वारा राष्ट्रीय ग्रीन स्कूल अवार्ड से सम्मानित।
- भारतीय सेना ने हाई एल्टीट्यूड पर बंकर निर्माण में प्रयुक्त पारंपरिक निर्माण सामग्री के प्रतिस्थापन के रूप में एपॉक्सी बांस आधारित कम्पोजिट के अनुसंधान, डिजाइन और निर्माण के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहटी, असम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।
- **भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) विश्वविद्यालय** – महाराष्ट्र में स्थापित किया जायेगा।
- **बैजयंत पांडा कमेटी** – आयकर विधेयक, 2025 की जाँच करने के लिए लोकसभा द्वारा गठित 31 सदस्यीय सलेक्ट कमेटी।
- **लोकसभा ने 6 नई भाषाओं को ट्रांसलेशन सेवाओं में शामिल किया** – बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत।
  - अभी तक संसद में अंग्रेजी और हिन्दी के अलावा असमियाँ, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में समकालिक अनुवाद की सुविधा उपलब्ध थी।
- **भारत का पहला बायो पॉलीमर प्लांट** – उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के कुंभी में बलरामपुर शुगरमिल्स लिमिटेड द्वारा स्थापित।
  - जैविक तरीके से पॉलीमर्स का उत्पादन।
- **भारत का पहला अपतटीय हवाई अड्डा** – वधावन हवाई अड्डा, मुम्बई में एक मानव निर्मित द्वीप पर बनाया जायेगा।
- **वन मैन ऑफिस (OMO) सेवा** – भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पॉलिसी धारकों को निर्बाध रूप से सेवा प्रदान करने के लिए शुरू की गई डिजीटल पहल।
- **डिजिटल ब्रांड पहचान मैनुअल (DBIM) का शुभारंभ**– सभी सरकारी वेबसाइट व प्लेटफार्म पर एक समान मानकीकृत इंटरफेस स्थापित करने के लिए।

❖❖❖

# 04 अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21वीं सदी के अमेरिका-इंडिया कॉम्पैक्ट (''सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना'') पहल का शुभारंभ किया गया -परिणाम संचालित एजेंडे के प्रति प्रतिबद्धता जताकर सहयोग के प्रमुख स्तंभों में परिवर्तनकारी बदलाव करने पर जोर दिया।
- **सहयोग के क्षेत्र में**
  - अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी (2025-2035) के लिये एक नवीन 10 वर्षीय फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किये जाएंगे।
  - स्वायत्त प्रणाली उद्योग गठबंधन - हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उद्योग साझेदारी और उत्पादन को बढ़ाने के लिए।
- **व्यापार और निवेश विस्तार**
  - ''मिशन 500'' 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य।
  - 2025 तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किशत पर बातचीत करना।
- **ऊर्जा सुरक्षा**
  - अमेरिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) में भारत की सदस्यता के समर्थन के साथ परमाणु, गैस और तेल के क्षेत्र में सहयोग में विस्तार होगा।
- **प्रौद्योगिकी उन्नति**
  - क्रांतिक और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (iCET) को TRUST (रणनीतिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर संबंधों में परिवर्तन) पहल के रूप में पुन: ब्रांड किया गया, जिसमें अर्द्धचालक, क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पर ध्यान केंद्रित किया गया।
  - NASA-ISRO पहलों के माध्यम से नागरिक अंतरिक्ष सहयोग में विस्तार होगा।
  - अंतरिक्ष सहयोग को गहरा करने के लिए INDUS-X प्लेटफॉर्म से प्रेरित INDUS इनोवेशन की शुरुआत की गई है, जो अंतरिक्ष और उभरती हुई तकनीक में शैक्षणिक और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ावा देगा।
- **बहुपक्षीय सहयोग**
  - अमेरिका तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण करेगा (26/11 आतंकी हमला)।
  - हिंद महासागर सामरिक उद्यम - आर्थिक संपर्क और वाणिज्य में समन्वित निवेश को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी मंच।

## प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा

- छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टर विकसित करके परमाणु ऊर्जा में सहयोग ।
- मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन।
- भारत-फ्रांस इंडो-पैसिफिक त्रिकोणीय विकास सहयोग का शुभारंभ।

***भारत-फ्रासं संबंध***

- *फ्रांस ने भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया।*
- *रक्षा सहयोग में स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के निर्माण और स्वदेशीकरण में प्रगति तथा FRIND-X रक्षा स्टार्टअप प्लेटफॉर्म का शुभारंभ।*
- *वरुण, ला पेरोस जैसे सैन्य अभ्यास।*
- *भारत सात ITER सदस्यों में से एक है, जो 500 मेगावाट फ्यूजन पावर उत्पन्न करने के लिए दुनिया के सबसे बड़े टोकामक को इकट्ठा करने में योगदान दे रहा है।*
- *वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत-फ्रांस वर्ष नवाचार (2026) का शुभारंभ।*
- *2024 में $15 बिलियन से अधिक द्विपक्षीय व्यापार।*

### भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत दौरे पर

***प्रमुख परिणाम–***

- भारत ने माइंडफुलनेस सिटी परियोजना (स्थायी आर्थिक केंद्र) के लिए समर्थन जारी रखा।
- पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असम के दर्रांगा में एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन।
- दोनों देश पुनात्सांगछू-I परियोजना (जल विद्युत परियोजना) को शीघ्र पूरा करने पर सहमत।

### कतर अमीर का भारत दौरा

- कतर राज्य के महामहिम अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने भारत का दौरा किया।

***मुख्य विशेषताएं:–***

- द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में उन्नत किया गया।
- 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 14 अरब डॉलर से दोगुना कर 28 अरब डॉलर करना।
- कतर सॉवरेन वेल्थ फंड बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और उभरती प्रौद्योगिकियों (एआई, मशीन लर्निंग) जैसे क्षेत्रों में 10 अरब डॉलर का निवेश करेगा।
- दोहरे कराधान से बचाव के लिए संशोधित समझौते का भी आदान-प्रदान किया गया।

***भारत कतर द्विपक्षीय संबंध***

- *रक्षा: जैर-अल-बहर द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास।*
- *व्यापार: 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 14.08 अरब डॉलर रहा। भारत कतर के लिए शीर्ष तीन सबसे बड़े निर्यात गंतव्य और आयात स्रोतों में से एक है ।*
- *निवेश: 15000 भारतीय कंपनियां कतर में काम करती हैं।*
- *सांस्कृतिक: वर्ष 2019 को भारत-कतर संस्कृति वर्ष के रूप में मनाया गया।*
- *भारतीय समुदाय कतर का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। (जनसंख्या का 27%)।*

## चर्चित व्यक्तित्व

### बार्ट डी वेवर

- बेल्जियम के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

### नवाफ सलाम

- 2022 के बाद से अपनी पहली पूर्ण सरकार बनाई, जिसमें नवाफ सलाम प्रधानमंत्री बने।

### मेजर जनरल इयाल जमीर

- इजराइल रक्षा बलों के नए चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किए गए।

### चंद्रिका टंडन



- भारतीय-अमेरिकी गायिका और उद्यमी ने 67वें वार्षिक ग्रैमी अवार्ड्स में बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम श्रेणी में एल्बम 'त्रिवेणी' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता।

### सैम नुजोमा

- नामीबिया के संस्थापक और पहले राष्ट्रपति का 95 वर्ष की आयु में निधन।

### क्लॉस इओहन्निस

- रोमानिया के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया।
- इली बोलोजान अंतरिम राष्ट्रपति बने।

### तिरुवल्लुवर

- तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर की एक प्रतिमा का फिलीपींस में अनावरण किया गया है।

### दिमित्री बकानोव

- रूस के स्टेट स्पेस कॉरपोरेशन रोस्कोसमोस के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए।

### काश पटेल

- अगले 10 वर्षों के लिए अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के 9वें निदेशक चुने गए ।
- एफबीआई प्रमुख संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी है।

### पड़ोसी को भिखारी बनाने की नीति

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25% टैरिफ और चीन पर 10% टैरिफ लगाया, जो अमेरिका के शीर्ष तीन व्यापार भागीदारों को प्रभावित करता है।
- यह अमेरिका की संरक्षणवादी व्यापार नीतियों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अमेरिका के $1 ट्रिलियन व्यापार घाटे को कम करना है।

- मेक्सिको ने इसके जवाब में अपने 'मेड इन मेक्सिको' ब्रांड अभियान को शुरू किया।

***पड़ोसी को भिखारी बनाने की नीति***

- *एडम स्मिथ ने 'द वेल्थ ऑफ नेशंस' में इस शब्द को गढ़ा था, जिसमें उन्होंने उन व्यापारिक नीतियों की आलोचना की थी, जिनका उद्देश्य संरक्षणवाद के माध्यम से धन में वृद्धि करना था, और इसके बजाय मुक्त व्यापार का तर्क दिया था।*

## होर्स्ट कोहलर

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रमुख व लोकप्रिय जर्मन राष्ट्रपति का निधन।

## त्शेगो गेलाई, दक्षिण अफ्रीका



- अमेरिका के लास वेगास में आयोजित मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता के 40वें संस्करण में मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बनीं।

## फोर्ब्स की महिला अरबपति सूची 2025

- सावित्री जिंदल ने भारत की सबसे अमीर महिला का खिताब बरकरार रखा।
- वालमार्ट के संस्थापक सैम वाल्टन की बेटी एलिस वाल्टन ने लोरियल के संस्थापक की पोती फ्रांस्वा बेटेनकोर्ट मेयर्स को पीछे छोड़ दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मार्सिले के मजारग्यूज युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया

- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में अपनी सेवा के लिए वहां याद किए गए 900 भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

## पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025

- भारत के प्रधानमंत्री ने पेरिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट 2025 की सह-अध्यक्षता की।
- एआई एक्शन समिट एक वैश्विक मंच है जो दुनिया के नेताओं, नीति निर्माताओं, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों को एआई शासन, नैतिकता और समाज में इसकी भूमिका पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है।
- **मुख्य परिणामः-**
  - 'लोगों और ग्रह के लिए समावेशी और सतत कृत्रिम बुद्धिमत्ता' पर संयुक्त वक्तव्य पर भारत, चीन, यूरोपीय संघ (अमेरिका और ब्रिटेन को छोड़कर) सहित 58 देशों ने हस्ताक्षर किए।
  - पर्यावरण के अनुकूल सतत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए गठबंधनः कृत्रिम बुद्धिमत्ता को पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ रास्ते पर लाना (फ्रांस द्वारा यूएनईपी और आईटीयू के साथ पहल की गई; भारत इसका संस्थापक सदस्य है)
  - डेटा, खुलेपन और जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित करने वाली वैश्विक सार्वजनिक हित साझेदारी, इस प्रकार सार्वजनिक भलाई के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देना। (भारत इसका भागीदार देश है)
  - सामान्य हित के कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए पेरिस चार्टरः कृत्रिम बुद्धिमत्ता के खुलेपन के सिद्धांत (भारत ने चार्टर को अपनाया)
  - एआई सक्षम हथियार प्रणालियों में मानव नियंत्रण बनाए रखने पर पेरिस घोषणाः भारत ने इस घोषणा का समर्थन नहीं किया।
  - भारत ने खुले स्रोत और टिकाऊ एआई की वकालत की तथा स्वच्छ ऊर्जा और कार्यबल के कौशल विकास पर जोर दिया।

- *द्वितीय भारत-फ्रांस AI नीति गोलमेज सम्मेलन पेरिस में AI एक्शन समिट 2025 के साथ आयोजित किया गया।*
- *इसका आयोजन भारत के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय, आईआईएससी बंगलूरू, इंडिया एआई मिशन और साइंसेज पो पेरिस द्वारा किया गया था।*

# चर्चित स्थान

## माउंट तरानाकी

- न्यूजीलैंड ने माउंट तरानाकी, एक स्ट्रेटोवोलकैनो को कानूनी व्यक्ति के रूप में मान्यता दी।

## अटाकामा रेगिस्तान

- प्रकाश प्रदूषण, अटाकामा रेगिस्तान में दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन को खतरे में डालता है ।

- यह रेगिस्तान उत्तरी चिली में स्थित है और पृथ्वी पर सबसे शुष्क स्थानों में से एक है।

## इजराइल

- इजराइल ने अपने खिलाफ पक्षपात का हवाला देते हुए UNHRC से खुद को अलग कर लिया।

> *अमेरिका ने UNHRC, WHO, UNESCO, पेरिस, जलवायु समझौते और ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों से खुद को अलग कर लिया।*

## सेंटोरिनी द्वीप

- ग्रीस के ज्वालामुवी द्वीप स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल सेंटोरिनी में लगातार भूकंप देखने को मिल रहे हैं।

## A23a विश्व का सबसे बड़ा हिमखंड

- A23a रिकॉर्ड पर सबसे बड़ा हिमखंड है, जिसने अंटार्कटिका में फिल्चनर आइस शेल्फ से अलग होने के बाद दक्षिण अटलांटिक में अपनी यात्रा शुरू की।

## युगांडा ने इबोला वैक्सीन के लिए पहला क्लिनिकल परीक्षण शुरू किया

- यह वैक्सीन इबोला वायरस की सूडान प्रजाति को लक्षित करती है।

## दक्षिण चीन सागर

- चीन ने पहले दक्षिण चीन सागर गहरे पानी के अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण को मंजूरी दे दी है।
- रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दक्षिण चीन सागर की सतह से 2000 मीटर नीचे स्थित अनुसंधान सुविधा।

### *दक्षिण चीन सागर के बारे में*

- *यह चीनी मुख्य भूमि के ठीक दक्षिण में स्थित है और इसकी सीमा ब्रुनेई, चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और वियतनाम देशों से लगती है।*
- ***विवादित द्वीप:** स्प्रैटली द्वीप, पैरासेल द्वीप, प्रतास, नटुना द्वीप और स्कारबोरो शोल और उनके संबंधित क्षेत्रीय जल पर क्षेत्रीय दावों के इर्द-गिर्द घूमता है।*
- *चीन अपने नौ-डैश लाइन मानचित्र के साथ समुद्र के 90% हिस्से पर दावा करता है और उसने द्वीपों का भौतिक रूप से विस्तार किया है (व्यापक ड्रेजिंग और कृत्रिम द्वीप-निर्माण में संलग्न है) और नियंत्रण स्थापित करने के लिए सैन्य प्रतिष्ठानों का निर्माण किया है।*
- *चीन लगातार तटरक्षक बल की मौजूदगी के माध्यम से स्कारबोरो शोल को भी नियंत्रित करता है।*
- *2013 में, फिलीपींस ने समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के तहत चीन के खिलाफ मध्यस्थता कार्यवाही शुरू की।*
- *2016 में, स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) ने चीन के "नौ-डैश लाइन" दावे के खिलाफ फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि यह यूएनसीएलओएस के साथ असंगत था। चीन ने मध्यस्थता के फैसले को खारिज कर दिया और पीसीए के अधिकार को चुनौती देते हुए अपनी संप्रभुता और ऐतिहासिक अधिकारों का दावा किया।*




## थाईपुसम उत्सव

- **आयोजन** – 11 फरवरी 2025
- भगवान मुरुगन (जिन्हें भगवान कार्तिकेय के नाम से भी जाना जाता है) के सम्मान में मनाया जाने वाला हिंदू उत्सव है।
- यह त्यौहार तमिलनाडु (भारत) और दुनिया (खासकर श्रीलंका, सिंगापुर, मलेशिया) भर में तमिल समुदाय द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है।

## घृणा-विरोधी अपराध कानून

- ऑस्ट्रेलियाई संसद ने सार्वजनिक रूप से नाजी सलामी देने पर प्रतिबंध लगाते हुए, नाजी नफरत के प्रतीकों (जैसे कि स्वास्तिक के प्रदर्शन/बिक्री) को गैर-कानूनी घोषित किया।
- यह कानून गाजा में इजराईल-हमास युद्ध के चलते देश में यहूदी विरोधी भावना में वृद्धि से निपटने का प्रयास है।

## आबू धाबी में BAPS हिंदू मंदिर

- आबू धाबी में एक भव्य कार्यक्रम के साथ अपनी पहली वर्षगांठ मनाई।
- **थीम:** मंदिर: समुदाय का हृदय।
- इस मंदिर के निर्माण में राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर प्रयोग में लिया गया था।

## श्री स्वामीनारायण मंदिर और सांस्कृतिक परिसर

- बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (BAPS) ने जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया है।

## श्री सनातन धर्म आलयम का महाकुंभभिषेक

- जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित

## प्वाइंट नेमो

- भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी, दिलना के. और रूपा ए. ने नौकायन पोत आईएनएसवी तारिणी पर सवार होकर पृथ्वी के सबसे दुर्गम स्थान प्वाइंट नेमो को सफलतापूर्वक पार किया।
- यह ऐतिहासिक यात्रा नाविका सागर परिक्रमा-II का हिस्सा है।

***नाविका सागर परिक्रमा II***

- *2 अक्टूबर, 2024 को नौसेना प्रमुख द्वारा गोवा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।*
- *यह अभियान समुद्र में लगभग 40000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा।*
- *यह लैंगिक सशक्तिकरण और समुद्री उत्कृष्टता के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।*

## नाइजर ने ऑन्कोसेरसियासिस को खत्म किया

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नाइजर को अफ्रीकी क्षेत्र में इसे खत्म करने वाला पहला देश घोषित किया।

***ऑन्कोसेरसियासिस के बारे में:***

- *यह ऑन्कोसेरका वॉल्वुलस नामक कृमि के कारण होने वाला एक परजीवी संक्रमण है, जो काली मक्खियों के काटने से फैलता है।*
- *इसे रिवर ब्लाइंडनेस के नाम से भी जाना जाता है।*
- *यह बीमारी मुख्य रूप से त्वचा और आंखों को प्रभावित करती है, जिससे त्वचा की गंभीर समस्याएं और संभावित अंधापन हो सकता है।*

## लिथियम अन्वेषण

- भारत और अर्जेंटीना के बीच लीथियम अन्वेषण और खनन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- *अर्जेंटीना अपने विशाल लिथियम भंडार के लिए जाना जाता है और बोलीविया और चिली के साथ लिथियम त्रिभुज का हिस्सा है।*




## जाग्रोस पर्वत

- पृथ्वी की सतह के नीचे एक अवतलित समुद्री 'स्लैब' (नियोटेथिस समुद्री स्लैब) इराक के उत्तरी क्षेत्र को अपने साथ नीचे खींच रहा है।
- यह अवतलन, प्लेट टेक्टोनिक्स के कारण हो रहा है।
- अरब एवं यूरेशियाई महाद्वीपीय प्लेटें आपस में टकरा रही हैं, जिससे समुद्री 'स्लैब' टूट कर अवतलित हो रहा है।



### होंडुरास

- टेगुसिगाल्पा, होंडुरास देश की राजधानी है।
- उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के बाद, भारत ने होंडुरास को मानवीय सहायता प्रदान की है।

### 51वां विश्व पुस्तक मेला

- **आयोजन:** प्रगति मैदान, नई दिल्ली।
- **विषय:** बहुभाषी भारत: एक जीवंत परंपरा।
- **आयोजक:** नेशनल बुक ऑफ ट्रस्ट।
- **अतिथि देश:** सऊदी अरब।

### यूनाइटेड किंगडम

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों के उपयोग से बच्चों की कामुक छवियाँ बनाने के विरुद्ध कानून पेश करने वाला पहला देश बन गया है।
- इस अपराध में 5 साल तक की जेल के प्रावधान हैं।

### अनंता

- गूगल ने बेंगलुरु में वैश्विक स्तर पर अपना सबसे बड़ा कार्यालय खोला है।

### भारत-म्यांमार सीमा

- संशोधित मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) के कारण सीमा पर 43 नियोजित क्रॉसिंग पॉइंट में से 22 सीमा द्वार सक्रिय किए गए हैं।
- म्यांमार के साथ भारत की 1643 किमी लंबी सीमा है जो अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम से होकर गुजरती है।

**एफएमआर के बारे में:**

- *1968 में बड़े पैमाने पर बिना बाड़ वाली पूर्वोत्तर सीमा पर जातीय और पारिवारिक संबंधों के कारण आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया था।*
- *2004 में मुक्त आवागमन की सीमा 40 किमी से घटाकर 16 किमी कर दी गई थी और अब 10 किमी है।*
- *सीमा निवासी बिना वीजा या पासपोर्ट के यात्रा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें QR कोड सक्षम सीमा पास की आवश्यकता होगी।*
- *असम राइफल्स सीमा पास जारी करने और प्रारंभिक सुरक्षा सत्यापन करने के लिए जिम्मेदार है। सीमा पास की वैधता 7 दिनों तक है।*

## संगठन

### विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH)

- पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने WOAH के साथ मिलकर पशुधन क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया है।

### पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC)

- ब्राजील ने OPEC+ में प्रवेश को मंजूरी दी।

***OPEC के बारे में***

- *यह 12 तेल निर्यातक विकासशील देशों का एक स्थायी अंतर-सरकारी संगठन है। भारत इसका सदस्य नहीं है।*
- *उत्पत्ति: इसे 1960 में बगदाद सम्मेलन में ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला द्वारा बनाया गया था। पेट्रोलियम उत्पादकों के लिए उचित और स्थिर मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सदस्य देशों के बीच पेट्रोलियम नीतियों का समन्वय और एकीकरण करना।*
- *मुख्यालय: वियना (ऑस्ट्रिया)*
- *OPEC+: यू.एस. शेल तेल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रेरित तेल की कीमतों में गिरावट के जवाब में, ओपेक ने 2016 में ओपेक+ बनाने के लिए 10 अन्य तेल उत्पादक देशों के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।*

### समुद्री नौवहन सहायता हेतु अंतर्राष्ट्रीय संगठन

- भारत को सिंगापुर में आईएएलए के उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया है।
- आईएएलए, 1957 में एक एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) के रूप में स्थापित हुआ जो सुरक्षित और कुशल नौवहन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं को आकार देने में अपनी भूमिका बढ़ाने के लिए एक आईजीओ (अंतर सरकारी संगठन) में 2004 में परिवर्तित हुआ।

### बंगाल की खाड़ी अंतर-सरकारी संगठन

- भारत ने मालदीव के माले में 13वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में बांग्लादेश से इसकी अध्यक्षता ग्रहण की।

### डिफेंस पार्टनरशिप-इंडिया (DP-I)

- यूके और भारत के बीच पहल।
- DP-I यू.के. के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक समर्पित प्रकोष्ठ है।
- यह द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए वन-स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करता है।
- रक्षा खरीद और तकनीक आदान-प्रदान को सरल बनाने के उद्देश्य से स्थापित।

***एयरो-इंडिया 2025 में भारत-ब्रिटेन रक्षा समझौते***

- *दोनों देशों ने लेजर बीम राइडिंग (LBRM) MANPADs की आपूर्ति के लिये एक अनुबंध पर हस्ताक्षर, जिसकी शुरुआत हाई वेलोसिटी मिसाइलों (STARStreak) एवं लांचरों की प्रारंभिक डिलीवरी से होगी।*
- *हैदराबाद में भारत की पहली एडवांस्ड शॉर्ट-रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल ASRAAM असेंबली एवं परीक्षण केंद्र स्थापित करेंगे।*
- *भारतीय नौसेना के लिए एकीकृत पूर्ण इलेक्ट्रिक प्रणोदन प्रणाली (IFEP) विकसित करने पर सहमति।*

### EFTA डेस्क

- भारत ने EFTA देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए EFTA डेस्क लॉन्च किया।
- यह 2024 में हस्ताक्षरित भारत-EFTA व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (TEPA) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

***TEPA की मुख्य विशेषताएं***

- *अगले 15 वर्षों में 100 बिलियन डॉलर के निवेश और 1 मिलियन प्रत्यक्ष नौकरियों की बाध्यकारी प्रतिबद्धता।*
- *यह 92.2% टैरिफ लाइनों को समाप्त करता है।*
- *गैर-कृषि उत्पादों के लिए पूर्ण पहुँच और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर रियायतें।*
- *सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी, वाणिज्यिक उपस्थिति और प्रमुख कर्मियों के प्रवेश और अस्थायी प्रवास के लिए बेहतर प्रतिबद्धताओं और निश्चितता के माध्यम से बेहतर पहुँच शामिल है।*
- *नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट और आर्किटेक्ट आदि जैसी व्यवसायिक सेवाओं में पारस्परिक मान्यता समझौतों के प्रावधान हैं।*

***यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA)***

- *यह आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड का अंतर-सरकारी संगठन है।*
- *इसकी स्थापना 1960 में स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा की गई थी।*

## सम्मेलन/बैठक

### अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA)

- यह आधिकारिक तौर पर संधि आधारित अंतर-सरकारी संगठन और अंतर्राष्ट्रीय कानूनी इकाई बन गया है, जिसका मुख्यालय भारत में है।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा स्थापित।
- **उद्देश्य:** सात प्रमुख बड़ी बिल्ली प्रजातियों का संरक्षण करना (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा)
- यह संरक्षण विशेषज्ञता साझा करने, संरक्षण पहलों को निधि देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है।

### बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन** – गांधीनगर, गुजरात।
- **थीम:** अंतर-बिम्सटेक आदान-प्रदान के लिये युवा एक सेतु के रूप में
- शिखर सम्मेलन में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि बिम्सटेक की 1.8 बिलियन आबादी में से 60% से अधिक युवा हैं, जो क्षेत्रीय विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है।

## विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2025

- दावोस, स्विटजरलैंड में आयोजित।

**परिणाम:**

- व्यवसाय के अनुकूलन हेतु स्थिरता महत्वपूर्ण है।
- कृत्रिम बुद्धिमता और हरित प्रौद्योगिकी से अवसर और चुनौतियाँ दोनों उत्पन्न होते हैं।
- वैश्विक चुनौतियों के लिए प्रभवी समाधान हेतु बहु-क्षेत्रीय साझेदारी की आवश्यकता।
- डीकार्बोनाइजेशन सुनिश्चित करते हुए तत्काल जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

***2025 WEF में भारत:***

- *भारत ने निवेश प्रतिबद्धताओं में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त किए, जिसमें महाराष्ट्र ने कुल का लगभग 80% प्राप्त किया।*
- *तेलंगाना ने 1.79 लाख करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया, केरल ने अपने औद्योगिक परिवर्तन पर जोर दिया और उत्तर प्रदेश ने 2029 तक शून्य गरीबी के साथ 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।*

## यूनानी चिकित्सा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उद्घाटन।
- आयुष मंत्रालय के तहत यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद द्वारा यूनानी दिवस (11 फरवरी) पर नई दिल्ली में आयोजित।
- **थीम:** 'एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचार- आगे की राह'

## 8वां हिंद महासागर सम्मेलन

- मस्कट, ओमान में आयोजित।
- **विषय:** समुद्री साझेदारी के नए क्षितिज की यात्रा।

***हिंद महासागर सम्मेलन के बारे में:***

- *इसकी स्थापना इंडिया फाउंडेशन (भारत आधारित थिंक टैंक) द्वारा 2016 में सिंगापुर में 30 देशों की भागीदारी के साथ की गई थी।*
- ***उद्देश्य:** क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में प्रमुख राज्यों और समुद्री भागीदारों को एकजुट करना।*

## जैव विविधता पर सम्मेलन (सीबीडी)

- जैव विविधता पर कन्वेंशन (सीबीडी) के लिए पार्टियों का 16वां सम्मेलन (सीओपी16) 25-27 फरवरी, 2025 रोम, इटली में आयोजित किया गया था।
- यह सम्मेलन 2024 में कैली, कोलंबिया में रोके गए सत्र का ही विस्तार था।

## ट्राइनेशन बौद्ध मोटरसाइकिल अभियान

- यह नेपाल, भारत ओर श्रीलंका को इनकी साझा बौद्ध विरासत के माध्यम से एकजुट करने वाली ऐतिहासिक पहल है।
- हार्टफुलनेस भगवान बुद्ध ट्राइनेशन ट्राई-सर्विसेज मोटरसाइकिल अभियान 'लुम्बिनी' (भगवान बुद्ध की जन्मस्थली) नेपाल से शुरू हुआ।
- अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण और नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर द्वारा आयोजित।

## 9वाँ एशिया आर्थिक वार्ता 2025

- **आयोजन** - पुणे, महाराष्ट्र
- **विषय** - विखंडन के युग में आर्थिक लचीलापन और पुनरुत्थान।

## यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID)

- यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विदेशी सहायता पर 90 दिनों की रोक लगा दी है, जिससे दुनिया भर में USAID कार्यक्रम रुक गए हैं।
- USAID वैश्विक मानवीय और विकास सहायता के लिए प्राथमिक अमेरिकी एजेंसी है।
- यह दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सहायता, आपदा राहत और नीति वकालत को निधि प्रदान करती है।

## नौसेना रक्षा प्रदर्शनी और सम्मेलन (NAVDEX 2025) और अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी (IDEX 2025)

- भारतीय तटरक्षक जहाज शूर ने अबू धाबी में आयोजित दो प्रमुख रक्षा प्रदर्शनियों में भाग लिया।



## आर्ट ऑफ लिविंग का अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन

- माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा बेंगलुरु में उद्घाटन।

## भारत में स्मार्ट पावर और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना (ASPIRE) कार्यक्रम

- यह एक द्विपक्षीय पहल है जिसका उद्देश्य भारत में स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और सतत विकास को बढ़ावा देना है, जो कि चौथे भारत-यूके ऊर्जा संवाद का हिस्सा है।

## भारत ऊर्जा सप्ताह 2025

- नई दिल्ली में आयोजित।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।
- इस कार्यक्रम में ऊर्जा की पहुँच, सुरक्षा, स्थिरता और डीकार्बोनाइजेशन प्रयासों पर जोर दिया गया।

## BIOFACH 2025

- जर्मनी के नूर्नबर्ग में आयोजित।
- जर्मनी द्वारा प्रायोजित दुनिया का सबसे बड़ा ऑर्गेनिक व्यापार मेला।
- कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने भारतीय जैविक उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए भारतीय मंडप की मेजबानी की।
- भारत को "BIOFACH 2026" में वर्ष का साझेदार देश बनाने के लिए एपीडा और नूर्नबर्ग मेस्से के बीच आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

## इलेक्ट्रिक्स कोरिया 2025

- सियोल, दक्षिण कोरिया में विद्युत ऊर्जा पर सम्मेलन आयोजित किया गया।

## चौथा नो मनी फॉर टेरर सम्मेलन

- म्यूनिख, जर्मनी में आयोजित।

***सम्मेलन के बारे में:***

- 2018 में फ्रांस द्वारा लॉन्च।
- **उद्देश्य:** आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना।

## संवाद-IV

- बैंकॉक और अयुत्या, थाईलैंड में आयोजित किया गया।
- **थीम:** धर्म-धम्म की एशियाई शताब्दी।
- **आयोजक:** विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन।

***संवाद के बारे में:***

- *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिवंगत जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के प्रयासों से 2015 में स्थापित।*
- *यह दो प्राचीन सभ्यताओं, हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म को एक साथ लाता है, जो सहिष्णुता को बढ़ावा देते हैं।*

## 30वाँ गल्फूड 2025

- **आयोजन** - 17 से 21 फरवरी
- दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य और पेय व्यापार प्रदर्शनी।
- दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित।

## 12वाँ विश्व सरकार शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन** - दुबई
- **थीम:** भविष्य की सरकारों को आकार देना।
- यह शासन और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उभरते रुझानों का पता लगाने के लिए राष्ट्राध्यक्षों, सरकारी अधिकारियों, वैश्विक संस्थानों और अग्रणी विशेषज्ञों को एक साथ लाता है।

- *सागर तेवतिया, अभिनव मिश्रा और अनुष्का सिंह ने विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के दौरान ग्लोबल बेस्ट एम-गॉव अवार्ड 2025 में कांस्य पुरस्कार जीता।*

## इनोवेशन आइलैंड समिट

- ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित किया गया।

## 55वां महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन

- सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक (डीजी बीएसएफ)- दलजीत सिंह चौधरी।

## विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES 2025)

- 1-4 मई, 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में निर्धारित।

- यह भारत के डिजिटल मनोरंजन परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी कार्यक्रम है।

### वैश्विक न्याय, प्रेम और शांति शिखर सम्मेलन

- 12-13 अप्रैल, 2025 को दुबई प्रदर्शनी केंद्र, एक्सपो सिटी में आयोजित किया जाएगा।
- **आयोजक:** आई एम पीसकीपर मूवमेंट

### भारत-नेपाल स्टार्टअप कनेक्ट 2025

- काठमांडू में आयोजित।
- **उद्देश्य:** उद्यमियों और दूरदर्शी लोगों को सीमाओं के पार सहयोग करने के लिए एक मंच प्रदान करना।

### एमआरओ मध्य पूर्व और एयरक्राफ्ट इंटीरियर्स मध्य पूर्व 2025

- दुबई, यूएई में आयोजित।
- इसका उद्देश्य एयरलाइन आपूर्ति शृंखला के प्रमुख खिलाड़ियों को साथ लाना है।

### छठा दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो

- इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित।
- काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स द्वारा आयोजित।

### प्रथम रायसीना मध्य पूर्व सम्मेलन

- आबू धाबी, यूएई में आयोजित।
- विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुख्य अतिथि।
- **आयोजक** - भारत के ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन, संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय और भारतीय विदेश मंत्रालय की साझेदारी।
- सम्मेलन में नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, मीडिया और निजी क्षेत्र के महत्व और दुनिया के साथ क्षेत्र के एकीकरण पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

### अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (आईआईएएस) सम्मेलन

- आईआईएएस-डीएआरपीजी (प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग) भारत सम्मेलन 2025 सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित।
- इसने 55 से अधिक देशों के विशेषज्ञों को लोक प्रशासन, शासन और नीति निर्माण में नवाचारों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान किया।
- **थीम:** ''अगली पीढ़ी के प्रशासनिक सुधार - नागरिकों को सशक्त बनाना और अंतिम मील तक पहुँचना''।

## युद्धाभ्यास

### अभ्यास कोमोडो

- बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास कोमोडो इंडोनेशिया के बाली में शुरू हुआ।
- आईएनएस शार्दुल और लंबी दूरी की समुद्री निगरानी पी8आई विमान इसमें भाग ले रहे हैं।
- 2014 में शुरू हुआ, यह इंडोनेशियाई नौसेना द्वारा मित्र देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक गैर-लड़ाकू सैन्य अभ्यास है।

### अभ्यास धर्म गार्जियन

- जापान के माउंट फूजी में।
- यह भारत और जापान में बारी-बारी से आयोजित होने वाला वार्षिक कार्यक्रम है।
- **उद्देश्य:** दो सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना।

### अभ्यास एकुवेरिन

- भारतीय सेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास।
- मालदीव में आयोजित किया गया।

### डेजर्ट हंट, 2025

- **आयोजन** - वायु सेना स्टेशन, जोधपुर
- **अवधि** - 24 से 28 फरवरी
- यह एक एकीकृत त्रि-सेवा विशेष बल अभ्यास जिसमें भारतीय सेना (पैरा कमाण्डो), भारतीय नौसेना (मरीन कमाण्डो), भारतीय वायु सेना (गरुड़ कमाण्डो) ने एक कृत्रिम युद्ध वातावरण में एक साथ भाग लिया।

## सूचकांक/रिपोर्ट

### भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2024

- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने प्रकाशित की।
- 180 देशों में भारत की रैंक 96 (2023 में 93)।

- डेनमार्क, सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र के रूप में शीर्ष पर रहा, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर का स्थान रहा।
- भारत के पड़ोसियों में, पाकिस्तान (135), श्रीलंका (121) और बांग्लादेश (149) की रैंकिंग खराब रही, जबकि चीन 76वें स्थान पर रहा।

## इंडिया ऑयल मार्केट ऑउटलुक 2030 रिपोर्ट

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा जारी।
- भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2030 तक 60% बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक बन जाएगा।

## विद्युत रिपोर्ट 2025

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने जारी की।

***भारत के संदर्भ में निष्कर्ष:***

- नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 21% (2024) से बढ़कर 27% (2027) हो जाएगी।
- परमाणु ऊर्जा 2031-32 तक 8.2 गीगावाट से तिगुनी होकर 22.5 गीगावाट हो जाएगी।

## इंटरनेट शटडाउन रिपोर्ट 2024

- एक्सेस नाउ (Access Now) द्वारा जारी।

***निष्कर्ष:***

- 2024 में 296 शटडाउन दर्ज किए गए (2023 में 283)।
- सबसे ज्यादा शटडाउन: म्यांमार(85), भारत(84), पाकिस्तान(21), रूस(19)।
- भारत ने किसी भी लोकतंत्र में सबसे ज्यादा शटडाउन दर्ज किए, जिसके प्रमुख कारण विरोध प्रदर्शन, चुनाव, सांप्रदायिक हिंसा और परीक्षाएँ थीं।
- अनुराधा भसीन केस (2020)- सुप्रीम कोर्ट ने माना कि इंटरनेट प्रतिबंध अस्थायी, वैध और आनुपातिक होने चाहिए।

## विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट 2024-26

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी।
- भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 24% (2021) से दोगुना होकर 49% हो गया।
- सामाजिक सुरक्षा सामान्य गरीबी और सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित लोगों को लाभ प्रदान करती है।

## अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए भूमि बहाली रिपोर्ट

- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) ने जारी की।

## जलवायु जोखिम सूचकांक क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2025

- **जारीकर्त्ता** - जर्मनवॉच

***निष्कर्ष:***

- 1993 और 2022 के बीच 7.5 लाख से अधिक लोगों की जान चली गई, जिसके परिणामस्वरूप 4.2 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।
- बाढ़, सूखा और तूफान वैश्विक विस्थापन के प्रमुख कारण है।
- 1993-2022 में, डोमिनिका, चीन और होंडुरास चरम मौसम की घटनाओं से प्रभावित शीर्ष-3 देश थे।
- म्यांमार, इटली और भारत अन्य अत्यधिक प्रभावित देशों में से थे।
- भारत 6वाँ सबसे अधिक प्रभावित देश (1993-2022) रहा, जहाँ चरम मौसम की घटनाओं के कारण 80000 मौतें (वैश्विक का 10%) और वैश्विक आर्थिक नुकसान का 4.3% ($180 बिलियन) था।
- भारत ने भयंकर बाढ़(1993, 2013, 2019), तीव्र गर्मी की लहरों(1998, 2002, 2003, 2015 में ~ 50°C) और गुजरात(1998), ओडिशा(1999), हुदहुद(2014) और अम्फान(2020) में विनाशकारी चक्रवातों का सामना किया है।

> **नोट:** एशियाई विकास बैंक की एशिया-प्रशांत *(APAC)* जलवायु रिपोर्ट 2024 में अनुमान लगाया गया है कि भारत को जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2070 तक 24.7% तक *GDP* में हानि हो सकती है, जिसका कारण समुद्र का बढ़ता जल स्तर तथा श्रम उत्पादकता में गिरावट होगी।

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स 2025

- रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और सीईओ मुकेश अंबानी को एशिया के सबसे अमीर परिवारों की सूची में शीर्ष स्थान मिला।

- इसके बाद थाईलैंड के चेरावनोंट परिवार को दूसरा और इंडोनेशिया के हार्टोनो परिवार को तीसरा स्थान मिला।

## बाफ्टा फिल्म पुरस्कार 2025

- 78वाँ बाफ्टा पुरस्कार समारोह लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित।
- ''कॉन्क्लेव'' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म और उत्कृष्ट ब्रिटिश फिल्म सहित चार पुरस्कार जीते।
- ''एड्रियन ब्रॉडी'' ने ''द ब्रूटलिस्ट'' के लिए प्रमुख अभिनेता का पुरस्कार जीता।
- ''मिकी मैडिसन'' ने ''अनोरा'' के लिए प्रमुख अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।
- ''पायल कपाड़िया'' की ''ऑल वी इमेजन एज लाइट'' को बेस्ट फिल्म नाट इन द इंग्लिश लैंग्वेज कैटेगरी में नामांकित किया गया है।

## फ्यूचरब्रांड इंडेक्स

- भारत की मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को एप्पल और नाइकी जैसे ब्रांडों से आगे वैश्विक स्तर पर दूसरा सर्वश्रेष्ठ ब्रांड का दर्जा दिया गया है। (2013-13वाँ स्थान)
- इस सूची में कोरियाई ब्रांड सैमसंग शीर्ष पर है।

# विविध

## पाक खाड़ी

- तमिलनाडु के 32 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना कर्मियों ने पाक खाड़ी में अवैध शिकार के आरोप में गिरफ्तार किया।




**पृष्ठभूमि:**

- *यह पाक खाड़ी क्षेत्र में मछली पकड़ने के अधिकारों से संबंधित है और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के उल्लंघन और क्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियों से उपजा है।*
- *पाक खाड़ी, तमिलनाडु और उत्तरी श्रीलंका को अलग करने वाली एक संकरी समुद्री पट्टी है जो समुद्री संसाधनों से समृद्ध है।*

***विवाद में योगदान देने वाले कारक:***

- *तमिलनाडु के मछुआरे ऐतिहासिक मछली पकड़ने के पैटर्न के कारण अक्सर इसको पार करते हैं।*
- *बॉटम ट्रॉलिंग जैसी प्रथाओं के कारण मछली भंडार में कमी।*
- *श्रीलंका की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता।*
- *कच्चाथीवु द्वीप विवाद।*

## सफेद गैंडे (व्हाइट राइनो)

- उत्तरी सफेद गैंडे कार्यात्मक रूप से विलुप्त हो चुके हैं, केवल 2 मादाएं बची हैं।
- हालांकि, इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन से 36 भ्रूण प्रत्यारोपण के लिए तैयार हैं, जिससे उप-प्रजातियों को बचाने में मदद मिलेगी।
- हाथी के बाद सफेद गैंडे दूसरे सबसे बड़े भूमि स्तनपायी हैं।

| उप-प्रजातियाँ | उत्तरी सफेद गैंडा | दक्षिणी सफेद गैंडा |
|---|---|---|
| IUCN स्थिति | गंभीर रूप से संकटग्रस्त | खतरे के करीब |
| निवास स्थान | केन्या में कैपेटिविटी में | दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, जिम्बाब्वे, केन्या |
| आहार | शुद्ध शाकाहारी, छोटी घास | |
| खतरा | अवैध शिकार, आवास की हानि, कम आनुवंशिक विविधता (विशेष रूप से उत्तरी सफेद गैंडों में) और जलवायु परिवर्तन। | |




**X मनी**

- एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X ने वीजा के साथ साझेदारी में अपने डिजिटल वॉलेट और पीयर-टू-पीयर भुगतान सेवा 'X मनी' का अनावरण किया है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और नेपाल विज्ञान और प्रौद्योगिकी अकादमी (NAST) ने भारत-नेपाल वैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
- संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी ADNOC (अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी) ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) के साथ 14 वर्षों के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) की आपूर्ति के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।
- स्वीडिश रक्षा कंपनी साब ने इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर लेजर वार्निंग सिस्टम-310 (एलडब्ल्यूएस-310) पर सहयोग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- अमेरिकी सेना अब ट्रांसजेंडर को सेना में भर्ती होने की अनुमति नहीं देगी ।
- अमेरिकी रक्षा सचिव मार्को रुबियो यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने पर बातचीत के लिए सऊदी अरब में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिले।
- ब्राजील सरकार ने घोषणा की है कि अगला (17वाँ) ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 6-7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में आयोजित किया जाएगा।
- **मॉरीशस राष्ट्रीय दिवस** - 12 मार्च को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे।

❖❖❖

# 05 विज्ञान और प्रौद्योगिकी

## ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए Axiom-4 मिशन के लिए मिशन पायलट चुने गये हैं।
- भारत के गगनयान मिशन के लिए चुने गये चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक (अन्य तीन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन, अंगद प्रताप)।
- ISS पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे।
- अंतरिक्ष यान - स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन।
- रॉकेट - फॉल्कन-9।
- Axiom-4 मिशन को Axiom Space, नासा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों द्वारा फ्लोरिया स्थित कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित किया जायेगा।

***गगनयान मिशन***

- *इसरो द्वारा लॉन्च किया जाएगा।*
- *इसमें दो मानव रहित उड़ानें और एक मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल है।*
- *यह पृथ्वी से 300-400 किमी की ऊँचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा में 5-7 दिनों तक चक्कर लगाएगा।*
- *लॉन्च वाहन: जीएसएलवी एमके III (एलवीएम-3)।*
- *प्रशिक्षण: इसरो और ग्लेवकोस्मोस (रूसी अंतरिक्ष एजेंसी)।*
- *प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन, अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष यात्री हैं।*

## EAST

- Experimental Advance Super Conducting Tokamak.
- चीन का कृत्रिम सूर्य (परमाणु संलयन रिएक्टर)।
- EAST ने 20 जनवरी को लगभग 1066 सेकेंड के लिए 100 मिलियन डिग्री सेल्सियस के तापमान पर प्लाज्मा प्रचालन को बनाये रखने का रिकार्ड बनाया है।

## ग्रोक (Grok) 3

- एलन मस्क की एआई कंपनी xAI द्वारा लॉन्च चैटबॉट।
- xAI द्वारा एक नया स्मार्ट सर्च इंजन डीपसर्च भी लॉन्च किया गया है।




## भूटान में स्टारलिंक

- स्पेसएक्स स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा भूटान में उपलब्ध।
- स्टारलिंक लो अर्थ ऑर्बिट में हजारों सैटेलाइट का एक समूह है जो कि उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा है।

## प्रोजेक्ट वाटरवर्थ

- मेटा ने दुनिया की सबसे लंबी अंडरसी केबल प्रणाली शुरू की है।
- 50000 किमी सबसी केबल पांच महाद्वीपों को जोड़ेगी, जिससे अमेरिका, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों के बीच संपर्क बढ़ेगा।
- गहराई 7000 मीटर।

## क्लब-एस मिसाइल सिस्टम

- भारत ने रूस के साथ क्लब-एस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह सिस्टम भारतीय नौसेना के पनडुब्बी बेड़े की परिचालन क्षमताओं में सुधार करेगा।
- क्लब-एस मिसाइल सिस्टम के बारे में-

| | |
|---|---|
| विकास | एनपीओ नोवेटर, रूस द्वारा विकसित। |
| शामिल | 1994 में रूसी रक्षा बलों में शामिल किया गया। |
| वॉरहेड पेलोड | 400 किग्रा |
| लक्ष्यीकरण क्षमताएँ | सतह के जहाज, पनडुब्बी और जमीनी लक्ष्य। |
| परास | 300 किलोमीटर तक |
| फायर कंट्रोल सिस्टम | यह सटीक निशाना लगाने और मिसाइल मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है। |
| वर्टिकल लॉन्चर यूनिट (VLU) | यह पनडुब्बियों से मिसाइलों को लॉन्च करता है। |
| इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के प्रति प्रतिरोध | यह दुश्मन की भारी गोलाबारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की स्थितियों में भी प्रभावी ढंग से काम करता है। |
| टर्मिनल चरण गति | यह टर्मिनल चरण में सुपरसोनिक गति प्राप्त करता है और इससे इसका अवरोधन बहुत मुश्किल हो जाता है। |
| क्रूजिंग ऊँचाई | यह ज्यादातर 10-15 मीटर की ऊंचाई पर उड़ता है जिससे दुश्मन की प्रतिक्रिया का समय कम हो जाता है |

## पेंडोरा मिशन

- नासा का मिशन जो 2025 में लॉन्च होगा।
- **उद्देश्य:** बाह्यग्रहों के वायुमंडल का अध्ययन करना।

## मेजराना जीरो मोड्स

- माइक्रोसॉफ्ट ने टॉपोलॉजिकल कोर आर्किटेक्चर द्वारा संचालित दुनिया की पहली क्वांटम चिप पेश की है, जिसका उद्देश्य क्वांटम कंप्यूटिंग में क्रांति लाना है।

## HKU5-CoV-2

- हाल ही में चीन में खोजा गया चमगादड़ कोरोनावायरस।
- यह SARS-CoV-2 से काफी मिलता-जुलता है, जो COVID-19 महामारी के पीछे का वायरस है।
- यह SARS-CoV-2 के समान ही मानव ACE2 रिसेप्टर्स से जुड़ सकता है, इस प्रकार इसमें जानवर से मानव में संक्रमण की क्षमता है।

## मत्स्य 6000

- भारत की पहली मानवयुक्त पनडुब्बी को डीप ओशन मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2026 तक लॉन्च किया जायेगा।
- समुद्रयान मिशन के तहत राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (NIOT) चेन्नई द्वारा विकसित।
- मत्स्य-6000 को समुद्र में 6000 मीटर की गहराई पर 12-16 घंटे तक काम करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- चालक दल की सुरक्षा के लिए 96 घंटे की आपातकालीन क्षमता।
- तीन चालक दल के सदस्यों के रहने के लिए 2.1 मीटर व्यास का टाइटेनिक मिश्र धातु का गोला (80 मिमी. मोटी)।




## अश्व (ASHVA)

- भारतीय नौसेना के तीसरे 25T बोलार्ड पुल टग अश्व का इंडक्शन किया गया।
- **निर्माण** - टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड, कोलकाता द्वारा।
- भारत सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल के अन्तर्गत स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित।
- **उपयोग** - जहाजों की बर्थिंग, अनबर्थिंग और युद्धाभ्यास के दौरान नौसेना के जहाजों तथा पनडुब्बियों को सहायता प्रदान करने के लिए।

## चंद्रयान-4

- प्रक्षेपण - वर्ष 2027 में
- उद्देश्य - चंद्रमा की सतह से नमूने एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाना।
- चंद्रयान-4 मिशन के अंतर्गत हेवीलिफ्ट LVM-3 रॉकेट से दो अलग-अलग प्रक्षेपण किये जाएँगे, जो मिशन के 5 घटकों को ले जायेंगे, जिन्हें कक्षा में इकट्ठा किया जाएगा।

## शिव शक्ति पॉइन्ट

- इसरो के चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट।
- इसरो के वैज्ञानिकों ने प्रज्ञान रोवर द्वारा इकट्ठे किये गये चट्टान के टुकड़ों के अध्ययन से शिव शक्ति पॉइन्ट की आयु 3.7 अरब वर्ष होने का अनुमान लगाया है।
- शिव शक्ति पॉइन्ट की आयु पृथ्वी पर आदिम माइक्रोबियल जीवन की उत्पत्ति के समय से मेल खाती है।

## EON-51

- रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 28 EON-51 प्रणालियों की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) के साथ 642 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं।
- EON-51 एक इलेक्ट्रो ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम है जो इलेक्ट्रो ऑप्टिकल और थर्मल इमेजर्स उपकरणों का उपयोग करके लक्ष्यों की खोज और वर्गीकरण करता है।

## स्वदेशी (RISC-V) कंट्रोलर फॉर स्पेस एप्लीकेशन (IRIS) चिप

- आईआईटी मद्रास और इसरो द्वारा अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए विकसित स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर।
- शक्ति माइक्रोप्रोसेसर परियोजना के अन्तर्गत विकसित तीसरी चिप।

### *शक्ति माइक्रो प्रोसेसर परियोजना*

- *आईआईटी मद्रास के प्रताप सुब्रमण्यम सेंटर फॉर डिजिटल इंटेलिजेंस एंड सिक्योर हार्डवेयर आर्किटेक्चर (PCDISHA) के प्रोफेसर वी. कमकोटी कर रहे हैं।*
- *इस परियोजना को भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल इंडिया RISC-V पहल के तहत समर्थन प्राप्त है।*
- *इसका उद्देश्य स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर आधारित उत्पादों का विकास करना है जो बेहतरीन सुरक्षा और पारदर्शिता प्रदान कर सके।*

## ठोस रॉकेट मोटर्स के लिए विश्व का सबसे बड़ा 10 टन प्रणोदक मिक्सर

- सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र SHAR, श्रीहरिकोटा तथा सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (CMTI), बैंगलोर द्वारा विकसित।
- वर्टिकल मिक्सर।
- वजन लगभग 150 टन।
- **विशेषताएँ** -
  - एकल बैच में प्रणोदक अवयवों का उच्च क्षमता मिश्रण।
  - अत्यधिक खतरनाक सामग्रियों से निपटने के लिए सुरक्षा और विश्वसनीयता

## सृजनम

- भारत का पहला स्वदेशी स्वचालित बायोमेडिकल अपशिष्ट उपचार संयंत्र।
- नई दिल्ली में शुभारंभ।
- CSIR-NIIST (राष्ट्रीय अंत:विषय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान) द्वारा विकसित।
- 400 किलोग्राम की दैनिक क्षमता।
- 'सृजनम' रिग महंगे और ऊर्जा गहन भस्मक के उपयोग के बिना बायोमेडिकल अपशिष्ट को कीटाणुरहित कर सकता है।

## GARBH-INi Drishti

- 12000 से अधिक गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और प्रसवोत्तर माताओं से एकत्रित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य डेटा को संग्रहित और साझा करने वाला डिजिटल प्लेटफार्म।
- ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट फरीदाबाद, हरियाणा में शुभारंभ।
- भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग का डेटा रिपॉजिटरी और सूचना साझाकरण हब।

- दक्षिण एशिया के सबसे बड़े मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य डेटाबेस में से एक।

### भारत की पहली फेरेट रिसर्च फैसिलिटी

- ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट फरीदाबाद, हरियाणा में स्थापित।
- वैक्सीन विकास, चिकित्सीय परीक्षण और उभरते संक्रामक रोगों के अनुसंधान के लिए स्थापित।

### पेरोव्स्काइट LED

- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्वायत संस्थान नैनो और सॉफ्ट मैटर विज्ञान केन्द्र, बेंगलुरू के शोधकर्त्ताओं ने पेरोव्स्काइट LED के जरिए अगली पीढ़ी की प्रकाश तकनीक में सुधार के लिए एक नई विधि विकसित की है।
- पेरोव्स्काइट LED में ऑर्गेनिक LED तथा क्वांटम डॉट LED दोनों के गुण पाए जाते हैं।
- यह ऊष्मा और नमी के प्रति उनकी संवेदनशीलता तथा रंग अस्थिरता को कम करता है।

### आईआईटी गुवाहटी द्वारा स्वयं सफाई करने वाले फ्लेक्सिबल हीटिंग फैब्रिक का विकास

- यह फैब्रिक लंबे समय तक बहुत कम तापमान में रहने से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को कम करता है जिसमें होमोकंसन्ट्रेशन आधारित धमनी रक्त का थक्का जमना, सांस लेने की समस्या और कमजोर प्रतिरक्षा शामिल है।

### दुर्लभ 'बॉम्बे रक्त समूह के मरीज का भारत में पहला किडनी ट्रांसप्लांट

- मुंबई के जसलोक अस्पताल में।

***बॉम्बे रक्त समूह***

- *खोज - वर्ष 1952 में मुम्बई में वाईएम भेंडे द्वारा।*
- *मुंबई में सबसे पहले पहचाना गया बॉम्बे रक्त समूह असाधारण रूप से दुर्लभ है, जो लगभग 10,000 भारतीयों में से एक तथा वैश्विक स्तर पर दस लाख लोगों में से केवल एक में पाया जाता है।*
- *बॉम्बे रक्त समूह में एच एंटीजन की कमी होती है जिससे ये ओ-नेगेटिव सहित सभी मानक रक्त प्रकारों के साथ असंगत हो जाते हैं।*

### Michibiki सैटेलाइट

- जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) का नेविगेशन सैटेलाइट।
- H3 रॉकेट से जापान के तानेगाशिमा अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित।
- जापान की क्षेत्रीय नेविगेशन प्रणाली क्वासी जेनिथ सैटेलाइट सिस्टम (QZSS) का पांचवाँ उपग्रह है।

### SARAT सर्च एंड रेस्क्यू ऐड टूल 2.O

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा हिंद महासागर में खोज और बचाव दक्षता बढ़ाने के लिए लॉन्च किया गया।
- उद्देश्य: यह उपग्रह आधारित संकट चेतावनी प्रणाली है जो समुद्र में दूरदराज या उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में जहाजों, विमानों और व्यक्तियों की सहायता करता है।

### सूडान वायरस

- युगांडा सरकार और WHO ने सूडान वायरस रोग के प्रकोप की पुष्टि की है।
- यह वायरल एक रक्तस्रावी बुखार रोग है, जो इबोला वायरस रोग के परिवार से संबंधित है।

### ओंगोल नस्ल

- ओंगोल नस्ल की एक गाय (जिसका नाम वियाटिना-19 है) ने नीलामी में 41 करोड़ रुपये प्राप्त करके ब्राजील में रिकॉर्ड बनाया है।
- इसे नेल्लोर नस्ल भी कहा जाता है, यह आंध्र प्रदेश से संबंधित है।

### एक ऐसे विश्व की कल्पना जहाँ विज्ञान में अधिक महिलाएँ हों

- यूनेस्को द्वारा शुरू किया गया।
- हैशटैग #EveryVoiceInScience के साथ विज्ञान में महिलाओं की संख्या में वृद्धि के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण

- चीन के शेनझोउ-19 चालक दल ने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण प्रौद्योगिकी का पहला इन-ऑर्बिट प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया।

- इस प्रकार अंतरिक्ष में ऑक्सीजन और रॉकेट ईंधन अवयवों का उत्पादन संभव हो सका।

### डीपसीक

- चीनी एआई स्टार्टअप डीपसीक ने जनरेटिव एआई मॉडल (जिसे डीपसीक के नाम से जाना जाता है) लॉन्च किया है जो ओपनएआई, गूगल और मेटा जैसे वैश्विक एआई को टक्कर देता है और साथ ही काफी कम लागत पर प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन भी प्रदान करता है।

***अन्य एआई मॉडल से कैसे अलग***

- *यह लाइसेंसिंग फीस के बिना लागत प्रभावी एआई अपनाने की अनुमति देता है।*
- *परीक्षण और त्रुटि सीखने के माध्यम से तर्क को बढ़ाता है।*

❖❖❖



# 06 खेल

## 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड

- **दिनांक** – 28 जनवरी से 14 फरवरी, 2025
- **आयोजन** – उत्तराखंड
- **उद्घाटन** – देहरादून, उत्तराखंड में राजीव गाँधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन से तेजस्विनी नामक राष्ट्रीय खेल मशाल प्राप्त की।
- **शुभंकर** – मौली (उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश का राज्य पक्षी)
- **समापन समारोह** – केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में समापन समारोह को संबोधित किया।
- **शीर्ष प्रदर्शनकर्ता:**

| रैंक | टीम | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैन्य खेलकूद नियंत्रण बोर्ड | 68 | 26 | 27 | 121 |
| 2. | महाराष्ट्र | 54 | 71 | 76 | 201 |
| 3. | हरियाणा | 48 | 47 | 58 | 153 |
| 15. | राजस्थान | 9 | 11 | 23 | 43 |

- सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों की **राजा भलिंद्र सिंह ट्रॉफी** जीती।
- **39वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन मेघालय में किया जाएगा।**

## 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

- **विभाग** – युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत भारतीय पैरालंपिक समिति
- **स्थान** – चेन्नई (तमिलनाडु)
- **तिथि** – 17 से 20 फरवरी (**शुभंकर** – गजवीरन)
- **परिणाम** –
  1. हरियाणा – 49 स्वर्ण, 32 रजत, 25 कांस्य
  2. तमिलनाडु – 17 स्वर्ण, 18 रजत, 12 कांस्य
  3. उत्तर प्रदेश – 14 स्वर्ण, 17 रजत, 11 कांस्य
  4. राजस्थान – 13 स्वर्ण, 22 रजत, 26 कांस्य
- **देवेंद्र झाझड़िया** – भारतीय पैरालंपिक समिति के वर्तमान अध्यक्ष।

## 9वें एशियाई शीतकालीन खेल 2025

- चीन के हार्बिन में 7 से 14 फरवरी तक आयोजित किए गए।
- 88 सदस्यीय भारतीय दल की भागीदारी, जिसमें 59 एथलीट और 29 टीम अधिकारी शामिल हैं।
- चीन ने सबसे अधिक पदक जीते (32 स्वर्ण, 27 रजत, 26 कांस्य




## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025

| एकल वर्ग | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| पुरुष | जैनिक सिनर (इटली) | एलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी) |
| महिला | मैडिसन कीज़ (अमेरिका) | आर्यन सबालेंका (बेलारूस) |

## विश्व पिकलबॉल लीग 2025

- भारत ने 24 जनवरी से 2 फरवरी तक मुंबई में विश्व पिकलबॉल के पहले संस्करण की मेजबानी की।
- मैच मुंबई के ब्रेबॉर्न क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया गया।
- बेंगलुरु जवान पुणे यूनाइटेड पर 3-1 की जीत हासिल करते हुए उद्घाटन मैच चैंपियन के रूप में उभरे।

## 3rd महिला प्रीमियर लीग 2025

- 14 फरवरी से 15 मार्च 2025
- **उद्घाटन मैच:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) बनाम गुजरात जायंट्स, वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में।
- **फाइनल** – ब्रेबॉर्न स्टेडियम (मुम्बई)

## 18वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)

- **दिनांक:** 22 मार्च, 2024 – 25 मई, 2024
- **उद्घाटन मैच**– कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ईडन गार्डन्स, कोलकाता में।
- **फाइनल:** ईडन गार्डन्स, कोलकाता।

## पंकज आडवाणी

- दोहा में एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

## Ist ओलंपिक ईस्पोर्ट्स खेल

- भारतीय ओलंपिक कमेटी (IoC) ने घोषणा की कि पहला ओलंपिक ईस्पोर्ट्स खेल 2027 में रियाद, सऊदी अरब में आयोजित किया जाएगा।

## बीसीसीआई पुरस्कार 2025

- कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार – पुरुष: सचिन तेंदुलकर
- पॉली उमरीगर पुरस्कार – सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर – पुरुष: जसप्रित बुमराह
- सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर – महिला: स्मृति मंधाना
- सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू – पुरुष: सरफराज खान
- सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू – महिला: आशा शोभना
- बीसीसीआई विशेष पुरस्कार – रविचंद्रन अश्विन
- वनडे में सर्वाधिक रन – महिला – स्मृति मंधाना
- वनडे में सर्वाधिक विकेट – महिला – दीप्ति शर्मा
- घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ अंपायर – अक्षय तोत्रे
- एम.ए. चिदम्बरम ट्रॉफी – काव्या तेवतिया
- जगमोहन डालमिया ट्रॉफी – प्रिया मिश्रा
- माधवराव सिंधिया पुरस्कार – तनय त्यागराजन




## कार्तिक सिंह

- राष्ट्रीय गोल्फ खिलाड़ी कार्तिक सिंह भारत में आयोजित सबसे मजबूत पेशेवर पुरुष गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक इंटरनेशनल सीरीज इंडिया में कट बनाने वाले उपमहाद्वीप के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

## मोहन बागान सुपर जायंट्स ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का खिताब जीता

- मोहन बागान सुपर जायंट्स ने ओडिशा एफसी को 1-0 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का खिताब जीता।
- **स्टेडियम** – विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन, कोलकाता।

## जैकब किप्लिमो का हॉफ मैराथन में विश्व रिकॉर्ड

- युगांडा के जैकब किप्लिमो ने बार्सिलोना में **56 मिनट और 42 सेकंड** के समय के साथ हाफ मैराथन विश्व रिकॉर्ड तोड़ा (इथोपिया के योमिफ केज़ल्चा का) और सबसे तेज धावक बने।

## अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप

- **आयोजन स्थल:** मलेशिया
- **फाइनल:** भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया।
- गोंगडी त्रिशा: प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट।

## प्रग्गनानंदा आर

- डी. गुकेश को हराकर टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स के चैंपियन बने।

## भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज

- पांच मैचों की टी-20 सीरीज में इंग्लैंड को 4-1 से हराया।

- अभिषेक को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- वरुण चक्रवर्ती को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार प्रदान किया गया।

## जोनाथन गेविन

- देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में सबसे कम उम्र के शूटिंग चैंपियन बने।

## सिमोना हालेप

- पूर्व विश्व नंबर एक और दो बार ग्रैंड स्लैम विजेता ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की
- वह रोमानिया से है।

## राशिद खान

- अफगानिस्तान के राशिद खान टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।
- उन्होंने वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो के 631 विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## रितिका सिंह

- जम्मू और कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित राष्ट्रीय शीतकालीन आइस स्टोक्स चैम्पियनशिप में 4 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य) जीते।
- वह देश की पहली ट्रांसजेंडर खिलाड़ी हैं



## सुपर बाउल

- **आयोजन:** सीजर्स सुपरडोम, न्यू ऑरलियन्स, लुइसियाना।
- फिलाडेल्फिया ईगल्स ने फाइनल में कैनसस सिटी चीफ्स को हराया।
- सुपर बाउल नेशनल फुटबॉल लीग का वार्षिक चैंपियनशिप खेल है।

## 23वें राष्ट्रमंडल खेल

- ग्लासगो, स्कॉटलैंड में 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक आयोजित किए जाएँगे

## अंतर्राष्ट्रीय पोलो मैच

- भारत ने जयपुर के रामबाग पोलो ग्राउंड में दक्षिण अफ्रीका को हराया।

## रवींद्र जडेजा

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले 5वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।
- अनिल कुंबले (953) के बाद रवि अश्विन (765), हरभजन सिंह (707) और कपिल देव (687) सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं।

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स-2025

- **विभाग** – युवा मामले और खेल मंत्रालय।
- **स्थान** – लेह (लद्दाख)
- **आयोजन** – 23 से 27 जनवरी
- **शुभंकर** – 'द स्नो लेपर्ड'
- **परिणाम** –
  1. लद्दाख 7 पदक (4 स्वर्ण)
  2. तमिलनाडु 5 पदक (3 स्वर्ण)
  3. महाराष्ट्र 10 पदक (2 स्वर्ण

## अगले ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक के लिए आयोजन स्थल

| शीतकालीन | | ग्रीष्मकालीन | |
|---|---|---|---|
| स्थान | आरम्भ तिथि | स्थान | आरम्भ तिथि |
| इटली (मिलान) | 6 फरवरी 2026 | लॉस एंजिल्स (संयुक्त राज्य अमेरिका) | 14 जुलाई 2028 |
| फ्रेंच आल्प्स (फ्रांस) | 8 फरवरी 2030 | ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया) | 23 जुलाई 2032 |
| साल्ट लेक सिटी (संयुक्त राज्य अमेरिका | 10 फरवरी 2034 | | |

## भारतीय नौसेना हाफ मैराथन

- केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में उद्घाटन समारोह को हरी झंडी दिखाई।
- भारतीय नौसेना हाफ मैराथन विजेताओं के नाम –

| श्रेणी 21.1 किमी | नाम |
|---|---|
| पुरुष | कुलबीर सिंह |
| महिला | वृंदा भंडारी |
| श्रेणी 10 किमी | नाम |
| पुरुष | प्रकाश देशमुख |
| महिला | कविता |
| श्रेणी 5 किमी | नाम |
| पुरुष | गौरव कसाना |
| महिला | अंजलि |

## अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ

- देश में खेल के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए आवश्यक संविधान में संशोधन करने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को निलंबित कर दिया गया।
- 2017 के बाद से यह पाकिस्तान का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ के द्वारा तीसरा निलंबन है।

## 4th दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

- 3-5 मई 2025 तक बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, रांची (झारखंड) में आयोजित किया जाएगा।
- इस चैंपियनशिप में भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव के एथलीट भाग लेंगे।

## 34वां आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस

- **आयोजन** – शेन्जेन, चीन

## मोहम्मद शमी

- 200 वनडे विकेट तक पहुँचने वाले सबसे तेज पहले भारतीय गेंदबाज और विश्व के दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए।

## रोहित शर्मा

- 261 पारियों में 11000 वनडे रन पूरे किए, विराट कोहली (222 पारियों में) के बाद इस मुकाम तक पहुँचने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बन गए।

## मीरा एंड्रीवा



- रूसी टेनिस खिलाड़ी WTA 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुँचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं।

## एंड्री रुबलेव

- रूसी टेनिस खिलाड़ी एंड्री रुबलेव ने दोहा (कतर) में आयोजित एटीपी कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट - 2025 का खिताब जीता।
- एंड्री रुबलेव ने फाइनल में ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को हराया।

## रमेश शानमुगम

- उन्होंने पैरा-एथलेटिक्स नेशनल्स में 3 स्वर्ण पदक जीते और 1500 मीटर टी54 और 800 मीटर टी54 स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

## बेलिंडा बेनसिक

- स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक ने अमेरिका की एश्लिन क्रुगर को हराकर डब्ल्यूटीए अबू धाबी ओपन - 2025 जीता।

## जिया राय

- जिया राय (16) पैरा तैराक, ने वर्ल्ड ओपन वाटर स्विमिंग एसोसिएशन (WOWSA) पुरस्कार - 2024 जीता।
- WOWSA पुरस्कार ओपन-वाटर तैराकी के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान हैं



**सविता पुनिया**

- भारतीय महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम की गोलकीपर ने 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच पूरा किया।
- वह वंदना कटारिया के बाद 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दूसरी भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी बन गईं।

**मिकेला शिफरीन**

- 48वीं एफआईएस अल्पाइन विश्व स्की चैंपियनशिप 4 से 16 फरवरी 2025 तक ऑस्ट्रिया के साल्बाच-हिंटरग्लेम में आयोजित की गई।
- अमेरिकी स्कीयर मिकेला शिफरीन अल्पाइन स्कीइंग में 100 विश्व कप रेस जीतने वाली पहली एथलीट बन गईं

## महत्वपूर्ण तथ्य

- विश्व राजा कुमार ने फरवरी 2025 में आयोजित ग्लोबल मेमोरी चैंपियंसशिप जीती।
- इंडोनेशिया ने चीन को हराकर पहली बार एशिया मिक्स्ड टीम बैडमिंटन चैंपियंसशिप 2025 का खिताब जीता।
- किरियन जैक्वेट ने दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर्स टेनिस टूर्नामेंट-2025 का खिताब जीता।

❖❖❖



# 07 महत्वपूर्ण दिवस

| दिनांक | दिन | थीम |
|---|---|---|
| 30 जनवरी | विश्व उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग दिवस–2025 | • 'एकजुट हो, कार्य करे और एनटीडी को समाप्त करें'। |
| 1 फरवरी | भारतीय तटरक्षक दिवस | • भारतीय तटरक्षक: नवाचार, सुरक्षा और वीरता के साथ सेवा करना। |
| 2 फरवरी | विश्व आर्द्रभूमि दिवस | • हमारे साझे भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों की रक्षा करना।<br>• भारत में कुल आर्द्रभूमियाँ : 89<br>• भारत में 4 नई आर्द्रभूमियों को रामसर साइट के रूप में नामित किया गया है:<br>a) थर्थंगल पक्षी अभयारण्य – तमिलनाडु<br>b) सक्कराकोट्टई पक्षी अभयारण्य – तमिलनाडु<br>c) खेचेकोपालरी वेटलैंड – सिक्किम<br>d) उधवा झील – झारखंड |
| 4 फरवरी | विश्व कैंसर दिवस | • यूनाईटेड बॉय यूनिक |
| 9 फरवरी | बाबा आमटे की पुण्यतिथि | उनके द्वारा किये गये कार्य:<br>• स्थापना महाराष्ट्र में 'आनंदवन' आश्रम।<br>• भारत जोड़ो आंदोलन<br>• नर्मदा बचाओ आंदोलन<br>• जामडोली, जयपुर में बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा गया। |
| 10 फरवरी | विश्व दलहन दिवस | • दालें: कृषि खाद्य प्रणालियों में विविधता लाना। |
| | राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस | • एस.टी.एच. को समाप्त करें: बच्चों के स्वस्थ भविष्य में निवेश करें। |
| 12 फरवरी | स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती | • आर्य समाज के संस्थापक<br>• ''वेदों की ओर लौटो'' का नारा दिया। |
| | राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस | • विचार से प्रभाव तक: प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप्स के लिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा। |
| | हिंसक उग्रवाद की रोकथाम के लिए अंतराष्ट्रीय दिवस | • ''आतंकवाद के लिए अनुकूल हिंसक उग्रवाद से जुड़े खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना''। |
| 13 फरवरी | विश्व रेडियो दिवस | • रेडियो और जलवायु परिवर्तन |
| | सरोजिनी नायडू जयंती | • उन्हें ''भारत की कोकिला'' के रूप में जाना जाता था।<br>• उनकी जयंती को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| 19 फरवरी | राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का 22वां स्थापना दिवस | • वर्तमान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य।<br>• भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338-A में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से जुड़े प्रावधान है।<br>• इस आयोग का गठन संविधान के (89वां संशोधन) अधिनियम, 2003 के जरिए किया गया था। |
| 20 फरवरी | विश्व सामाजिक न्याय दिवस | • समावेशन को सशक्त बनाना: सामाजिक न्याय की खाई को पाटना। |
| | मिजोरम स्थापना दिवस | • मिजोरम को (20 फरवरी 1987) में केन्द्र शासित प्रदेश से पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। |
| | अरूणाचल प्रदेश स्थापना दिवस | • अरूणाचल प्रदेश को (20 फरवरी 1987) में केन्द्र शासित प्रदेश से पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। |
| 21 फरवरी | अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस | • अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह।<br>• भारत के संविधान का अनुच्छेद 350ए भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा के उपयोग का प्रावधान करता है। |
| 22 फरवरी | विश्व स्काउट दिवस | • हमारी कहानी: जो स्काउट आंदोलन के प्रतीकवाद और सिद्धांतों पर चिंतन करने पर केंद्रित है। |
| 28 फरवरी | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | • विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना।<br>• भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 1928 में सर सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के सम्मान में मनाया जाता है। |

# टॉपर्स टॉक




## चन्द्रप्रकाश चौहान

| | | |
|---|---|---|
| पिता | – | श्री गोपाल कृष्ण चौहान |
| माता | – | श्रीमती गायत्री देवी चौहान |
| स्नातक | – | B.Tech (Mechanical) RTU, Kota |
| 12th | – | अपना विद्यालय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, जोधपुर। (82.92%) |
| 10th | – | नवीन आदर्श विद्या मंदिर, जोधपुर (80%) |

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**चंद्रप्रकाश :** धन्यवाद!

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**चंद्रप्रकाश :** मैं जोधपुर जिले का रहने वाला हूँ। पिताजी जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में सरकारी सेवा में तथा माताजी सरकारी शिक्षिका है। पारिवारिक माहौल शैक्षणिक था। संपूर्ण शिक्षा जोधपुर जिलें में ही हुई। स्नातक मेकेनिकल इंजीनियरींग में की। प्रत्यक्ष रूप से तो नहीं पर मेरे स्नातक के विषयों ने अप्रत्यक्ष रूप से मुझे अनुशासित बनाया।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**चंद्रप्रकाश :** मैने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी 2018 में शुरु की। मैने 2018 व 2021 की आर.ए.एस. परीक्षा दी। मेरा मानना है कि आरएएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी के लिए लगभग 1.5 वर्ष पर्याप्त है।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**चंद्रप्रकाश :** प्रारंभ में मेरा रुझान आर्मी की तरफ था, परंतु बाद में आर.ए.एस. के पदों की सामाजिक सरोकार व विविध आयामों से जुड़ाव के कारण इस परीक्षा को लक्षित किया। सिविल सेवा की तैयारी के लिए माता-पिता व बड़े भाई ने प्रोत्साहन किया।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?**

**चंद्रप्रकाश :** स्वाध्याय एक अभ्यार्थी के चयन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है। अभ्यर्थी को अनुशासित रहने व समय प्रबंधन रखने के लिए कोचिंग एक अच्छी सहायक सिद्ध होती है। कोचिंग में अच्छा गाइडेंस व अच्छा मित्रों का साथ एक प्लस पॉइंट साबित होता है।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए ? क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**चंद्रप्रकाश :** आर.ए.एस परीक्षा की तैयारी मैने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के फाउंडेशन कोर्स से की। चयन में स्प्रिंगबोर्ड बोर्ड एकेडमी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संस्थान का वातावरण ऑपन मांइड व हेल्पफुल रहा।

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**चंद्रप्रकाश :** आर.ए.एस. में मेरा भाषायी माध्यम हिंदी रहा। मेरा मानना है कि सिविल सर्विसेज में चयनित होने के लिए भाषा बाधक नहीं बनती है।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**चंद्रप्रकाश :** मुख्य परीक्षा के अंक अभ्यर्थी के अंतिम चयन

में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इस परीक्षा में अच्छे अंको के लिए निरंतर अभ्यास अति आवश्यक है। अभ्यास एवं पुरानी टॉपर्स कॉपीयां देखकर व कमियाँ दूरकर अच्छे अंक लाए जा सकते है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**चंद्रप्रकाश :** तैयारी के दौरान मैने स्प्रिंगबोर्ड के नोट्स, राजस्थान अध्ययन की बुक्स व कुछ अन्य सामग्रीयों का उपयोग किया।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**चंद्रप्रकाश :** आर.ए.एस परीक्षा की तैयारी में शॉट नोट्स, अभ्यर्थी द्वारा स्वयं ही अपने अनुसार तैयार करने चाहिए, जो कि समय प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

**प्रश्न : मॉक इंटरव्यू की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**चंद्रप्रकाश :** आर.पी.एस.सी. में इंटरव्यू का अनुभव बहुत ज्ञानवर्धक व शानदार रहा। मॉक इंटरव्यू के कारण मेरा परफोर्मेंस, इंटरव्यू में अच्छा रहा।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**चंद्रप्रकाश :** आर.ए.एस. जैसी परीक्षा जो कि ज्ञान के साथ संयम की भी परीक्षा है, में चयन के लिए शिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है। स्प्रिंगबोर्ड के शिक्षकों (दिलीप सर, नरेन्द्र सर आदि) का मार्गदर्शन सही समय पर प्राप्त हुआ।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**चंद्रप्रकाश :** तैयारी के दौरान मित्रों की भूमिका को नजर अंदाज नहीं कर सकते। वे मित्र जो कि परीक्षा की तैयारी साथ में करते थे व अन्य बचपन के मित्रों का भी भरपूर सहयोग मिला।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान सबसे मुश्किल समय कौनसा था?**

**चंद्रप्रकाश :** लगभग सारी तैयारी घर पर की, परन्तु दोनों परिस्थितियों में समय प्रबंधन चुनौती रहता है।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा की लम्बी अवधि के कारण सतत् रूप से तैयारी करने के लिए खुद को कैसे मोटिवेट रखा?**

**चंद्रप्रकाश :** तैयारी के दौरान शुरुआती समय व आर.एस.एस. मुख्य परीक्षा तथा इंटरव्यू के मध्य का समय चुनौतिपूर्ण रहा। तैयारी के दौरान लंबी अवधि तक मोटिवेट रहने का मुख्य कारण प्रथम प्रयास में असफलता तथा बाद में टॉपर्स तथा सीनियर्स की सलाह व मार्गदर्शन रहा।

**प्रश्न : प्लान-बी के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**चंद्रप्रकाश :** प्लान-बी, आर.ए.एस. जैसी परीक्षा में जरुरी हो जाता है। अभ्यर्थी को अपने बैकग्राउंड व रुचि अनुसार प्लान-बी तैयार रखना चाहिए। हालांकि मेरा प्लान-बी तैयार नहीं था।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा में चयन के पश्चात् आपके जीवन में क्या बदलाव आया ?**

**चंद्रप्रकाश :** आर.ए.एस. परीक्षा में चयन मेरी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट रहा। चयन के बाद सामाजिक स्वीकार्यता बढ़ जाती है तथा व्यतस्ता भी बढ़ जाती है। ऑवरऑल ये एक सुखद अनुभव है।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**चंद्रप्रकाश :** एक अधिकारी के रूप में शुरुआती दौर में निम्न वर्ग/निचले स्तर पर जनता को लाभ पहुंचाने का कार्य करना चाहूंगा।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिक पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**चंद्रप्रकाश :** आर.ए.एस. परीक्षा के दौरान मासिक पत्रिका अभ्यर्थी के समसामयिक घटनाओं तथा सभी विषयों के साथ जुड़ाव को समझने में मदद करती है। मुख्य परीक्षा में मेरे अनुभव में विषयों का समसामयिक घटनाओं से जुड़ाव कर अध्ययन करना लाभप्रद रहता है।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**चंद्रप्रकाश :** सभी सामान्य अभ्यर्थियों की तरह कड़ी मेहनत तथा दृढ़ता ही मेरी सफलता का मूलमंत्र है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**चंद्रप्रकाश :** तैयारी के दौरान सही समय पर अपनी स्टडी को लक्ष्य बनाकर समय प्रबंधन किया।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं!**

**चंद्रप्रकाश :** धन्यवाद!